आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 16°C |

इनसाइड न्यूज
अगर ममता न होतीं... तो एक मां-बेटी की जिंदगी बुझ जाती...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# जन एक्सप्रेस

सोमवार 25 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 308
www.janexpresslive.com/epaper



लाडकी बहिन योजना के अवैध दावेदारों... 12

# यूरोपीय देशों ने अमेरिका के लिए डाकसेवा रोकी

## भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने सर्विस सस्पेंड की, ट्रम्प का टैरिफ वजह बना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/वाशिंगटन

भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। इनमें भारत, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ नियम हैं। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं।



### टैरिफ बदलाव का कारण और प्रभाव

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कदम देश के आर्थिक हितों और घरेलू उत्पादकों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है. नए आदेश को इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट के तहत लागू किया गया है, जिसके तहत सरकार को आपातकालीन आर्थिक निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है. इस निर्णय के कारण अब अमेरिका में डाक के जरिए भेजे गए हर प्रकार के सामान पर मूल्य के आधार पर सीमा शुल्क लगेगा, चाहे वह कितनी भी कम कीमत का क्यों न हो. पहले, 800 डॉलर तक के पार्सल पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगता था, जिससे दुनिया भर से छोटे व्यापारियों को अमेरिका में अपने ग्राहक तक सामान भेजना आसान था. अब यह प्रक्रिया महंगी और जटिल हो जाएगी।

### कौन-कौन से देशों ने रोक दी डाक सेवा?

**29 अगस्त की डेडलाइन के करीब आते हुए कई प्रमुख देशों ने अमेरिकी डाक सेवा के लिए अपनी पार्सल सेवाएं बंद या सीमित कर दी हैं**

- **जर्मनी:** डच पोस्ट और डीएचएल पार्सल ने सभी व्यवसायिक ग्राहकों के पार्सल भेजना रोक दिया है, हालांकि डीएचएल की एक्सप्रेस सेवाएं जारी हैं।
- **फ्रांस:** ला पोस्ट ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं निकला तो पूर्ण निलंबन कर दिया जाएगा।
- **ब्रिटेन:** रॉयल मेल ने अस्थायी विराम के बाद नई व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है।
- **बेल्जियम:** बीपोस्ट ने केवल पत्र और 100 डॉलर से कम कीमत वाली वस्तुएं भेजने की अनुमति दी है।
- **स्पेन:** कोरियोस ने 800 डॉलर से कम कीमत वाले पार्सल स्वीकार करना बंद कर दिया है।
- **भारत:** भारतीय डाक ने भी सोमवार से माल की डाक सेवा निलंबित कर दी है, लेकिन 100 डॉलर से कम कीमत के पत्र और उपहार भेजे जा सकते हैं।
- पोस्टयूरोप, जो 53 यूरोपीय डाक सेवाओं का प्रतिनिधित्व करता है, ने भी मार्गदर्शन की कमी को लेकर चिंता जताई है और कई सदस्य देश डाक सेवा रोकने पर मजबूर हैं।

### भारत से 25 अगस्त के बाद सेवा पर रोक लग जाएगी

भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर देगा। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी थी। वहीं जर्मनी की डॉयचे पोस्ट ने कहा कि है निजी और व्यवसायी ग्राहकों के लिए पार्सल भेजने पर अस्थायी रोक लगाई गई है। इटली के पोस्ट ने 23 अगस्त से इस सेवा पर रोक लगा दी है। हालांकि यहां से सामान्य पत्र भेजे जा सकते हैं। दूसरी तरफ ब्रिटेन की रॉयल मेल सर्विस ने अमेरिका भेजे जाने वाले सभी पैकेज रोक दिए हैं। इसके अलावा 100 डॉलर से अधिक कीमत के सामान पर 10 प्रतिशत शुल्क भी लगेगा। फ्रांस और नीदरलैंड ने भी टैरिफ वसूली की व्यवस्था साफ नहीं होने के चलते इस रोक दिया है।

### यूरोप के कई देशों ने भी सेवाएं रोकीं

अमेरिका के इस निर्णय का असर सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है. ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रिया जैसे कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं या तो पूरी तरह से रोक दी हैं या फिर उनमें भारी कटौती की है. ब्रिटेन की रॉयल मेल ने अमेरिका के लिए सभी प्रकार के पैकेज भेजने पर अस्थायी रोक लगा दी है. इसके अलावा, 100 डॉलर से अधिक मूल्य वाले सामान पर अब 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया जा रहा है. जर्मनी की डॉयचे पोस्ट ने कहा है कि निजी और व्यावसायिक दोनों तरह के ग्राहकों के लिए अमेरिका को भेजे जाने वाले पार्सल की सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं. फ्रांस और नीदरलैंड्स के डाक विभागों ने भी टैरिफ वसूली की स्पष्ट प्रक्रिया नहीं होने के चलते अमेरिका को डाक सेवाएं बंद कर दी हैं. इटली के डाक विभाग ने 23 अगस्त से अमेरिका जाने वाले पार्सल्स पर रोक लगा दी है, हालांकि सामान्य पत्राचार की अनुमति अभी दी जा रही है।

### डाक सेवाओं की परेशानी के कारण

डाक एजेंसियों की मुख्य शिकायत अमेरिका की सीमा शुल्क एजेंसी से स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं मिलने की है। 15 अगस्त को तकनीकी जानकारियां साझा की गईं, लेकिन डाक सेवाओं के पास नई व्यवस्था को अपनाने के लिए बहुत कम समय बचा। इसका असर सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता पर पड़ा है। इस बदलाव से वैश्विक डाक सेवा नेटवर्क में अस्थिरता आई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार और उपभोक्ता सेवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। देशों के बीच समन्वय और स्पष्ट नियमों के अभाव में समस्या और बढ़ने की संभावना बनी हुई है। अब देखना होगा कि अमेरिकी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं इस चुनौती का समाधान कैसे निकालती हैं।

# यूपी में धर्मांतरण की साजिश

## गांव के लोगों को हिंदू से बनाया जा रहा था ईसाई, बिक्की पास्टर गेम का मास्टरमाइंड





जन एक्सप्रेस। इस्लामनगर

एक घर में ही चर्च बनाकर लोगों का ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा था। रविवार को शिकायत पर पुलिस ने छापा मारा तो इसका खुलासा हुआ। जांच में पाया गया कि पैसों का लालच देकर लोगों को बरगलाया जा रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर चार लोगों हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई करने की बात पुलिस कह रही है।

### 30 लोगों को कर लिया था राजी

यूपी के बदायूं स्थित इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव कुंदावली निवासी अंजू के घर पर कासगंज व बिसौली के कुछ लोग ईसाई धर्म को मानने वाले रविवार को आ गए। उन्होंने गांव के करीब 30 लोगों को एकत्र किया और ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को राजी कर लिया। भनक लगते ही ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके से चार लोगों को हिरासत में लिया है। चारों से थाने पर पूछताछ की जा रही है।

> गांव से सूचना मिली कि कुछ लोग ईसाई धर्म को मानने वाले एक घर में प्रार्थना सभा का आयोजन कर रहे हैं। धर्म परिवर्तन की संभावना है। इसी शिकायत पर पुलिस गांव पहुंची तो प्रार्थना होती पाई गई है। अधिकांश लोग पुलिस को देखकर भाग गए, लेकिन चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। उनसे जानकारी की जा रही है। शिकायत कर्ता ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> -नरेश कुमार सिंह
> इंस्पेक्टर इस्लामनगर

### पुलिस को देख भागे लोग

अंजू ने बताया कि उसके घर पर प्रार्थना सभा चल रही थी। इसमें बड़ों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे शामिल थे। गांव के किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस को देखकर प्रार्थना सभा में मौजूद लोग भाग निकले। इंस्पेक्टर नरेश पाल सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस चार लोगों को थाने लेकर आई है। पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम ह्देश व उसकी पत्नी नीतू बताया। दोनों ही कासगंज के रहने वाले हैं। इसी के साथ ही बॉबी ने बताया कि वह बिसौली का रहने वाला है।

### पानी से भरी कुंड़ी में खड़ा करके लोगों का कराया जा रहा था धर्म परिवर्तन

ह्देश पास्टर ने प्रार्थना सभा से पहले पहले करीब 20 लोगों का धर्म परिवर्तन कराया। गांव के भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराने का काम किया जा रहा है। गांव के लोगों ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से भी इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक की है। पानी भरी कुंडी में खड़ा करके शपथ दिलाई जा रही है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### पहले कादरचौक क्षेत्र में सामने आया था मामला

कुछ महीने पहले कादरचौक क्षेत्र के एक गांव में भी इसी तरह से प्रार्थना सभा करते लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में उनको बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया था। अब देखना यह है कि पुलिस इन लोगों पर कार्रवाई करती है या फिर समझाकर उनको छोड़ दिया जाएगा।

### ह्देश ने पत्नी समेत अपना लिया है ईसाई धर्म

गांव निवासी अंजू के मुताबिक मुख्य आरोपी ह्देश कासगंज में रहता था। कुछ साल पहले उसने अपनी पत्नी नीतू के साथ ईसाई धर्म अपना लिया है। उसकी अंजू से रिश्तेदारी है। उसने अंजू को रुपये का लालच देकर गांव परिवार के लोगों को ईसाई धर्म अपनाने की बात कही जिसके बाद यह लोग कई महीनों से गांव में आकर चुपचाप प्रार्थना कराते हैं और ईसाई धर्म के बारे में लोगों को बताकर उनको धर्म परिवर्तन करने को उकसाते हैं। ह्देश ने अपना नाम बिक्की पास्टर रख लिया है। इसी तरह से बिसौली का रहने वाले बॉबी ने अपने नाम के आगे पास्टर लगा लिया है।

# आपदा में उम्मीद की किरण: चमोली पहुंचे धामी, पीड़ितों को बंधाया ढांढस

- सीएम धामी ने राहत शिविरों का किया निरीक्षण, प्रभावितों को दी हर संभव मदद का भरोसा
- पूरी तरह क्षतिग्रस्त घरों व मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की सहायता का ऐलान
- ग्रामीणों की सड़क खोलने की मांग पर सीएम का जवाब, स्वयं जाकर करेंगे निरीक्षण
- बेघर हुए लोगों के पुनर्वास के निर्देश, युद्धस्तर पर चल रहा राहत कार्य



जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड

उत्तराखंड के चमोली जिले के थराली क्षेत्र में हाल ही में बादल फटने की विनाशकारी घटना ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। आपदा की इस घड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं प्रभावित क्षेत्र कुलसारी पहुंचे और राहत शिविरों का निरीक्षण कर पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों के आंसू पोछे, ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और पुनर्वास कार्यों में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों के घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, या जिनके परिजनों की इस आपदा में मृत्यु हुई है, उन्हें ?5 लाख की तत्काल आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही थराली में बेघर हुए लोगों के लिए बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। राहत शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी घायलों को समय पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, और बिजली, पानी जैसी आवश्यक सेवाएं बहाल करने के लिए टीम काम कर रही है। थराली क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से ऊपरी गांवों की सड़कें शीघ्र खुलवाने की अपील की, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जैसे ही रास्ते सुरक्षित होंगे, वे स्वयं गांव जाकर स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा, ÷हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर हर आवश्यक सुविधा देना है। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ लगातार कार्य में जुटी हैं। प्रशासनिक टीम से मैं लगातार संपर्क में हूं।

# राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश, कहा ये कांग्रेस नहीं इंडिया गठबंधन की यात्रा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद का संकट है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। कई जगह खाद की लाइन में लगे-लगे बुजुर्ग किसानों की जान चली गई, लेकिन तब भी खाद नहीं मिली। सरकार बताए कि खाद कहां है। अखिलेश यादव ने सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जंगल से सटे जिलों में जंगली जानवर के हमलों में किसानों की जानें जा रही हैं। कहीं गुलदार हमले कर रहे है तो कहीं भेड़िया और बाघ के हमले हो रहे हैं। प्रदेश में न खाद है और न किसान सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार ने जिन स्कूलों का मर्जर किया था, उन्हें फिर शुरू नहीं किया गया। सरकार ने सदन में भी झूठ बोला कि स्कूलों को बंद नहीं किया जाएगा, ताकि लोग भरोसा कर लें। जिन लोगों ने पीडीए पाठशाला चलाई और जिन अभिभावकों ने उसमें अपने बच्चों को भेजा है, यह सरकार उनके खिलाफ भी मुकदमों की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ पर और ज्यादा काम करना होगा, ताकि कोई गड़बड़ न हो सके। मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मुद्दा उन्होंने फिर उठाया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चाहे किसी पर भी हमला करें या भ्रष्टाचार करें, उनके घरों पर बुल्डोजर नहीं चलेगा। यही भाजपा का चरित्र है। बदलाव के लिए जनता भाजपा सरकार के खिलाफ एकजुट हो रही है।

### वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

अखिलेश यादव से यह पूछे जाने पर कि क्या वे राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होंगे, उन्होंने कहा कि यह राहुल गांधी की नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा है। इसमें इस माह के अंतिम सप्ताह में शामिल होंगे।

### नए विधेयक क्षेत्रीय दलों के खिलाफ षड्यंत्र

संसद में लाए गए नए विधेयक को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि यह विधेयक क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने और उन्हें तोड़ने के षड्यंत्र के तहत लाया गया है। भाजपा सरकार झूठे और फर्जी मुकदमे लगाकर नेताओं को जेल भेजना चाहती है। यूपी में समाजवादी पार्टी के कई नेताओं मो. आजम खां , विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी को झूठे मुकदमों में जेल भेजा गया है।

### डॉ. शकुंतला विवि के दिव्यांगजनों ने अखिलेश को दिया ज्ञापन

पूर्व सीएम अखिलेश यादव को प्रदेश भर से आए दिव्यांगजनों ने ज्ञापन सौंपा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए जो योजनाएं चल रही थीं, उन्हें ठीक ढंग से लागू नहीं किया। सपा सरकार बनने पर दिव्यांगों को उनका हक और आरक्षण दिया जाएगा। दिव्यांग आयोग का गठन होगा। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर दिव्यांग छात्रों के शोषण के संबंध में भी ज्ञापन दिया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

# यमन की राजधानी पर भीषण हवाई हमला, हूती के कलस्टर बम से हमले के बाद इस्राइल का पलटवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काहिरा



रविवार को इस्राइल ने यमन की राजधानी सना पर भीषण हवाई हमले किए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किया गया। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले ही हूती विद्रोहियों ने इस्राइल की ओर क्लस्टर बम दागे थे। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह सिलसिला बढ़ा तो इस्राइल, ईरान और यमन के बीच का तनाव पूरी मध्य-पूर्वी राजनीति को हिला सकता है।

### पहली बार क्लस्टर बम से हमला

इस्राइली वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात यमन से इस्राइल की ओर दागी गई मिसाइल एक क्लस्टर म्यूनिशन (क्लस्टर बम) थी। यह बम सामान्य रॉकेट की तरह नहीं होता, बल्कि हवा में फटकर कई छोटे-छोटे धमाकों में बदल जाता है। इस वजह से इसे रोकना और भी मुश्किल हो जाता है। यह पहला मौका है जब हूती विद्रोहियों ने क्लस्टर बम का इस्तेमाल किया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस तकनीक के पीछे सीधे तौर पर ईरान की मदद दिखाई देती है।

### लाल सागर में हूतियों की गतिविधियां

हूती विद्रोही लंबे समय से इस्राइल की ओर ड्रोन और मिसाइलें दागते रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने लाल सागर में जहाजों पर भी हमले किए हैं। उनका दावा है कि वे यह सब फिलिस्तीनियों के समर्थन में कर रहे हैं, खासकर जब से गाजा पट्टी में युद्ध छिड़ा हुआ है। ज्यादातर मिसाइल और ड्रोन इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बीच में ही नष्ट कर दिए जाते हैं, लेकिन इस बार क्लस्टर बम ने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है।

### 17 अगस्त के बाद पहली बड़ी कार्रवाई

हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी चैनल ने बताया कि रविवार का हवाई हमला 17 अगस्त के बाद पहला हमला है। उससे पहले इस्राइल ने उन ठिकानों पर हमला किया था जिन्हें ऊर्जा ढांचे से जोड़कर देखा जा रहा था और जिनका इस्तेमाल विद्रोही कर रहे थे। हालांकि, इस्राइल ने रविवार के हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। कुल मिलाकर गाजा युद्ध का असर सिर्फ इस्राइल-फलस्तीन तक सीमित नहीं है, बल्कि यमन और अरब के कई हिस्से तक फैल चुका है।

# मंत्रियों की गिरफ्तारी वाले बिल पर टीएमसी-सपा के बाद आप भी जेपीसी से बाहर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को हटाने संबंधी तीन अहम बिलों की जांच के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को विपक्षी दल लगातार खारिज कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने भी रविवार को साफ कर दिया कि वह इस समिति में शामिल नहीं होगी। आप ने आरोप लगाया कि इन बिलों का उद्देश्य विपक्षी दलों की सरकारों को गिराना और नेताओं को फर्जी मामलों में फंसाना है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी जेपीसी में कोई भी सदस्य नामित नहीं करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भ्रष्टाचारियों का सरगना भ्रष्टाचार के खिलाफ बिल कैसे ला सकता है। नेताओं को झूठे मामलों में फंसाना, जेल में डालना और सरकारें गिराना ही इस बिल का असली मकसद है।

# दिवाली के दो महीने पहले ही चार गुना महंगी हो गईं फ्लाइटें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दीपावली पर दिल्ली, मुंबई से लखनऊ आने वालों के लिए सफर का संकट बढ़ता जा रहा है। एक ओर ट्रेनों में रिग्रेट होने से सीटें नहीं बुक हो रही हैं, दूसरी ओर विमानों का किराया करीब दो महीने पहले ही चार गुना तक महंगा हो गया है। जो त्यौहार करीब आने पर सात से आठ गुनी तक महंगी होने की आशंका जताई जा रही है। 20 अक्तूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में दिल्ली व मुंबई में बड़ी संख्या में रहने वाले लखनऊवासियों की वापसी 18 से ही शुरू हो जाएगी। खास बात यह है कि लखनऊ आने के लिए यात्रियों को अभी से पसीने छूटने लगे हैं। उन्हें ट्रेनों में सीटें नहीं मिल रही हैं और विमान का किराया आसमान को छूने लगा है। नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की सीधी उड़ान एआई-2477 का टिकट 4747 रुपये में मिल रहा है। इंडिगो की डायरेक्ट फ्लाइट 6ई-2258 का टिकट 4831 रुपये में उपलब्ध है। जबकि एयर इंडिया व इंडिगो की अन्य उड़ानों के टिकट 72 सौ रुपये तक पहुंचे हैं। आम दिनों में तीन से चार हजार रुपये में टिकट मिल जाते हैं। त्यौहार करीब आने तक यह किराया 12 से 15 हजार रुपये तक पहुंच जाएगा। दीपावली पर मुंबई से लखनऊ आने वाली लगभग सभी ट्रेनों में रिग्रेट चल रहा है। पुष्पक एक्सप्रेस, अवध, कुशीनगर, एलटीटी सीतापुर, एलटीटी गोरखपुर आदि ट्रेनों की स्लीपर से लेकर एसी बोगियों तक में रिग्रेट चल रहा है, जिससे यात्रियों को वेटिंग टिकट भी नहीं मिल पा रहे हैं। दूसरी ओर दिल्ली से लखनऊ आने वाली चेयरकार ट्रेनों में सीटें खाली हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्व. महेश प्रसाद अवस्थी की स्मृति में जय महावीर समिति आयोजित करेगी विशाल दंगल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के श्री घटिया वाले महावीर पाठकपुरा में स्वर्गीय महेश प्रसाद अवस्थी की स्मृति में जय महावीर समिति के तत्वावधान में विशाल दंगल का आयोजन 2 व 3 सितंबर को होने जा रहा है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष सुशील अवस्थी ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पिछले पचास वर्षों से अनवरत दंगल का आयोजन होता आ रहा है। इस दंगल में देश के पांच से छः राज्यों के नामी पहलवानों के आने की स्वीकृति मिल चुकी है, इसके साथ साथ बताया कि फ्री स्टाइल कुश्ती का आकर्षण भी देखने को मिलेगा, यही नहीं महिला पहलवानों से वार्ता दंगल समिति कर रही है, सहमति मिलने की पूरी संभावना है। जिन प्रदेशों के पहलवान आना है उनमें दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहलवान शिरकत करेंगे।इसमें प्रमुख रूप से अभिनायक पहलवान यूपी केशरी अंकित मथुरा, आर्यन दिल्ली शिवम् श्यामवीर बुंदेलखंड चंबल केशरी इसके अलावा फ्री स्टाइल कुश्ती के थापा पहलवान आदि, इस दंगल को सफल बनाने में आयोजन समिति का अहम योगदान होता है। दूर दराज से आए पहलवानों के ठहरने खाने का बंदोबस्त समिति द्वारा किया जाता है। 2 सितम्बर दिन मंगलवार को दंगल का शुभारंभ/उद्घाटन सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के हाथों होगा। साथ ही 3 सितंबर बुधवार को समापन भाजपा युवामोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी सुभाष यदुवंशी और नगर पालिका उरई के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी के द्वारा होगा। दंगल में विशेष अतिथि के रूप में डीएम राजेश पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को आमंत्रित किया गया है। इस वार्ता के दौरान प्रमुख से नीरज पाठक, प्रदीप दीक्षित, प्रमोद त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी, हरिकिशोर गुप्ता, सचिन बाथम, दीपेंद्र सेंगर आदि मौजूद रहे।

### प्रशासनिक, पुलिस व चिकित्सकों की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर, पांच क्लीनिकों को किया सील

**जन एक्सप्रेस/उरई/जालौन।** तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर संचालित हो रहे बिना पंजीकरण और मानकविहीन क्लीनिकों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टरों पर शिकंजा कसते हुए प्रशासनिक, पुलिस और चिकित्सकों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में एक साथ छापेमारी की। जिसमें पांच क्लीनिकों को सीलकर दिया। रविवार को एसडीएम विनय कुमार मौर्य के नेतृत्व में मानक विहीन क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालकों के खिलाफ चलाए गए अभियान में नायब तहसीलदार गौरव कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता, सीएचसी कुठौंद प्रभारी अरुण कुमार तिवारी, कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी और कुठौंद कोतवाल अरुण कुमार राय मौजूद रहे। तहसील क्षेत्र में एक साथ चलाए गए अभियान में जांच के दौरान नगर पालिका क्षेत्र जालौन में संचालित एक क्लीनिक पर पंजीकरण प्रमाणपत्र और डिग्री न दिखा पाने पर उसे तत्काल सीज कर दिया गया। इसी प्रकार कुठौंद बाजार और माधौगढ़ मार्ग पर स्तुति क्लीनिक, साईं क्लीनिक सहित अन्य दो बिना नाम से चल रहे क्लीनिकों पर भी कार्यवाही की गई।

# प्रभागीय वनाधिकारी की उदासीनता बनी रिटायर्ड डीएफओ व उनकी पत्नी की मौत का कारण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार की भीषण लापरवाही उनके ही विभाग के सेवानिवृत्त डीएफओ के लिए जानलेवा बन गई। कई महीनों से क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे हुए विशालकाय झुके हुए जर्जर महुए के पेड़ को कटवाए जाने की मांग की जा रही थी।

जिले में कार्यरत प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार द्वारा हमेशा की तरह ग्रामीणों की इस मांग को भी नजर अंदाज करते रहे जिसका खामियाजा वन विभाग के ही सेवानिवृत्त डीएफओ दुर्गा प्रसाद द्विवेदी व उनकी पत्नी मधु द्विवेदी को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बांदा जिले के देवनगर झीलपुरवा निवासी रिटायर्ड डीएफओ दुर्गा प्रसाद द्विवेदी (80) पुत्र स्व रामविशाल द्विवेदी और उनकी पत्नी मधु द्विवेदी (75) दवा कराने मुम्बई गए थे। वहां से लौटकर रविवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन में उतरे थे। यहां से उन्हें घर ले



जाने के लिए उनका बेटा अभिनव द्विवेदी और भतीजा अंश द्विवेदी पुत्र विश्वरूप द्विवेदी स्कार्पियो चालक बांदा के कनवरा निवासी बबलू के साथ मानिकपुर गए थे। सभी लोग स्कार्पियो में बैठकर मानिकपुर से बांदा जा रहे थे। इस दौरान कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सुखनंदनपुर के समीप एक विशालकाय महुए का वृक्ष जड़ से उखड़कर नीचे से गुजर रही इस स्कार्पियो पर गिर गया। जिसके नीचे स्कार्पियो सवार सभी लोग दब गए। दबे हुए लोगों की चीख-पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुछ ही देर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने कटर के जरिए गाड़ी के ऊपर गिरे पेड़ को कटवाकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। साथ ही रोड़ से मलबा हटवाकर आवागमन बहाल कराया। एम्बुलेंस पहुंचने के पहले ही दुर्गा प्रसाद द्विवेदी की मौत हो चुकी थी। शेष लोगों को एम्बलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया, यहां चिकित्सकों ने मधु द्विवेदी को भी मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचकर डीएम और एसपी ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए है।

### एसपी ने गोष्ठी कर साइबर शातिर ठगों से बचाव की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जिले में साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसमे सबसे अधिक शिकार बुजुर्ग व महिलाएं हो रही हैं। ऐसे में पुलिस ने अब इनको जागरूक करने के लिए गोष्ठी आयोजित की है। इसके माध्यम से उनको साइबर शातिरों से बचाव की जानकारी के साथ ही अपराध को लेकर जागरूक किया जा रहा है। बता दे कि एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन सभागार में रविवार को साइबर अपराध से जुड़ी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को अपने चंगुल में फंसाकर उनकी मेहनत की कमाई ठग रहे हैं। इसके शिकार सबसे अधिक पेंशनर व हाल में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी एवं महिलाएं हो रही हैं। इसको लेकर डीजी कार्यालय ने भी दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने गोष्ठी में शामिल लोगों को अपराध करने के तरीके व अन्य बातों को लेकर जानकारी दी। बताया कि मोबाइल पर बैंक कर्मचारी बनकर खाते से जुड़ी जानकारी, नाम, जन्मतिथि, रिटायरमेंट की तिथि, बैंक खाता नंबर आदि से जुड़े सवाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। बताया कि इसके साथ ही स्मार्ट फोन में तरह- तरह से लिक भेजकर भी शातिर लोगों के खातों की रकम उठा रहे हैं।

## ‘चाय के संग पकोड़ी’ ने मचाया धमाल, उरई के कलाकारों का नया सॉन्ग रिलीज



**जन एक्सप्रेस । उरई**

बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में शहर के कलाकार लगातार नए-नए प्रयोग कर रहे हैं।रविवार को शहर के देशी रसोई रेस्टोरेंट में **चाय के संग पकोड़ी, सामने बैठी मोड़ी** नामक गाना रिलीज किया गया। करीब 5 मिनट 30 सेकेंड का यह गाना यूट्यूब चैनल N SERIES 0777 पर रिलीज किया गया है। इसके सिंगर, राइटर और डायरेक्टर नीरज कुमार आर्या हैं। नीरज आर्या नें बताया कि गाने की शूटिंग पूरी तरह उरई में की गई है।

इस गाने में नीरज आर्या, डीके उरई, राजा बाबू, श्रद्धा राजपूत, रागिनी और पूजा सहित कई कलाकारों ने किरदार निभाए हैं। इससे पहले भी **बुंदेलखंड का राजा बाबू, चाची के रसगुल्ले** और **शर्मा जी के रसगुल्ले** जैसे गाने रिलीज हो चुके हैं। गाने के रिलीज के मौके पर नीरज कुमार आर्या ने कहा कि हम छोटे कलाकार हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद छोटे-छोटे गाने और वेब सीरीज बनाकर प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करते हैं। ताकि स्थानीय कलाकारों को पहचान मिल सके।

वहीं श्रद्धा राजपूत ने कहा कि इस तरह के मंच से नए कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।रिलीज के मौके पर सुंदर सिंह, पप्पू दिवाकर, कृष्ण मुरारी ओझा, मोहित साहू, निखिल, हर्षित (डीओपी), अनुराधा, पूजा, दिलाशा, देशराज फोटोग्राफर मौजूद रहे।

## ईरानी गैंग के दो सदस्य मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 24अगस्त को थाना मटौंध,थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस का छद्म भेष धारण कर चोरी,लूट, टप्पेबाजी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह ÷ईरानी गैंग÷ के 2 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में विगत दिनों अभियुक्तों द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था।हाल ही में दिनांक 22अगस्त को ई-रिक्शा से कार्यालय जा रही महिला को रास्ते में पुलिस का आईडी कार्ड दिखाकर रास्ते में सोने-चांदी के आभूषण न पहनने की बात कहते हुए उनसे टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया गया था।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की पहचान व शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कई टीमों को लगाया।वैज्ञानिक एवं तकनीकि माध्यमों से जांच एवं ÷ऑपरेशन त्रिनेत्र÷ द्वारा लगाए गए कैमरों से निकाले गए सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से अभियुक्तों की पहचान की गई।पुलिस द्वारा गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सूचना पर अभियुक्तों को थाना मटौंध क्षेत्र अन्तर्गत गोयरा मुगली के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया।आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है।अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है।अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण,अवैध तमंचे,कारतूस, कूटरचित पुलिस के आईडी कार्ड, घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ईरानी गैंग के सदस्य हैं तथा उ0प्र0, म0प्र0,राजस्थान आदि राज्यों में पुलिस की कूटरचित आईडी कार्ड का प्रयोग कर चोरी,लूट,टप्पेबाजी आदि घटनाओं को अंजाम में देते थे,जनपद में भी इन्होने कई घटनाओं को अंजाम दिया गया जिनमें 4 प्रकरणों में अभी तक इनके नाम प्रकाश में आए हैं।गिरोह की आपराधिक गतिविधियों की जांच की जा रही है जिसके क्रम में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### सवा लाख हरे-कृष्ण मंत्र जप महायज्ञ श्रीराधाष्टमी को

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** इस्कान चित्रकूट के अध्यक्ष अनंत बल्देव अरविंद दास व प्रख्यात दंत चिकित्सक एवं इस्कान परिवार के सदस्य डॉ विभांशु गुप्ता ने बताया कि आगामी 31 अगस्त को श्रीराधाष्टमी के अवसर पर इस्कान चित्रकूट द्वारा 21 लाख नाम जप महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हरे-कृष्ण महामंत्र की 1344 माला जप करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय श्रद्धालु इस्कान चित्रकूट आकर हरे-कृष्ण महामंत्र की माला जप करके इस महायज्ञ में अपना योगदान कर सकते है। चितरा रोड़ सीतापुर स्थित इस्कान मंदिर में यह महायज्ञ आगामी 31 अगस्त को सबेरे पांच बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें शामिल होने के लिए मोबाइल नंबर 9452490680 पर व्हाट्सप करके पंजीकरण कराया जा सकता है। जप महायज्ञ के बाद दोपहर दो बजे महाप्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है।

## भरोसा बांध के धसने से नगरवासी परेशान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मानिकपुर कस्बे के मध्य में स्थित भरोसा बांध के पानी से पूरा भरे होने के कारण नगरवासियों ने बांध के धंसने की आशंका जताते हुए मरम्मत की मांग की है। जिस पर मानिकपुर उपजिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को मरम्मत कराने के निर्देश दिए है।

नगरवासियों ने बताया कि कस्बे के मध्य भाग में स्थित भरोसा बांध काफी पुराना है। इस बांध के पानी से मानिकपुर के गुरौला, डांडी, दराई, हाता, आदि कई मजरों में सिचाई की जाती है। बताया कि बारिश के कारण बांध पूरी तरह से पानी से भर गया है तथा अतिरिक्त पानी बढ़ने से बांध के बीच काफी बड़ा सुराख हो गया है, जिससे नगरवासी में डर का माहौल है। नगर के सभासद विकास सोनकर, जीतेन्द्र मोहन शुक्ला, देवमुनी आदि ने आरोप लगाया कि प्रत्येक वर्ष बांध की मरम्मत के लिए



आने वाले बजट का बंदरबांट कर लिया जाता है, जिससे बांध की मरम्मत नहीं होती। बांध के बीच के हिस्से में सुराख होने से बांध के टूटने की सम्भावना है। यदि यह बांध टूटा को कस्बे सहित कई गाँव सैलाब में समा जाएंगे। नगरवासियों ने बुर्घटना की संभावना के चलते मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम को मामले की जानकारी दी। जिस पर एसडीएम ने सम्बन्धितों को मरम्मत कराने के निर्देश दिए है।

## सड़क किनारे ठेलिया व दुकानदारों का कब्जा : यात्री परेशान, प्रशासन अंजान

**जन एक्सप्रेस । उरई**

मुख्यालय में जाम की विकराल समस्या के सामने शासन प्रशासन बौना साबित हो रहा है। सड़क कोई भी हो हर जगह जाम जिसका मुख्य कारण यह है कि सड़क किनारे ठिलिया एवं दुकानदारो ने अपना कब्जा जमाकर फुटपाथ को पूरी तरह कब्जा लिया है। जिसके कारण शहर में अधिकांश जाम लगता रहता है। इतना ही नही कुछ वाहन चालको द्वारा अनैतिक रूप से अपने वाहनो को सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़ा किया जाता है।जिसके कारण बाजार आने जाने वाले एवं अन्य राहगीरो को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। बताते चले कि नगर के महाराणा प्रताप चौराहा, कोंच बस स्टैण्ड सहित अन्य प्रमुख सड़को पर दिन में निरंतर जाम लगता रहता है। मुख्य बाजार में जाम लगने का कारण चार पहिया ठिलिया व सड़क किनारे बैठे दुकानदार है। जो दुकानदार अपने सामान पर सड़क पर रखकर अपना कब्जा कर लेते है। तथा ठिलिया दुकानदार मुख्य सड़क पर ठिलिया लगाकर फुटपाथ पर कब्जा जमा लेते है। जिसके चलते मुख्य बाजार मे सड़क के बीचो-बीच बने डिवाइडर तथा सड़क अधिक चौड़ी न होने के कारण वहां पर जाम की समस्या बनी रहती हैं यह हाल मुख्य बाजार की सड़को पर अन्य जगह भी देखने को मिलता है वहीं चौराहो पर वाहन चालको द्वारा बसे व ई-रिक्शा, टैम्पो आदि अन्य वाहनो को वेतरतीब तरीके से खड़ा किया जाता है। जिसके कारण यहां पर जाम की समस्या बनी रहती है। लोगो को मुख्य सड़क पर चलने मे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर के प्रबुद्धजनो व यहां से गुजरने वाले यात्रियो द्वारा शासन प्रशासन से मांग की गई है। कि ठिलिया दुकानदारो को निश्चित जगह तैनात की जाये। जिसे वह उस स्थान पर अपनी ठिलिया लगाकर अपना रोजगार कर सके। साथ ही जिससे नगर मे लगने वाली जाम की समस्या से शहरवासियों राहगीरो व यात्रियो को जाम से निजात मिल सके।

## खेत का फर्जी मालिक बन धोखाधड़ी और ठगी करने वाले गैंग के 12 सदस्यों के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

- पीड़ित खेत के खरीदार को लगाया 36 लाख का चूना

सरीला रजिस्ट्रार आफिस में फर्जी मालिक बन दबंग शातिर किस्म के नटवरलाल गिरोह के व्यक्तियों ने दूसरे किसान के खेत को अवैध अभिलेखों के दम पर अपना बताने के साथ ही उसे बेचकर करा दी रजिस्ट्री। इस सनसनीखेज धोखाधड़ी और ठगी के फर्जी मामले का खुलासा उस वख्त हुआ। जब खरीदार उपेन्द्र सर्राफ खरीदे हुये खेत को मौके पर देखने गया, जहाँ उसकी मुलाकात खेत के असली मालिक से हो गई। जिसके बाद खेत के खरीदार उपेन्द्र सर्राफ को अपने साथ 36 लाख रुपये की ठगी और धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। दरअसल राठ के जुगयाना निवासी पीड़ित खेत खरीदार उपेन्द्र सर्राफ ने बताया कि तहसील के इटायल गाँव निवासी सुरेन्द्र राजपूत ने उसे छिबौली गाँव के केसरगंज मौजा में गाटा संख्या--114--85 खेत को दिखाकर बेचने की बात कही, जबकि खेत पसंद आने पर उपेन्द्र सर्राफ उसे 36 लाख रुपये में खरीदने को तैय्यार हो गया। इसके बाद सुरेन्द्र ने अपने साथी विनोद के साथ मिलकर उसे अपने एक और साथी, सिद्ध गोपाल नामक व्यक्ति से खेत मालिक बनाकर मिलवाया। और तीनों व्यक्तियों ने मिलकर जाली अभिलेखों के दम पर असली खेत मालिक सिद्ध गोपाल के खेत को अपना बताकर 36 लाख रुपये में उसे बेचकर उसकी पत्नी रश्मि सोनी, जबकि बहू प्रतिभा सोनी के नाम रजिस्ट्री भी करादी। लेकिन खेत खरीदने के बाद जब उसका मालिक बनकर उपेन्द्र सर्राफ खरीदे हुये खेत को देखने पहुंचा, तो उसकी मुलाकात खेत के मालिक असली सिद्ध गोपाल से हो गई, जिसने उसे बताया कि ये खेत तो उसका है, और वो ही इसका मालिक है। इतना सुनते ही खेत के खरीदार उपेन्द्र सर्राफ के पैरों के नीचे से जमीन सरक गई, और उसे एहसास हुआ कि वो ठगी और धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। इसके बाद पीड़ित सर्राफा दुकानदार उपेन्द्र ने जरिया थाना पहुंचकर अपने साथ हुई ठगी, धोखाधड़ी और जालसाजी की वारदात को अंजाम देने वाले सुरेन्द्र राजपूत पुत्र गुरु प्रसाद राजपूत, भरत पुत्र अज्ञात, स्वतंत्र राजपूत पुत्र रामेश्वर राजपूत, मुमताज पुत्र रहीम, सोबरन पुत्र सुखलाल, जितेन्द्र कुश्वाहा पुत्र भग्गू, विनोद कुमार पुत्र राकेश, लोटन प्रधान पुत्र अज्ञात, जगमोहन उर्फ स्वामीदीन (सिद्ध गोपाल), रजिस्ट्रार सरीला, रजिस्ट्री लेखाकार प्रीतम और सतीश लेखाकार सहित 12 जालसाज और ठगों के गिरोह के खिलाफ लिखित तहरीर देकर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई, इस सनसनीखेज ठगी और धोखाधड़ी के मामले में हैरान करने वाली बात ये है कि,इसमें रजिस्ट्री आफिस के रजिस्ट्रार सहित दो रजिस्ट्री लेखाकार भी शामिल हैं। मामले की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस ने पीड़ित उपेन्द्र सर्राफ की तहरीर पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अभियुक्तों के कब्जे से 3 पिस्टल व 4 मैगजीन बरामद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

- कोतवाली देहात पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ घूम रहे 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल के साथ भ्रमण कर रहे 3अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब हो कि दिनांक 23/24 अगस्त की रात्रि में थाना कोतवाली देहात पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मवई बाईपास चौराहा देव ढाबा के पास एक चारपहिया वाहन (थार) सन्दिग्ध अवस्था मे खड़ी मिली जिसमें 3व्यक्ति मौजूद थे।पुलिस द्वारा व्यक्तियों से पूछताछ करने व तलाशी लेने पर उन सभी के पास से कुल 3अवैध पिस्टल तथा 4मैगजीन बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। आरोपियों से बरामद सामान-3अवैध पिस्टल, 4मैगजीन, 1चार पहिया वाहन (थार)। गिरफ्तार आरोपी-अनुराग सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी समोध मोहल्ला महोखर थाना कोतवाली देहात, अभय पुत्र जयसिंह निवासी जवाहर नगर डिवाईन लान वाली गली थाना कोतवाली नगर, शिवकान्त कुशवाहा पुत्र बलवीर कुशवाहा निवासी सती माता मन्दिर के पास ग्राम महोखर थाना कोतवाली देहात। गिरफ्तारी करने वाली टीम-अनूप कुमार दुबे प्र0नि0 कोतवाली देहात, उ0नि0अंकुर खारी, का0 दीपक अहिरवार, का0 दीपक यादव, का0 अभिषेक मिश्रा, का0सचिन पटेल, का0 मंजीत यादव, का0रवि कुमार आदि मौजूद रहे।



## उदर शक्ति विकासक योग क्रिया से कम करें पेट की मोटी चर्बी : योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के कुबेर गंज कर्वी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने उदर शक्ति विकासक योग क्रिया भाग छह कराते हुए बताया कि आधुनिक उपकरणों ने मानव की शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को कम कर दिया है। हमारा जीवन वैज्ञानिक उपकरणों पर निर्भर हो गया है, जिससे अंदरुनी शारीरिक अंगों के कार्य क्षमता घटने लगी है।

बताया कि किसी भी वस्तु की कार्यक्षमता उसके उपयोग करने के अनुक्रमानुपाती होती है। भोजन से पोषक तत्वों को निकाल कर शरीर को देने वाला पाचन तंत्र भी इन्हीं कारणों से प्रभावित है, जिससे कब्ज, अजीर्ण, अम्लता, वायु विकार, गुर्दे खराब होना, आंतों का ठीक से काम न करना, अल्सर, दस्त, बवासीर आदि कई रोगों की उत्पत्ति होती है। इस परिस्थिति में ऐसे आसनों का चयन करना चाहिए जिससे उदर में दबाव पड़े जैसे आगे झुकने वाले आसन से, साथ ही पेट में खिंचाव देने के लिए पीछे झुकने वाले आसन। बताया कि उदर प्रदेश के दोनों बाजुओं में दबाव-खिंचाव देने वाले आसन प्रतिदिन खाली पेट करने चाहिए अथवा सार्थक विकल्प के रूप में उदर संबंधी सूक्ष्म योग व्यायाम श्रृंखला का नियमित अभ्यास करना चाहिए। इसी क्रम में योगाचार्य ने उदर शक्ति विकासक योग व्यायाम के भाग छह का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस व्यायाम से पाचन तंत्र के संपूर्ण अंगों की अच्छी मालिश हो जाती है, रक्त संचार बढ़ जाता है, पाचन सुचार रूप से कार्य करने लगता है, अस्त-व्यस्त जीवन से आए विक्षेप दूर हो जाते हैं तथा पेट के सामने की मांसपेशियों को संपूर्ण व्यायाम मिल जाता है। इसके साथ ही पर्याप्त विटामिन-प्रोटीन आदि पोषक तत्व शरीर को मिलने लगते हैं। बताया कि इस योग क्रिया को करने के लिए साम्यावस्था में सीधे खड़े होते हैं तथा दोनों हाथों को कमर पर इस प्रकार से रखते हैं कि अंगूठा पेट की ओर रहे और कमर से 60 डिग्री के कोण पर आगे की ओर झुकते हैं। इस दौरान ध्यान पेट पर रखते हुए सामने देखते हुए श्वास छोड़कर पेट पिचकाते हैं तथा श्वास खींचते हुए पेट फुलाते हैं। यह क्रिया लगातार 25 बार दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर पेट की गंभीर परेशानी में योग्य प्रशिक्षक की देखरेख में इसे करना चाहिए।

## चोरी की भैंसे व पड़ियों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना भरतकूप पुलिस टीम ने भैंस व पड़िया चोरी के दो आरोपियों को चोरी की दो भैंस व दो पड़िया सहित तमंचा, पिकअप व दो मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है।

भरतकूप थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुन्दपुर निवासी राजेश कुमार पुत्र स्व रामस्वरूप ने सूचना दी कि कुछ लोग उसके घर के बाहर बंधी दो भैंस व दो पड़िया को पिकअप में लादकर चोरी कर रहे थे। भैसों की आवाज व शोरगुल सुनकर पड़ोसी जाग गये और शोर मचाने पर चोर पिकअप में भैसों को लादकर भाग गए। इस सूचना पर थाने में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए तथा



घटना के खुलासे के लिए द्वारा पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवचेना के क्रम में बीते शनिवार की रात्रि सूचना मिलने पर भरतकूप थाने के उपनिरीक्षक रामकुमार व उनकी टीम उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिंह, आरक्षी रणवीर सिंह, शक्ति सिंह व आरक्षी चालक संदीप लोधी भरतकूप थाना क्षेत्र के भरथौल के पास से पहुंचे जहां पशुओं से लदी पिकअप व दो माटरसाइकिल खड़ी थी, जिनमें कुछ लोग बैठे हुए थे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पिकअप गाड़ी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य लोग फरार हो गए। पकड़े गये दोनों आरोपियों ने अपना नाम मोहम्मद आरिफ शाह निवासी शादीम दीनपुर थाना चिल्ला जनपद बांदा तथा रामभवन निवासी भदेदू थाना बबेरू जनपद बांदा बताया। आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, पिकअप में लदी दो भैंस व दो पडिया तथा दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने अपने साथियों राधेश्याम निवासी मुकुन्दपुर थाना भरतकूप, कालका पटेल निवासी आहार थाना बबेरू जनपद बांदा व मनोज निवासी ग्राम पलरा थाना चिल्ला जनपद बांदा के साथ मिलकर बीते शुक्रवार को ग्राम मुकुन्दपुर से भैंसे व पड़िया चोरी की थी। बताया कि वह सभी लोग इन पशुओं को बेचने के लिए फतेहपुर जा रहे थे कि पुलिस आ गई और अन्य आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने बरामद भैसों व पडियों की पहचान कराकर शिकायतकर्ता के सुपुर्द कर दिया।

# अगर ममता न होतीं... तो एक मां-बेटी की जिंदगी बुझ जाती'

- जॉगर्स पार्क के पास तड़प रही गर्भवती महिला को मिला जीवनदान, ममता राजपूत बनी फरिश्ता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक दर्दनाक नजारा रविवार को शहर की सड़कों पर देखने को मिला। जॉगर्स पार्क के पास सड़क किनारे एक गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। बदहवास, नग्न और बेसहारा महिला दर्द से तड़पते हुए मदद की गुहार लगा रही थी, लेकिन भीड़ सिर्फ तमाशबीन बनी रही। किसी ने हाथ नहीं बढ़ाया। किसी ने इंसानियत का फर्ज नहीं निभाया। लेकिन... इसी भीड़ के बीच से एक महिला सामने आई और उसने साबित कर दिया कि अब भी दुनिया में इंसानियत जिंदा है। ये महिला थीं ममता राजपूत, जो ममता महिला सेवा संस्थान की अध्यक्ष और भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी) से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। ममता ने बिना एक पल गंवाए अपनी सहयोगी दियारा राजपूत को बुलाया। दोनों ने मिलकर महिला को कपड़े पहनाए, सहारा दिया और ऑटो से संगठन के कार्यालय ले गईं। इसके बाद 108 एंबुलेंस और दुबग्गा पुलिस की मदद से महिला को काकोरी सीएचसी पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे क्वीन मेरी अस्पताल रेफर किया गया। रात करीब 9 बजे महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। माँ और बच्ची की जिंदगी उस दिन इंसानियत की वजह से बची। 8 अगस्त तक इलाज चला और फिर दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। ममता राजपूत ने महिला और बच्ची का इलाज जारी रखा। लखनऊ के नेशनल हॉस्पिटल व न्यूरो सेंटर के डॉ. जिलानी और बच्ची की देखरेख में डॉ. रवि अरोड़ा ने हाथ बंटाया। आज भी ममता राजपूत इस मां-बेटी के लिए जद्दोजहद कर रही हैं। महिला ने अपना नाम मीरा बताया है। उसने कहा कि वह बिहार के पटना जिले के सरहत गांव की रहने वाली है। परिवार में पिता बंटू यादव, पति बिन्दर, भाई रवि यादव और बहन मिता के नाम लिए। अब संगठन महिला के परिजनों को ढूंढ रहा है। ममता महिला सेवा संस्थान और किसान यूनियन ने समाज से अपील की है कि इस मानवीय प्रयास को फैलाएं ताकि लोग ऐसे मौकों पर चुप न रहें, मदद के लिए आगे आएं। सोचिए... अगर ममता राजपूत उस दिन भीड़ का हिस्सा बनकर खड़ी रहतीं, तो क्या होता? शायद एक मां सड़क पर तड़प-तड़प कर दम तोड़ देती। एक मासूम जन्म से पहले ही मौत की गोद में चली जाती। आज सवाल सिर्फ इतना है–क्या हमारी संवेदनाएं मर चुकी हैं? क्यों हम आंखें मूंदकर गुजर जाते हैं? क्यों हमें डर लगता है मदद करने से? ममता राजपूत ने दिखाया कि इंसानियत अब भी जिंदा है। ज़रूरत है, तो सिर्फ एक कदम आगे बढ़ाने की।

# कैप्टन सुधांशु शुक्ला के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत अभिनंदन की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष यात्रा से वापसी के बाद पहली बार अपने घर लखनऊ आगमन पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं स्वागत तैयारी के लिए पार्टी कार्यालय पर बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता महानगर आनन्द द्विवेदी ने की साथ ही महापौर सुषमा खर्कवाल भी उपस्थित रही। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि उनका अंतरिक्ष मिशन देश और हम सब लखनऊ वासियों के लिए गौरव का विषय है। शुभांशु शुक्ला का ये मिशन सिर्फ अंतरिक्ष यात्रा नहीं है. ये भारत की आकांक्षाओं, वैज्ञानिक उपलब्धियों और आत्मविश्वास की कहानी है, जो भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। 25 अगस्त को लखनऊ आगमन पर लखनऊ की जनता, जनप्रतिधियों, पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि एयरपोर्ट ञ3, लक्ष्मण मूर्ति चौराहा, रमाबाई पुलिस चौकी, सुल्तानपुर मोड जनता ढाबा, डी पी एस स्कूल के बाहर लूलू मॉल के सामने, जी 20 मोड पर जनेश्वर मिश्रा पुल के समीप सात स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगे के साथ स्वागत के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि पूरे देश में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने भारत और लखनऊ का नाम रौशन किया हैं लखनऊ आगमन पर उनका भव्य स्वागत जगह जगह किया जाएगा इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई हैं।

# स्कूल वाहन चालक की मौत, ई-रिक्शा की टक्कर के बाद, ट्रॉमा सेंटर में तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के मलिहाबाद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र महगांवा निवासी दिनेश अवस्थी 45 वर्ष की ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। दिनेश आलमबाग में एक निजी स्कूल में वाहन चालक के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार को ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौटते समय पाठकगंज महमूद नगर गांव के पास एक ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वे सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल दिनेश को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिवार में माता सरस्वती, पत्नी रिशू, 10 वर्षीय बेटी मनु, 5 वर्षीय बेटी पंखू और 3 वर्षीय बेटा शुभम हैं। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है।

# बीजेपी ने बनाई एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर योजना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को उत्तर प्रदेश में गति प्रदान करने के लिए आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों के संदर्भ में व्यापक विचार करते हुए योजना रचना बनाई गई। प्रदेश के सहसंयोजक व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता व प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में आगामी दिनों में प्रदेश में छात्रों व युवाओं को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के साथ जोड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम एवं अभियानों की योजना बनाई गई।

# इटौंजा, महिगवां, बीकेटी, सैरपुर, जानकीपुरम मड़ियांव में थाना समाधान दिवस संपन्न



- थाना प्रभारियों ने समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की फरियाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा, महिगवां, बीकेटी, सैरपुर, जानकीपुरम, मड़ियांव थाना परिसर में बीते शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारियों की अध्यक्षता में किया गया। बता दें कि थाना समाधान दिवस में पुलिस को कई शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें पुलिस से संबंधित और राजस्व संबंधित कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं महिगवां थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने फरियादियों की फरियाद सुनी और शिकायत का मौके पर निस्तारण कर किया। वहीं सैरपुर थाना प्रभारी मनोज के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस पर आये आम जनता एवं फरियादियों की शिकायतों कों सुना और कुछ शिकायत का मौके पर निस्तारण किया। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने थाने पर आये जनता की फरियाद सुनी।बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह व अतिरिक्त निरीक्षक कैलाश दुबे ने थाने पर आये फरियादियों की फरियाद सुनी और कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। जानकीपुरम थाना प्रभारी ने थाने पर आयें फरियादियों की फरियाद सुनी। मड़ियांव थाना प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा ने थाना समाधान दिवस पर थाने पर आए फरियादियों की फरियाद सुनी और सभी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस थाना समाधान दिवस पर पूरी कोशिश करती है, कि आम जनता को न्याय मिल सकें।

# जन सेवा केंद्र संचालक ने महिलाओं से आधार कार्ड में मोबाइल लिंक करने के बहाने खातों से निकाले रुपए




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र में एक जन सेवा केंद्र संचालक द्वारा महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करके रूपए निकाल लिए। बता दें कि इटौंजा के उसरना चौराहे पर स्थित जन सेवा केंद्र के संचालक अतीक अहमद पर दो महिलाओं ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। सलमा पत्नी लतीफ व सकीरा पत्नी शाकिर ने बताया कि संचालक ने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक करने के बहाने उनके खातों से रुपए निकाल लिए। 21 अगस्त को अतीक ने सलमा की अनुमति के बिना उनके बैंक ऑफ इंडिया खाते से पहले 5.90 रुपए और फिर 9,529.50 रुपए निकाल लिए। वहीं शकीरा के मामले में संचालक ने उनके खाते में जमा आवास योजना के 30 हजार रुपयों में से 20 हजार रुपए निकाल लिए। दोनों महिलाओं को अपने खातों से पैसे निकलने की जानकारी मोबाइल पर आए बैंक मैसेज से हुई। वहीं जब पीड़ित महिलाएं जन सेवा केंद्र पर स्पष्टीकरण मांगने गईं, तो संचालक ने उन्हें वहां से भगा दिया। महिलाओं ने इस मामले में इटौंजा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेवा संस्कृति और स्वास्थ्य सुविधा




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

गोमती नगर के रफ़ी अहमद किदवई वार्ड स्थित अटल बारात घर ग्राम ग्वारी में आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने किया।
उन्होंने विशेष रूप में निर्धन परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य और जांच शिविर के आयोजन समिति के सदस्यों, रामकृष्ण यादव, वहां उपस्थित चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों को इस सेवा कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने महाभारत के द्रोण पर्व के श्लोक का उल्लेख किया ÷न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाश नम्अर्थात मैं राज्य, स्वर्ग या मोक्ष की कामना नहीं करता, बल्कि मेरी कामना दुखी प्राणियों के दुःख दूर करने में सहायक होना है। रामकरण यादव ने किदवई नगर वार्ड में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का उल्लेख किया। कहा कि यहां स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोगों को लाभ उठाना चाहिए। यहां प्रत्येक रविवार को आरोग्य मेले का भी आयोजन किया जाता है। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने लोगों को जांच के महत्व से अवगत कराया। कहा कि समय से जांच होने पर समस्या का समाधान आसान हो जाता है। इस अवसर पर डॉ स्नेहा सोनकर डॉ रविंद्र सिंह, रामकुमार यादव, प्रवेश यादव अशोक जी अवधेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने निःशुल्क जांच कराई। चिकित्सकों द्वारा उनको उचित परामर्श दिया गया।

# यूपी टी-20 लीग: मेरठ मावरिक्स ने नोएडा किंग्स को आसान मुकाबले में 41 रन से हराया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

गत विजेता मेरठ मावरिक्स ने नोएडा किंग्स को आसान मुकाबले में 41 रन से हराते हुए यूपी टी-20 लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। मेरठ के 184 रन के जवाब में नोएडा की टीम नौ विकेट खोकर 143 रन बना सकी। मुकाबले में मेरठ टीम में शामिल लखनवी स्पिनर जीशान ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए महज 17 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे मेरठ ने 34 रन के योग पर दोनों सलामी बल्लेबाज खो दिए। अक्षय पांच और स्वास्तिक 20 रन पर आउट हुए। तीसरे क्रम पर रितुराज शर्मा ने 19 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 34 रन की तेज पारी खेली, जबकि कप्तान रिंकू सिंह (10) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद दिव्यांश राजपूत ने 28 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 53 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर मेरठ को 184 रन तक पहुंचाया। टीम ने ऋतिक वत्स ने 18 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन की उपयोगी पारी खेली। जवाब में नोएडा को पहले ही ओवर में दो झटके लगे, जब विशाल चौधरी ने शिवम चौधरी (0) और प्रियांशु पांडेय (0) को पवेलियन भेजा।

# शिवपुरी गांव में कजरी तीज पर बाबा भदेश्वर नाथ शिव मंदिर भव्य मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बीकेटी के शिवपुरी गांव में कजरी तीज के अवसर पर पौराणिक स्थल श्री बाबा भदेश्वर नाथ शिव मंदिर शिवपुरी में भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस पौराणिक मंदिर का वर्णन शिवमहापुराण, स्कंदपुराण और रामचरितमानस में मिलता है तथा यहीं पर बाणासुर की पुत्री ऊषा भगवान शिव से ज्ञान प्राप्त करने आती थी और यहीं पर उस शिला के अवशेष आज भी यहा रखे है जिस शिला का प्रहार बाणासुर ने भगवान श्रीकृष्ण पर किया था जिसे भगवान श्रीकृष्ण ने खंडित कर दिया था यहां परिसर में रखे है तथा रणबाबा के चबूतरे में तथा मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर देवरी रूखारा में रखे हैं। यहां प्रतिवर्ष कजरी तीज के अवसर पर भव्य मेला और विशाल दंगल का भी आयोजन दोपहर 2 बजे से किया जाता है। इस बार भी उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन के साथ साथ रात्रि 7 बजे से मशहूर शूक्ला जागरण पार्टी के द्वारा जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे वहीं ग्राम प्रधान एवं अध्यक्ष श्री बाबा भदेश्वर नाथ ट्रस्ट शिवपुरी के अध्यक्ष रामविलास से इस संबंध में संपर्क किया गया तो, उन्होंन बताया कि दुकानदारों को सारी सुविधाएं नि- शुल्क प्रदान की जायेंगी और सभी मेला में आये श्रृद्धालुओं सुरक्षा भी की जायेंगी।

# रश्मि खंड में गूंज संस्था के सहयोग से राहत सामग्री संग्रहण कैंप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



रश्मि खंड के निवासियों ने रविवार को मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए गूंज संस्था की कार्यकर्ता रूचि श्रीवास्तव के साथ मिलकर एक राहत सामग्री संग्रहण कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य देश के बाढ़ प्रभावित राज्यों में ज़रूरतमंदों तक मदद पहुँचाना था। कैंप में स्थानीय लोगों ने कपड़े, बर्तन, खाद्य सामग्री, बच्चों के लिए स्टेशनरी व खिलौने आदि एकत्रित कर दान स्वरूप दिया। गूंज संस्था की कार्यकर्ता रूचि श्रीवास्तव ने संस्था की कार्यप्रणाली और उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी तथा लोगों से लगातार समाजहित में जुड़ने की अपील की। कैंप में सक्रिय रूप से भाग लेने वालों में मिनाक्षी सिंह, रेनू सिंह, प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. भारती त्रिपाठी सहित सोसायटी के अन्य निवासियों का विशेष योगदान रहा। स्थानीय लोगों ने कैंप की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पूरे प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में सत्रीय परीक्षाएं आज से

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 की प्रथम सत्रीय परीक्षा सोमवार 25 अगस्त से शुरू हो रही हैं। हालांकि शिक्षकों की एक तरफ बीएल ओ ड्यूटी लग रही है। तो दूसरी तरफ राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद (एससीईआरटी) की ओर से मूलभूत साक्षरता व संख्यातमकता (एफएलएन) की ट्रेनिंग भी कराई जा रही है। परिषदीय स्कूलों में यह परीक्षा पहले 18 से 23 अगस्त तक कराये जाने के निर्देश दिए गए थे। बाद में स्कूलों की विलय प्रक्रिया में समय लगने के कारण इसको संशोधित करते हुए 25 से 30 अगस्त तक कराने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में शिक्षक संगठन शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी न लगाने की मांग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा है कि विद्यालयों में वैसे ही शिक्षक कम हैं।अब बीएलओ ड्यूटी लगने से विद्यालय की परीक्षा, पढ़ाई आदि काम प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि यह स्थानीय चुनाव है। इसमें लेखपाल, सेक्रेटरी, रोजगार सेवक, पंचायत मित्र की ड्यूटी लगाई जाए। इसके बाद भी जरूरत हो तभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार शिक्षकों कि ड्यूटी शिक्षण कार्य से इतर लगाने से शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षकों के चयन वेतनमान, पदोन्नति, मेडिकल, ईएल, सीएल देने की मांग पर शासन कोई निर्णय नहीं ले रहा है। इसी तरह शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने का मामला कई साल से चल रहा है। शासन और विभाग इस तरफ भी ध्यान दें।

### लखनऊ में करीब 1600 स्कूलों में होनी है परीक्षा

परिषदीय विद्यालयों में सोमवार से सत्र परीक्षाओं की शुरुआत होगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं। सत्र परीक्षा के तहत कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों के लिए परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। सभी कक्षाओं की परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक और सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक होंगी। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में संचालित 1599 प्राइमरी स्कूलों में करीब 1.70 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। अप्रैल से यहां नए सत्र के लिए कक्षाओं की शुरुआत हो गई थी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम में 25 से 29 अगस्त तक सभी विषयों की परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा कार्यक्रम में कक्षा एक की सत्र परीक्षा मौखिक रूप में, कक्षा दो और तीन तक की सत्र परीक्षा 50 प्रतिशत लिखित और 50 प्रतिशत मौखिक, कक्षा चार और पांच में सत्र परीक्षा 70 प्रतिशत लिखित और 30 प्रतिशत मौखिक रूप में कराने के लिए कहा गया है। इसी तरह से कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों की सभी विषयों की परीक्षा लिखित रूप में लेने के लिए कहा गया है। परीक्षा में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

# घर पर पड़ा मिला मां-बेटे का शव, मकान में सिर्फ मिला पालतू कुत्ता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

गाजीपुर के रवींद्रपल्ली इलाके में शनिवार शाम बेला चक्रवर्ती (90) व उनके बेटे असीम चक्रवती (65) का शव घर में पड़ा मिला। इस सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस का दावा है कि दोनों की स्वाभाविक मौत हुई है। बुजुर्ग मां-बेटे घर में अकेले ही रहते थे। एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह ने बताया कि बेला चक्रवर्ती के पड़ोसी के घर में निर्माण में लगे मजदूर ने शनिवार दोपहर असीम को उनके घर के पोर्टिको में पड़े देखा। कई घंटे तक असीम उसकी हालत में पड़े रहे। शाम करीब पांच बजे मजदूर ने मकान मालिक को इस बात की खबर दी। पड़ोसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस जब घर के अंदर पहुंची तो पोर्टिको में असीम का शव पड़ा था। कमरे में बुर्जुग मां बेला का शव सोफे पर पड़ा था। फॉरेंसिक टीम घर में छानबीन की। एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह ने बताया कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य मां-बेटे की स्वाभाविक मौत की ओर इशारा कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह और सही समय का पता चल सकेगा। घर में सभी सामान अपनी जगह पर मौजूद हैं। चौकी इंचार्ज जय नारायण दोहरे ने बताया कि पुलिस जब बेला चक्रवर्ती के घर पहुंची और गेट खोला तो घर में मौजूद पालतू कुत्ता उग्र हो गया। कुत्ते का आक्रामक रूप देख पुलिस वाले भी पीछे हट गए। डॉग हैंडलर ने आकर किसी तरह कुत्ते को काबू किया और उसे छत पर भेजा दिया। उन्होंने बताया कि कुत्ते की देखरेख के एक एनजीओ से बात की गई है। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक बेला चक्रवर्ती के पति प्रकाश चंद्र चक्रवर्ती रेलवे में अधिकारी थे। उनकी मौत के बाद बेला को फैमिली पेंशन मिलती थी, जिससे परिवार को खर्च चलता था। असीम एक प्राइवेट कंपनी से सेवानिवृत्त थे। जांच में पता चला है कि असीम के दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी है। घर में किसी का आना-जाना नहीं था। मां-बेटे भी घर से कम निकलते थे। पुलिस ने किसी तरह उनके कुछ रिश्तेदारों का नंबर हासिल कर उनसे संपर्क किया।

# प्रदेश के इन तीस जिलों में सोमवार को भारी बारिश की चेतावनी, रविवार को सोनभद्र में हुई रिकॉर्ड बरसात

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में दोबारा सक्रिय हुए मानसून के बाद बीते तीन दिनों में प्रदेश के दक्षिणी और तराई इलाकों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश देखने को मिली है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई के 30 जिलों में मध्यम से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 26 अगस्त से अगले पांच दिनों के लिए मानसूनी बारिश में कमी आएगी। रविवार को दक्षिणी जिले सोनभद्र में सर्वाधिक 130 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं मिर्जापुर में 105 मिमी, भदोही में 98 मिमी और प्रयागराज में 72 मिमी बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को यूपी के पूर्वी और तराई इलाके के 30 जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश के संकेत हैं। 26 अगस्त से अगले चार-पांच दिनों के लिए मानसूनी बारिश धीमी पड़ेगी।

# राजा विश्वनाथ शरण इंटर कॉलेज के तीसरी बार प्रबंधक बने मृगांकेश्वर शरण सिंह

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



जनपद के तहसील तिलोई में स्थित राजा विश्वनाथ शरण शिक्षण संस्थान में रविवार को साधारण सभा की बैठक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संस्थान के कुल 69 सदस्यों में से 58 सदस्य मौजूद रहे। सर्वसम्मति से कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह को लगातार तीसरी बार प्रबंधक और कुंवर उत्कर्ष सिंह को उप प्रबंधक चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन और राजा विश्वनाथ शरण सिंह व राजा मोहन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभा की अध्यक्षता विनय कुमार सिंह ने की, जबकि बैठक की प्रक्रिया जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी द्वारा नामित पर्यवेक्षक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल की देखरेख में पूरी की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। साधारण सभा के अध्यक्ष पद पर राजा मयंकेश्वर शरण सिंह और उपाध्यक्ष पद पर राजा विनय कुमार सिंह चुने गए। इसी क्रम में प्रबंधक पद पर एक बार फिर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह का चयन किया गया,जबकि कुंवर उत्कर्ष सिंह को उप प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। नव निर्वाचित प्रबंधक मृगांकेश्वर शरण सिंह ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि संस्था के विकास और विद्यार्थियों की प्रगति के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन की परंपरा को बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया। सभा के बाद प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें नव निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर रमेश कुमार सिंह, संतबख्श सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह,अर्जुन सिंह भदौरिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक के अंत में साधारण सभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस तरह साधारण सभा की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और नए पदाधिकारियों के चयन के साथ संस्था के भविष्य की दिशा तय हुई।

## ग्राम प्रधान पर 7 विसवा जमीन हड़पने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर मजरे मनहेरु में जमीन विवाद सामने आया है। पीड़ित शिव सरन मिश्रा ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। जमीन का सौदा एक लाख 80 हजार रुपये प्रति विसवा की दर से तय हुआ था। शिव सरन मिश्रा का आरोप है कि ग्राम प्रधान और उनके साथी केवल एक विसवा का भुगतान करना चाहते हैं। साथ ही वे जबरन 7 विसवा जमीन अपने नाम करवाना चाहते हैं। पीड़ित के अनुसार, ग्राम प्रधान और उनके साथी मात्र 1 लाख 80 हजार रुपये में पूरी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। न्याय की मांग को लेकर पीड़ित को एसपी कार्यालय जाना पड़ा है।

# रायबरेली में गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व बड़े उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के गुरु नानक नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में आज गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा और भाईचारे के साथ मनाया गया। प्रातः 3 बजे सुखमनी साहिब का पाठ शुरू हुआ, जिसके बाद 4 बजे सैकड़ों संगत की उपस्थिति में मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जगरूप सिंह जी ने अरदास की।

संगत ने **सतनाम वाहेगुरु साहिब जी** का जाप करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन किए। हुकमनामा लिया गया और जपजी साहिब सहित पांच बानियों का पाठ हुआ। गुरुद्वारा साहिब के हुजूरी रागी जत्थे ने कीर्तन किया। 22 अगस्त को शुरू हुए अखंड पाठ साहिब की समाप्ति आज प्रातः 7:30 बजे हुई, जिसके बाद लंगर का आयोजन हुआ। लंगर की सेवा स. सुरेंद्र सिंह मोगा परिवार ने की। गुरुद्वारा साहिब को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया, जिसमें अमन बग्गा, तजिंदर सिंह बग्गा और अमन गांधी ने योगदान दिया। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के मुख्य संरक्षक स. बसंत सिंह बग्गा, अध्यक्ष स. हरमंदर सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुमेज सिंह सलूजा, महामंत्री स. बलवीर सिंह गांधी, संरक्षक गुरुबक्श सिंह बग्गा, सतनाम सिंह मोंगा, बलजीत सिंह मरवीजा, मंजीत सिंह गांधी, नरेंद्र सिंह अरोड़ा, गुरमीत सिंह मोंगा, युवा अध्यक्ष यश गांधी, शैंकी गांधी, नरेंद्र सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह गांधी, परमजीत सिंह अरोड़ा, मीडिया प्रभारी सतपाल सिंह बग्गा, सोनू सेठ, सोनू गांधी, हरजीत सिंह सलूजा, निर्मल सिंह खनूजा, बलजीत सिंह गांधी, जसप्रीत सिंह गांधी, सिमरन सिंह मखीजा, कमलजीत सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह अरोड़ा, इंदरजीत सिंह (धार्मिक मंत्री), गगनदीप सिंह बग्गा, रतन सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह, निरंजन सिंह गांधी, सुरेंद्र सिंह मल्होत्रा, सतबीर सिंह मल्होत्रा, कबीर मोंगा, सोना सिंह मोगा, बलजीत सिंह मोगा, इंदरजीत सिंह मोंगा, गुरदीप सिंह मोंगा, इंदरजीत सिंह सलूजा, गोबिंद सिंह सलूजा, करनदीप सिंह मोंगा, जसबीर सिंह गांधी, जसपाल सिंह मल्होत्रा, बलवीर सिंह तनेजा, गुरजीत सिंह तनेजा, तेजपाल सिंह मोगा, त्रिलोचन सिंह मोंगा, अवतार सिंह गांधी, कल्याण सिंह गांधी , गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल और स्त्री सत्संग सभा ने विशेष योगदान दिया।

# जाफरगंज मंडी के पास सड़क हादसा, ट्रेलर और खड़ी पिकअप में टक्कर, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के जगदीशपुर के कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर शनिवार रात जाफरगंज मंडी के पास तेज रफ्तार से जा रहा ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी पिकअप से जा टकराया।जोरदार टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई और दोनों वाहन चालक सुरक्षित बच निकले।

मिली जानकारी के अनुसार बाजार शुकुल निवासी गौरव तिवारी ट्रेलर लेकर बाराबंकी की आईबी फैक्ट्री से पशु दाना लादकर लौट रहे थे।जैसे ही वह जाफरगंज मंडी के पास पहुंचे, तभी रानीगंज निवासी अख्तर अली अपनी पिकअप गाड़ी में टेंट का सामान लादने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच ट्रेलर अनियंत्रित होकर पिकअप से जा भिड़ा।हादसे में पिकअप के शीशे और आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रेलर का अगला शीशा और हेडलाइट भी टूटकर बिखर गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि आस पास के लोग दहशत में आ गए। और तुरंत घटनास्थल की ओर भागे। ट्रेलर चालक गौरव तिवारी ने बताया कि भारी वाहन होने के कारण अचानक सामने आए वाहन को देखकर वह समय रहते ब्रेक नहीं लगा सके और हादसा हो गया। दूसरी ओर पिकअप चालक अख्तर अली ने ट्रेलर चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर वाहन नियंत्रित गति में होता तो टक्कर टल सकती थी।हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल दोनों वाहन चालकों ने मामले को आपसी बातचीत से निपटाने की बात कही है।गौरतलब है कि लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार और भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल और चौकसी की व्यवस्था बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## 30-40 किमी के रूट पर 12 सवारी बिठाकर चल रहे ऑटो, बेअसर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के सारस चौराहे पर सीएनजी ऑटो चालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। एक ऑटो में 10 से 12 सवारियां बिठाई जा रही हैं। चालक छत पर भी भारी सामान लाद रहे हैं। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से सामने आया है। सारस चौराहे से अमेठी जनपद के जायस और गौरीगंज तक का रूट 30-40 किलोमीटर है। इस मार्ग पर प्रति यात्री 70-80 रुपए किराया वसूला जा रहा है। करीब 20-25 सीएनजी ऑटो यहां अवैध रूप से चल रहे हैं। ऑटो चालक इमरान और रामसमूज ने इस विषय में कोई जवाब नहीं दिया। 24 अगस्त 2025 को सुबह मिल एरिया थाना क्षेत्र के सारस चौराहे पर यह गतिविधियां देखी गईं। रोडवेज और निजी बस चालकों ने पुलिस से शिकायत की है। चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी कार्रवाई से बच रहे हैं। इस अवैध संचालन से सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है।

**श्मशान भूमि पर अवैध कब्जा, प्रशासन की चुप्पी से बढ़ा रोष**

# ग्रामीणों ने लेखपाल और भू-माफिया पर मिलकर खेल रचने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के थाना क्षेत्र अमेठी अंतर्गत ग्राम जंगल रामनगर में श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे का मामला गरमा गया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में भूमाफिया और स्थानीय लेखपाल पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम अमेठी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। लोगों का कहना है कि यह गांव के सम्मान और जनहित से जुड़ा मुद्दा है,लेकिन प्रशासन की चुप्पी ने ग्रामीणों में नाराजगी और अविश्वास दोनों पैदा कर दिए हैं।ग्रामवासियों ने बताया कि ग्रामसभा की गाटा संख्या 2273,जिसकी कुल भूमि लगभग 0.0630 हेक्टेयर है, श्मशान घाट के लिए सुरक्षित की गई थी। लेकिन गांव के ही राम प्यारे सरोज नामक भू-माफिया इस भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे खेल में स्थानीय लेखपाल प्रभात सिंह उनकी मदद कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक यह कोई नया विवाद नहीं है। करीब दो साल पहले भी भू-माफिया ने यहां कब्जा करने की कोशिश की थी।उस समय तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी।और भूमि का सीमांकन कराते हुए स्पष्ट किया था कि यह जमीन श्मशान घाट की है।सीमांकन के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी।लेकिन अब एक बार फिर कब्जे की साजिश रची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल प्रभात सिंह ने कथित रूप से मिलीभगत कर राम प्यारे सरोज को निर्माण की मौन स्वीकृति दे दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल ही में श्मशान भूमि पर निर्माण सामग्री भी डलवाई गई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया है। गांव वालों का कहना है कि श्मशान घाट किसी भी गांव की सामूहिक संपत्ति है, जो अंतिम संस्कार जैसी जरूरी धार्मिक और सामाजिक परंपराओं के लिए सुरक्षित रखी जाती है। यदि इस भूमि पर अवैध कब्जा हो जाता है तो भविष्य में ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।यही कारण है कि गांव के लोग इसे जनहित का मामला मानते हुए खुलकर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राजस्व टीम भेजकर अतिक्रमण रोकने और दोषी लेखपाल व भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।उनका कहना है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल उपजिलाधिकारी ने जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन कार्रवाई न होने से गांव में असंतोष और तनाव का माहौल बना हुआ है। लोग प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

# एक ही बिस्तर पर सो रहीं चाची-भतीजी को नाग-नागिन ने डसा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के जायस थाना क्षेत्र के मीरमऊ गांव में देर रात घर में सो रही चाची और भतीजी को सांप ने डस लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। इस घटना ने न सिर्फ पीड़ित परिवार बल्कि पूरे गांव को शोका कुल कर दिया है। घटना शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे की है। मीरमऊ गांव निवासी 35 वर्षीय शकीला अपनी भतीजी साइमा के साथ एक ही बिस्तर पर सो रही थीं। इसी दौरान कमरे में घुसे नाग-नागिन के जोड़े ने दोनों को डस लिया। सांप के डसते ही दोनों ने चीखना शुरू किया, जिससे घर में हड़कंप मच गया। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और तत्काल दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद शकीला और साइमा को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार शकीला के पति सऊदी अरब में काम करते हैं, जबकि साइमा के पिता भी रोजगार के सिलसिले में कतर में रहते हैं। इस दुखद घटना की सूचना विदेश में रह रहे दोनों को दे दी गई है।घर में मातम पसरा है। और परिवार के लोग बेसुध हाल में हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने घर में घुसे सांपों की तलाश शुरू की।कुछ ही देर बाद नाग-नागिन का जोड़ा दिखाई दिया। जिसे ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से मार डाला।ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में खेतों और गांव के आसपास सांपों की संख्या बढ़ी है, जिससे लोग दहशत में जी रहे हैं। घटना की सूचना पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची और पूरी घटना का ब्यौरा तैयारकर उच्चाधिकारियों को भेज दिया। स्थानीय कोटेदार ने भी घटना की पुष्टि की है। सुबह से बड़ी संख्या में लोग मृतकों के घर पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, जब इलाके में सांप के डसने से किसी की मौत हुई हो। उन्होंने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गांवों में सर्पदंश से बचाव और त्वरित उपचार की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से लोगों की जान बचाई जा सके। दोनों की एक साथ मौत से मीरमऊ गांव में मातम का माहौल है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। और गांव में गहरी शोक की लहर व्याप्त है।

## आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर की दबिश की कार्यवाई

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आबकारी आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशों के अनुपालन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन तथा जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक व थाना बछरावाँ अंतर्गत संदिग्ध ग्राम कन्नावा एवं थुलेंडी में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 27 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा 160 किलोग्राम महुआ निर्मित लहन मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही, 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए। आबकारी विभाग की ओर से यह स्पष्ट किया गया।

# नौ सूत्रीय मांगों के पूरा न होने पर संगठन करेगा धरना प्रदर्शन: राजेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखा-रायबरेली का प्रतिनिधिमंडल आज जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और नौ सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्यालयों में नियुक्त ऐसे शिक्षक /शिक्षिका जो पूर्व में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे उनको **पुरानी पेंशन** हेतु अन्य जनपदों की भांति विकल्प पत्र प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिए। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों के चयन वेतनमान की ऑनलाइन प्रक्रिया जब तक सुचारू रूप से शुरू नहीं हो जाती तब तक अन्य जनपदों की भांति ऑफलाइन व्यवस्था के तहत चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाएं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में विगत 4-5 माह से कन्वर्जन कॉस्ट की धनराशि नहीं प्रेषित की गयी है जिसके कारण प्र0 अ0 अपने स्तर से एमडीएम की व्यवस्था चला रहे हैं जिसके कारण व्यवस्था बाधित हो सकती है। खाद्यान्न भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि अन्य जनपद से स्थानान्तरित होकर आये शिक्षक/ शिक्षिकाओं को ऑनलाइन सेवा-पुस्तिका आ जाने के बावजूद जुलाई माह में अर्ह वेतनवृत्ति नहीं प्रदान की गयी है। उन्हें तत्काल वेतन वृद्धि प्रदान करने की जाए। जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि अनुसूचित जाति /जनजाति के शिक्षक/शिक्षिकाओं की वेतनवृद्धि और चयन वेतन मान अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त भी लम्बित है। उन्हें वेतनवृद्धि और चयन वेतनमान तत्काल निर्गत करने का कष्ट करें। जनपदीय उपाध्यक्ष डा बृज किशोर ने कहा कि प्रा0वि0 मधुकरपुर (प्राचीन) वि0क्षे0 डलमऊ की इ0प्र0अ0 संध्या पाल का एक दिवस का वेतन लम्बे समय से बाधित है व प्रतिकूल प्रविष्टि भी प्रदान की गयी है। शिक्षिका द्वारा कमियों का निराकरण करते हुए वेतन बहाली और प्रतिकूल प्रविष्टि हटाने का प्रार्थना-पत्र दिया गया है,उनका वेतन बहाल कर प्रतिकूल प्रविष्टि हटाई जाए। जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि महानिदेशक स्कूली शिक्षा, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 17/06/25 को आयोजित बैठक में दिए गये निर्देशों के क्रम में- जब तक किसी कर्मचारी के अवकाश खाते में अवकाश उपलब्ध है, विशेषकर आकस्मिक अवकाश तब तक वेतन कटौती न की जाय।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0खं0-बहादुरपुर, जनपद-अमेठी

पत्रांक-364-71/2025-26, दिनांक-23.08.2025

**विज्ञप्ति/नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बहादुरपुर के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों की नीलामी/ध्वस्तीकरण हेतु जनपदीय मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य अथवा सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलामी की जानी है। जिनका विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन/कक्षा कक्ष/ढांचा | न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्पोजिट विद्यालय जायस | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 17132.00 |
| 2 | कम्पोजिट विद्यालय खैरहना | 04 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 60126.00 |
| 3 | कम्पोजिट विद्यालय खैरहना | 05 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 61753.00 |
| 4 | कम्पोजिट विद्यालय खैरहना | मुख्य भवन प्राथमिक | 37738.00 |
| 5 | कम्पोजिट विद्यालय खैरहना | रसोई घर | 2653.00 |
| 6 | कम्पोजिट विद्यालय मोहैया केसरिया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 21877.00 |
| 7 | कम्पोजिट विद्यालय मोहैया केसरिया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 20584.00 |
| 8 | कम्पोजिट विद्यालय मोहैया केसरिया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 18787.00 |
| 9 | कम्पोजिट विद्यालय नवावां | 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 43755.00 |
| 10 | कम्पोजिट विद्यालय विजयपुर | मुख्य भवन उच्च प्राथमिक | 64021.00 |
| 11 | उच्च प्राथमिक विद्यालय पीढ़ी | मुख्य भवन उच्च प्राथमिक | 60659.00 |
| 12 | प्राथमिक विद्यालय भदेहरा | 01 अतिरिक्त कक्षा | 24766.00 |
| 13 | प्राथमिक विद्यालय भदेहरा | 01 अतिरिक्त कक्षा | 25787.00 |
| 14 | प्राथमिक विद्यालय चकदहिरामऊ | रसोई घर | 3289.00 |
| 15 | प्राथमिक विद्यालय फरदीपुर परवर | 01 अतिरिक्त कक्षा | 21221.00 |
| 16 | प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर मवैया | 02 अतिरिक्त कक्षा | 51574.00 |
| 17 | प्राथमिक विद्यालय हरवंशगंज | 01 अतिरिक्त कक्षा | 23785.00 |
| 18 | प्राथमिक विद्यालय मवई आलमपुर | रसोई घर | 3289.00 |

उक्तानुसार जनपदीय मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित नीलामी मे प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति/फर्म उक्त विद्यालयो का नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर लें। तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि की डी0डी0 प्रतिभूति के रूप में सम्बन्धित विद्यालय प्रबन्ध समिति के नाम से निर्मित कराकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर नीलामी से सम्बन्धित नियम शर्तो सहित आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। तद्परान्त नीलामी प्रक्रिया निम्नानुसार सम्पन्न की जायेगी-

1. प्रथम चक्र की नीलामी दिनांक-01.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय सभागार में प्रातः 11:00 बजे सम्पन्न की जायेगी। जिसके लिए दिनांक-30.08.2025 को सायं 05 बजे आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं।
2. प्रथम चक्र की नीलमी में अवशेष जर्जर भवनों/कक्षा कक्षों आदि की नीलामी द्वितीय चक्र की नीलामी मे दिनांक-12.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय सभागार मे प्रातः 11:00 बजे सम्पन्न की जायेगी, जिसके लिए दिनांक-08.09.2025 को सायं 05 बजे आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं।
3. द्वितीय चक्र की नीलामी में अवशेष जर्जर भवनों/कक्षा कक्षों आदि की नीलामी तृतीय चक्र की नीलामी में दिनांक-19.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय सभागार मे प्रातः 11:00 बजे सम्पन्न की जायेगी। जिसके लिए दिनांक-18.09.2025 को सायं 05 बजे आवेदन प्राप्त एवं जमा किये जा सकेगें।

(राकेश कुमार सचान)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
बहादुरपुर-अमेठी

## श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए 25 अगस्त से 05 सितम्बर तक चलेगा विशेष पंजीयन अभियान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार ने बताया है कि उप श्रमायुक्त, उ0प्र0 राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, लखनऊ के द्वारा प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराये जाने हेतु 25 अगस्त से 05 सितम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाये जाने, अभियान अवधि में विशेष पंजीयन कैम्पों की लोकेशन गूगल फार्म में, लिंक/यू0 आर0 एल0 पर अपलोड किये जाने तथा अभियान अवधि की प्रगति निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित करने के निर्देश दिये गये हैं। विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा उनके परिवारों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित किया जाना है। अभियान अवधि में प्लेटफार्म एग्रीगेटर्स (सेवायोजक) से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है। सहायक श्रमायुक्त ने प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु जनपद रायबरेली में निर्धारित तिथियों में कैंप आयोजित किए जाने के लिए अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

**परेशानियां | बारिश के पानी में मिला कचरा**

# विकासखण्ड तिलोई के नारायणगंज तिराहे पर कूड़े का अंबार

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



तिलोई कस्बे के नारायणगंज तिराहे पर गंदगी और कूड़े के ढेर ने स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं।राजमार्ग और तिलोई-इन्होना मार्ग के बीच इस व्यस्त तिराहे पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है।जिसमें पॉलीथीन और घरेलू कचरे से लेकर सड़े-गले पदार्थ तक शामिल हैं।

लगातार हो रही बरसात से कचरे में पानी मिल गया है, जिससे स्थिति और गंभीर बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश का पानी और कचरे का मिश्रण तिराहे के चारों ओर गंदगी फैला रहा है।इससे पूरे इलाके में बदबू फैल रही है।और मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की गंदगी और जलजमाव से डेंगू, मलेरिया, हैजा और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। तिराहे से रोजाना सैकड़ों वाहन और हजारों लोग गुजरते हैं। गंदगी और दुर्गंध के कारण राहगीरों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। आसपास रहने वाले लोग लगातार बीमारियों के खतरे से दहशत में हैं। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई।

लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कूड़ा उठाने के लिए न तो नगर पंचायत की गाड़ी आती है।और न ही सफाई कर्मियों की सक्रियता दिखाई देती है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह मौन हैं। जबकि यह तिराहा न सिर्फ स्थानीय आबादी के लिए बल्कि राहगीरों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। स्वच्छ भारत मिशन के दावों के बावजूद यहां कूड़े का ढेर साफ तौर पर लापरवाही को उजागर कर रहा है।

स्वास्थ्य से जुड़े जानकारों का कहना है कि यदि जल्द ही यहां से कचरा नहीं हटाया गया। और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो इलाके में महामारी फैलने का खतरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत सफाई अभियान चलाने और नियमित कचरा निस्तारण की व्यवस्था करने की मांग की है। फिलहाल नारायणगंज तिराहे पर गंदगी का यह अंबार प्रशासनिक उदासीनता का जीता- जागता उदाहरण बन गया है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि संबंधित विभाग शीघ्र कदम उठाकर उन्हें इस गंदगी और बीमारी के खतरे से राहत दिलाएगा।

# उत्तराखंड एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्स प्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त, 2025







**हर साल बरसात में बर्बाद होती हैं सड़कें....**

आपदाएं हर साल उत्तराखंड की एक तिहाई सड़कों को लहूलुहान कर रही हैं। इस बार भी मानसून 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान सड़क नेटवर्क को पहुंचा चुका है। प्रत्येक वर्ष 300 से 400 करोड़ रुपये का बजट आपदा की भेंट चढ़ जाता है। इसके बावजूद लोक... पढ़ें पेज 10 पर...

# प्रदेश का ऑनलाइन गेमिंग एक्ट अटका, पहले होगा केंद्र के कानून का अध्ययन

- ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी, कई गंवा चुके पूंजी...
- गेम ऑफ स्किल को छूट, सट्टेबाजी और जुए पर रहेगा प्रतिबंध...
- कड़े दंड प्रावधानों के साथ नया कानून लागू करेगा उत्तराखंड राज्य

**जन एक्सप्रेस । उत्तराखंड**



उत्तराखंड सरकार अपना ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू करने से पहले केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून का अध्ययन कर रही है। सरकार देख रही है कि केंद्र ने किन खेलों को इसमें शामिल किया है और किन्हें इससे बाहर रखा है। इसके बाद ही राज्य का नया एक्ट तैयार किया जाएगा।

ऑनलाइन गेमिंग देशभर में तेजी से फैल रहा है। कई एप और साइट्स के जरिए क्रिकेट, फुटबॉल, लूडो, शतरंज और ताश जैसे खेलों में लोग पैसे दांव पर लगा रहे हैं। इनमें रियल मनी गेम्स के चलते कई युवा अपनी जमा-पूंजी गंवा चुके हैं। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने पहले अपना गेमिंग एक्ट का खाका तैयार किया था, जिसमें कंपनियों को लाइसेंस देने और कौशल आधारित खेलों को छूट देने का प्रावधान था। वहीं, जुए और सट्टेबाजी जैसे खेलों पर पूरी तरह प्रतिबंध रखा गया था।

इस बीच, केंद्र सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग पर रोक लगाते हुए नया कानून लागू कर दिया है। इसमें विभिन्न प्रकार के मनी गेम्स को प्रतिबंधित किया गया है और उल्लंघन पर कड़ी सजा का प्रावधान भी किया गया है। इसके चलते उत्तराखंड सरकार अब अपने प्रस्तावित एक्ट का नए सिरे से अध्ययन कर रही है। सचिव गृह शैलेश बगौली ने कहा कि राज्य का ऑनलाइन गेमिंग एक्ट बनाने से पहले केंद्र के कानून का गहन अध्ययन किया जा रहा है। इसके बाद ही राज्य में नए नियम लागू किए जाएंगे।

## चौकी प्रभारी सनोज ने निभाई अहम भूमिका, मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को आश्रम भेजा



**विकास नगर।** हरबर्टपुर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने क्षेत्र में तीन-चार दिन से घूम रहे एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को आश्रम भेज दिया। हरबर्टपुर चौकी प्रभारी सनोज कुमार ने कहा कि पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी की उक्त व्यक्ति राहगीरों और वाहनों को रोककर पत्थर फेंक रहा है। जिससे लोगों में भय का माहौल था। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी ने उससे पूछताछ की तो उसने केवल अपना नाम ओम बताया। उसका कोई वारिस नहीं मिला। जिस पर चौकी प्रभारी ने गैर सरकारी संस्था अपना घर आश्रम, शुक्रताल (मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश) से संपर्क कर व्यक्ति के उपचार और भरण-पोषण की व्यवस्था करवाई। सनोज कुमार के प्रयासों से उक्त व्यक्ति को संस्था के सुपुर्द कर दिया गया, ताकि वह भविष्य में सामान्य जीवन जी सके।

# थराली आपदा का सीएम धामी ने लिया जायजा, बोले, ग्लेशियर में जमा मलबे का कराया जाएगा अध्ययन

- मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की तात्कालिक राहत राशि...
- थराली में युवती की मौत पर सीएम ने जताया शोक...

**जन एक्सप्रेस । चमोली**



**थराली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थराली आपदा के मद्देनज़र राहत एवं बचाव कार्यों को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धराली, थराली और स्यानाचट्टी में पानी के साथ भारी मलबा आने से स्पष्ट होता है कि ग्लेशियर किनारों पर जमा मलबा कच्चा हो रहा है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए इसका विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा।

सीएम धामी ने थराली आपदा में क्षतिग्रस्त भवनों के स्वामियों तथा मृतकों के परिजनों को तत्काल पाँच-पाँच लाख रुपये की राहत राशि देने के निर्देश दिए। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने शाम को राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नदी तटों पर बसे शहरों और कस्बों में ड्रेजिंग और चैनलाइजेशन कराने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों में लगातार गाद जमने से जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए इस दिशा में तेजी से कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने नदियों के किनारे खतरे की जद में आने वाले भवनों को खाली कराने के भी निर्देश दिए। थराली में मलबे में दबने से युवती की मौत पर शोक जताते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की और लापता व्यक्ति के सकुशल मिलने की कामना की। उन्होंने थराली के निवासियों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि मुश्किल की इस घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है।

# जिलाधिकारी की पहल पर एकेश्वर ब्लॉक में दो दिवसीय आधार कैंप, 110 लोगों ने उठाया लाभ

- च्जिलाधिकारी की पहल पर ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत,
- दो दिवसीय आधार कैंप में 110 लोगों को सेवा का लाभ

**जन एक्सप्रेस । पौड़ी**




डीएम स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर एकेश्वर ब्लॉक में शुक्रवार और शनिवार को विशेष आधार कैंप आयोजित किया गया। इस पहल से ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में ही आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं। पहले दिन अधिक संख्या में आवेदन होने के कारण दूसरे दिन भी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 110 ग्रामीणों ने आधार सेवाओं का लाभ लिया। बीते दिनों तहसील दिवस चौबट्टा खाल के दौरान ग्रामीणों ने आधार सेवाओं की कमी और कार्ड बनाने में आ रही कठिनाई की शिकायत की थी।

डीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम को तत्काल एकेश्वर ब्लॉक में कैंप लगाने के निर्देश दिए। कैंप के पहले दिन शुक्रवार को 67 और दूसरे दिन शनिवार को 43 लोगों के नए आधार कार्ड बनाए गए और अपडेट भी किए गए। इस प्रकार दो दिनों में कुल110 ग्रामीणों को आधार संबंधी सुविधा मिली।

डीएम स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि हर नागरिक को सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध हों और किसी को अना - वश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने बताया कि इस तरह की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी ताकि जनता को समय पर सेवा मिल सके। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें आधार अपडेट कराने के लिए दूरदराज नहीं जाना पड़ा। उन्होंने जिलाधिकारी और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि त्वरित कार्रवाई से उनकी बड़ी समस्या का समाधान हुआ।

**योजना से गांवों में बसा नया विश्वास : पहाड़ अब खाली नहीं होगा, बल्कि विकास और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगा**

# मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना बनी रोजगार की नई राह

**जन एक्सप्रेस । पौड़ी**



राज्य सरकार की मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना अब पहाड़ के गांवों के लिये नई उम्मीद बनकर सामने आ रही है। सरकार की मंशा और विभागों की सक्रियता से आज पलायन प्रभावित गांवों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जयहरीखाल विकासखंड के जड़ियाना क्लस्टर को इस योजना के तहत चयनित किया गया था। यहां कृषि, उद्यान, डेयरी, पशुपालन, शिक्षा और रेशम जैसे विभागों की 13 योजनाओं को हरी झंडी मिली।

लगभग 357 लाख रुपये की स्वीकृति में से 283.07 लाख रुपये का सफल व्यय कर लिया गया। अब तक 9 कार्य पूर्ण और 4 कार्य प्रगति पर हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी इसी क्लस्टर को चुना गया, जिसमें 07 कार्यदायी संस्थाओं के 07 कार्यों पर 151.93 लाख रुपये स्वीकृत हुए। इनमें से 129.43 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और खास बात यह कि 09 के सापेक्ष 08 कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि 01 कार्य अंतिम चरण में है।

सबसे अहम कदम सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उठाया जब केवल जड़ियाना तक सीमित न रहकर अन्य पलायन प्रभावित गांवों को भी योजना में जोड़ा गया। कुल 15 कार्यदायी संस्थाओं हेतु 15 योजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें औषधीय पौधा रोपण, दोना-पत्तल यूनिट, उन्नत नस्ल की बकरी खरीद, लो पॉली टनल, शहतूत रोपण जैसे कार्य शामिल हैं। लगभग 164.87 लाख रुपये की कार्ययोजना में से अब तक डेयरी विभाग, मत्स्य, कृषि विभाग और उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न कार्यों में 32.18 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं। इनमें 01 कार्य पूरा, 06 प्रगति पर और 09 शीघ्र शुरू होने वाले हैं।

मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि योजना का सबसे बड़ा परिणाम यह हुआ कि पलायन प्रभावित गांवों में युवा और ग्रामीण अब गांव में ही रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तलाश रहे हैं। डेयरी, पोल्ट्री, उद्यान, औषधीय पौधों और पारंपरिक संसाधनों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह आसान हुई है। ग्रामीण बताते हैं कि अब उन्हें आजीविका के लिए शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ रहा। गांव में ही डेयरी, बकरी पालन, पोल्ट्री और कृषि आधारित स्वरोजगार से बेहतर आमदनी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जयहरीखाल ब्लॉक के जड़ियाना गांव के अलावा द्वारिखाल, रिखणीखाल, पोखड़ा, यमकेश्वर, नैनीडांडा, बीरोंखाल, यमकेश्वर और विकासखंड खिर्सू में भी मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम हेतु गांवों का चयन किया गया है। कहा कि इन विकास खंडों मे भी विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिससे यहां के लोग अपने ही गांव में रहकर रोजगार से जुड़ सकेंगे।

राज्य सरकार की यह योजना न सिर्फ पहाड़ के गांवों में विकास की गंगा बहा रही है, बल्कि पलायन रोकने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री की इस पहल से यह संदेश साफ है कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर सफलता पूर्वक लागू करना है।

# धराली आपदा में दिवंगतों की स्मृति में वरुणावत पर्वत की तल्हटी में सामूहिक वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**



**उत्तरकाशी।** धराली आपदा में अपनी जान गवाने वालों की स्मृति में रविवार को श्याम स्मृति वन पर्यावरण संस्थान की और से वरुणावत पर्वत की तल्हाटी में सेकड़ों वृक्ष रोपे गए। कार्यक्रम की शुरुआत आईपीएस अधिकारी सुरजीत सिंह पंवार के कर कमलों द्वारा हुआ । इससे पहले श्याम स्मृति वन संस्थान द्वारा उनको शाल, माला पहनाकर उनका स्वागत किया । इस अवसर पर आईपीएस अधिकारी पंवार ने कहा 5 अगस्त को धराली में आयी भीषण आपदा ने स्था नीय व अन्य सेकड़ों लोगों ने अपनी जान गवाई। उनकी आत्मा कि शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी और साथ ही मृत लोगों की स्मृति के लिए वृक्षारोपण किया गया है। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी प्रताप पोखरियाल, डा. शंभू प्रसाद नटियाल पूर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रेम सिंह पंवार होटल एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह मटूड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चौहान, मंगलेश्वर नौटियाल, पंडित रविंद्र नटियाल, शम्भू प्रसाद नौटियाल, जीतवर सिंह नेगी, लोकेन्द्रपाल परमार,जगमोहन चौहान, सहित अन्य शामिल रहे।।

# युवती से छेड़खानी में कार चालक और उसका साथी गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस । कोटद्वार**

कोटद्वार कोतवाली पुलिस ने कार चालक और उसके साथी को युवती से छेड़खानी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने नोएडा से कोटद्वार के लिए कार बुक की थी। पुलिस के मुताबिक कोटद्वार निवासी एक युवती ने तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि को उन्होंने, बला-बला एप्प से नोएडा-विजयनगर बाईपास से कोटद्वार आने के लिए एक कार बुक की थी। कार जब कोटद्वार पहुंची तो चालक व उसका साथी खाना खाने का बहाना बनाकर गाड़ी को अपने किराये के मकान सिम्बलचौड़ ले गए। वहां दोनों ने युवती से अभद्रता व छेड़छाड़ की। जिसके बाद वह किसी तरह वहां से बच निकलकर भाग गई। पुलिस से मामले का गंभीरता लेते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद पुलिस टीम ने पहले आरोपियों के किराये के आवास पर दबिश दी लेकिन आरोपी तब तक फरार हो चुके थे। पुलि ने सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस की मदद दोनों आरोपियों को बीएल रोड, कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने प्रकरण में पीड़िता के बयान धारा 183 बीएनएसएस के अंतर्गत माननीय न्यायालय में दर्ज कराए गए हैं। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान कपिल सोम निवासी केश्वा कुंज गोविंदपुरम गाजियाबाद, यूपी व मोहित राणा निवासी- शंकर बिहार मुरादाबाद, गाजियाबाद यूपी के रूप में की है। बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई जा रही है।

# उत्तरकाशी आपदा प्रबंधन जन मंच के द्वारा धराली आपदा प्रभावित छात्रों की जानकारी जुटाई गई

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**


उत्तरकाशी आपदा प्रबंधन जन मंच

**उत्तरकाशी।** धराली आपदा से प्रभावित छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए डीएम उत्तरकाशी को पत्र के साथ छात्रों की सूची भेज कर सहयोग का अनुरोध किया। उत्तरकाशी आपदा प्रबंधन जन मंच, हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने डीएम उत्तरकाशी को पत्र लिख कर उन्हें सोपा है पत्र में लिखा गया है जैसा की आपको विदित है कि 5 अगस्त 2025 को उत्तरकाशी के धराली में आई तबाही से धराली ने जान माल के साथ आजीविका के तमाम साधन भी खोए जिससे धराली के निवासियों के जीवन जीने के साधनों के साथ छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। धराली के निवासी छ माह धराली और 6 माह जनपद एवं राज्य के अन्य हिस्सों में कोई अपने घर या किराए के घरों में निवास करते है। यह प्रक्रिया आज की नहीं बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही है, इसी कारण धराली ही नहीं आसपास के अन्य गांवों के बच्चे धराली से बाहर पढ़ाई करते है।

हम प्रयास कर रहे है कि आपदा प्रभावित छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो उसके लिए सरकारी, गैर सरकारी, व्यवसाई लोग सहयोग के लिए आगे आए।

इसके लिए हमने छात्रों की जानकारी जुटाने के लिए हेल्प लाइन जारी की जिसमें आकाश भट्ट प्रज्वल उनियाल करण सिंह व द्वारिका प्रसाद सेमवाल को जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी दी। इस प्रक्रिया में हमें पांच दिन लगे और कुल 127 से अधिक छात्र 20 से अधिक शहरों कस्बों में पढ़ाई कर रहे है, जिन में दिल्ली, चंडीगढ़, पंत नगर, हल्द्वानी, देहरादून, उत्तरकाशी, हरिद्वार, श्रीनगर, टिहरी, नरेंद्र नगर, सहारनपुर, फिरोजपुर पंजाब, भट - वाड़ी, गंगोरी, मातली, पौड़ी, हिटानू, गणेशपुर, नेताला, जोशीयारा में अध्ययनरत है। इस जानकारी को हमने डीएम प्रशांत आर्य जी को पत्र के साथ सौंपी और अनुरोध किया कि अपने स्तर से स्कूलों से एक वर्ष की फीस माफी के लिए कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि आपदा प्रभावित छात्रों की पढ़ाई अनवरत जारी रहे। सरकार के साथ हम समाज के सक्षम लोगों से भी अनुरोध कर रहे है कि वे भी प्रभावित छात्रों के सहयोग के लिए आगे आए। डीएम को पत्र सौंपने में गोपाल थपलियाल, आकाश भट्ट एवं द्वारिका प्रसाद सेमवाल शामिल रहे।

# राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज उत्तरकाशी के पूर्व छात्र आईपीएस सुरजीत सिंह पंवार का सम्मान

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**



**उत्तरकाशी।** पीएमश्री राजकीय आदर्श कीर्ति इण्टर कॉलेज उत्तरकाशी में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं उत्तरकाशी मुख्य बाजार नि0 सुरजीत सिंह पंवार आईपीएस पुलिस अधीक्षक हरिद्वार को विद्यालय परिवार के द्वारा गौरवशाली छात्र के रूप में सम्मानित किया गया। सुरजीत पंवार राजकीय कीर्ति इण्टर कॉलेज उत्तर काशी में 1992 में इंटरमीडिएट के छात्र रहे हैं। इस विद्यालय के छात्र के रूप में इन्होने उस दौरान पार्लिया मेंट क्विज प्रति योगिता में राष्ट्रीय स्तर तक भी प्रतिभाग किया था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन में रहकर ज्ञानोपयोगी विभिन्न पत्र पत्रिकाओं का अध्ययन करने की आदत विकसित होनी चाहिए। उन्होंने, विद्यार्थियों के मध्य अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा कर प्रेरणा दी। उन्होंने, बताया कि इस विद्यालय से पढ़े हुए छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट योगदान देकर राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज सहित सीमान्त जनपद उत्तर काशी को भी गौरवांवित कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेन्द्र सिंह परमार ने विद्यालय के पूर्व छात्र एवं एनसीसी कैडेट रहे सुरजीत सिंह पंवार, पुलिस अधीक्षक हरिद्वार को पुष्पगुच्छ, विद्यालय पत्रिका कीर्ति स्मारिका, विद्यालय का मेमेंटो फोटो देकर स्वागत सम्मान किया। इस विद्यालय के पूर्व छात्र तथा कीर्ति विद्यालय के शिक्षक शैलेन्द्र नौटि याल ने सुरजीत सिंह पंवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र रहे एवं शहर के पर्यटन एवं होटल व्यवसायी दीपेन्द्र पंवार 'डग्गू भाई ' एवं विद्यालय केपूर्व छात्र प्रतिष्ठित स्वर्णकार व्यवसाई अजीत पाल सिंह पंवार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक शैलेन्द्र नौटियाल द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष अतोल सिंह महर, प्रभाकर सेमवाल, सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं विद्यालय के 585 छात्र -छात्रायें, एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# उत्तरकाशी के मुस्टिकसौड़ में पौराणिक दूधगाडू फूलोई थौलू मेले का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**



**उत्तरकाशी।** जनपद के बाड़ागड्डी क्षेत्र के मुस्टिकसौड़ गाँव में सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप पौराणिक दूधगाडू फूलोई थौलू मेले का आयोजन धूम धाम से सम्पन्न हुआ। क्षेत्राधिपति भगवान हरि महाराज जी के सानिध्य में सम्पन्न इस धार्मिक आयोजन में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

मेले की शुरुआत हरि महाराज जी, हुणेश्वर भगवान और माता खंडद्वारी के पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद देवताओं को दूध, दही और गंगाजल से स्नान कराया गया तथा हिमालय की दुर्लभ वनस्पतियाँ – केदारपाती और ब्रह्मकमल – अर्पित की गईं। बाद में इन पुष्पों को प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस अलौकिक उपहार से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

मेले में देवडोलियों का नृत्य सबसे बड़ा आकर्षण रहा। ढोल-दमाऊँ, रणसिंघों और नगाड़ों की गूंज के बीच देवडोलियाँ जब थिरकती हुई पहुँचीं तो पूरा मैदान भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। महिलाओं ने झोड़ा-छपेली जैसे लोकनृत्य प्रस्तुत किए, जबकि युवाओं और बच्चों ने भजन-कीर्तन और लोकगीतों से वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया। धार्मिक झाँकियों ने मेले को और भी दिव्यता प्रदान की सदियों से निरंतर आयोजित हो रहा मेला उत्तरकाशी की धार्मिक आस्था, लोकसंस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत उत्तरकाशी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश चौहान ने कहा कि आगामी वर्षों में जिला पंचायत इस मेले के विकास और प्रचार- प्रसार के लिए नई योजनाएँ बनाएगी और सुविधाएँ बढ़ाएगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, विभिन्न जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 2.59 किलो अवैध गांजे संग तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । विकास नगर**



सेलाकुई पुलिस ने एक नशा तस्कर को 2 किलो 590 ग्राम अवैध गांजे के साथ किया गिरफ्तार, जहां से आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। थाना अध्यक्ष पीडी भट्ट ने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सेलाकुई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे। सघन चेकिंग अभियान के दौरान शनिवार को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग दौरान एक आरोपी सूरज साहनी को कुल 2 किलो 590 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सेलाकुई पर एनडीपीएस एक्ट की धारा मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है तथा वर्तमान में जीएमएस रोड देना बैंक के पास रहता है। अवैध गांजे को वो देहरादून में ही एक महिला नशा तस्कर से खरीद कर लाया था। जिसे वो छोटी-छोटी मात्रा में महँगे दामो में नशेड़ियों को बेचकर मुनाफ़ा कमाने के फिराक में था। इससे पूर्व ही पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकाश में आई महिला नशा तस्कर की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सूरज साहनी पुत्र मोहन साहनी निवासी दरभंगा बिहार हाल निवासी जीएमएस रोड देना बैंक के पास, थाना बसंत विहार, देहरादून के रूप में बताई।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# एशियाई राजनीति में संतुलन साधेंगे मोदी

**अमेरिकी दृष्टि से यह यात्रा बेहद अहम है। वॉशिंगटन इसे गहराई से देखेगा, क्योंकि यह उसकी इंडो-पैसिफिक रणनीति, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और जापान की भूमिका तीनों से जुड़ी है। भारत यहाँ अमेरिका को यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी एक खेमे का हिस्सा नहीं है। वहीं चीन जाकर मोदी यह दिखाएंगे कि भारत अपने पड़ोस और बहुपक्षीय मंचों की अनदेखी नहीं करेगा। बहरहाल, मोदी की जापान और चीन यात्रा अमेरिका को यह याद दिलाती है कि भारत उसका नेचुरल पार्टनर तो है, लेकिन जूनियर पार्टनर नहीं। भारत सहयोग का पक्षधर है।**

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अगस्त से 1 सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। यह दौरा केवल दो देशों की यात्रा भर नहीं है, बल्कि एशिया तथा वैश्विक राजनीति की दिशा और संतुलन को प्रभावित करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इतना ही नहीं, इसके प्रभाव वॉशिंगटन तक भी पहुँचेंगे। सबसे पहले, 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी जापान जाएंगे, जहाँ वह प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ 15वें भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। यह मोदी का जापान का आठवाँ दौरा और इशिबा के साथ उनकी पहली मुलाक़ात होगी। हम आपको बता दें कि भारत और जापान के बीच स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप है, जिसमें रक्षा-सुरक्षा, व्यापार, तकनीकी सहयोग और जन-से-जन संपर्क प्रमुख आधार हैं। इस यात्रा के माध्यम से मोदी यह संदेश देंगे कि भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक, पारदर्शी और नियम-आधारित व्यवस्था का प्रबल समर्थक है। जापान के लिए यह संकेत भी स्पष्ट होगा कि भारत उसके साथ गहरी साझेदारी चाहता है और चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच वह अकेला नहीं है। इसके बाद, 31 अगस्त-1 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। स्ष्ह्र भारत की एशिया नीति का अहम हिस्सा है, जहाँ सुरक्षा, आतंकवाद और क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होता है। इस मंच पर मोदी की मौजूदगी चीन के लिए यह संदेश है कि भारत टकराव नहीं बल्कि संवाद और बहुपक्षीय सहयोग का पक्षधर है। साथ ही यह भी स्पष्ट संकेत है कि भारत जापान जैसे देशों के साथ सामरिक सहयोग बढ़ाकर बीजिंग पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाए रखने की क्षमता रखता है। कूटनीति में यात्रा का क्रम भी संदेश देता है। मोदी ने पहले जापान और फिर चीन का दौरा तय कर यह जताया है कि भारत एशिया में अपनी स्वतंत्र रणनीतिक प्राथमिकताओं पर चलता है। बीजिंग को संकेत दिया गया है कि भारत उसकी शर्तों पर नहीं झुकेगा और जापान को आश्वस्त किया गया है कि चीन के साथ संवाद उसकी कीमत पर नहीं होगा। इसके अलावा, जापान के साथ रक्षा सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का संतुलन साधने में मदद कर सकता है, वहीं जापान निवेश और तकनीकी सहयोग का भी बड़ा स्रोत है। दूसरी ओर, चीन के साथ सीधे संवाद बनाए रखने से भारत को सीमा विवाद और स्ष्ह्र जैसे मंचों पर अपनी स्थिति मजबूती से रखने का अवसर मिलता है। इस क्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का हालिया बयान उल्लेखनीय है, जिसमें उन्होंने संकेत दिया कि परिस्थितियाँ मांगने पर चीनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर लगी पाबंदियों की समीक्षा की जा सकती है। यह संकेत ऐसे समय आया है जब अमेरिका के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों में तनाव देखा जा रहा है और चीन के साथ तालमेल की संभावनाएँ खुल रही हैं। अमेरिकी दृष्टि से यह यात्रा बेहद अहम है। वॉशिंगटन इसे गहराई से देखेगा, क्योंकि यह उसकी इंडो-पैसिफिक रणनीति, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और जापान की भूमिका– तीनों से जुड़ी है। भारत यहाँ अमेरिका को यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी एक खेमे का हिस्सा नहीं है। जापान में जाकर भारत अपने स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप को मजबूत करता है, जो अमेरिका की इंडो-पैसिफिक दृष्टि से मेल खाता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**एक दौर में राजकपूर की फिल्में खासा लोकप्रिय रही हैं। राजकपूर अभिनीत फिल्म श्री 420 का गीत 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंग्लिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' एक दौर में सोवियत संघ के घर-घर का पसंदीदा गीत बन गया था। कम्युनिस्ट शासन के दौर में रूस की राजधानी मास्को में हिंदी में दो प्रकाशक भी सक्रिय रहे, प्रगति प्रकाशन और रादुगा प्रकाशन। इन प्रकाशनों के जरिए रूसी लेखकों के साथ ही लेनिन, स्टालिन आदि की रचनाएं हिंदी में अनूदित होकर सस्ते में उपलब्ध होती थीं। एक दौर में सोवियत संघ की दो पत्रिकाएं 'सोवियत देश' और स्पूतनिक' भारत में बहुत प्रचलित थे। हिंदी की वहां पढ़ाई भी खूब होती है।**

# विभाजक ताकतों को उलाहना देती बाबुश्किन की हिंदी


उमेश चतुर्वेदी

**आज रूस के मास्को राजकीय विश्वविद्यालय, रूसी राजकीय मानविकी विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय संबंध विश्वविद्यालय, सांक्त पितेरबूर्ग विश्वविद्यालय, विद्यालय क्रमांक 19, मॉस्को, फ़ार ईस्ट विश्वविद्यालय, ब्लादीवोस्तक आदि में हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के जवाहरलाल नेहरू साँस्कृतिक केंद्र में हिन्दी की कक्षाएँ चल रही हैं।**

आज के रूस और उसके पूर्ववर्ती सोवियत संघ में हिंदी की पढ़ाई-लिखाई 1957 से ही शुरू हो गई थी, इस लिहाज से रूस के किसी नागरिक का हिंदी बोलना महत्वपूर्ण नहीं माना जा सकता। लेकिन आज के दौर में भारत स्थित रूसी दूतावास के दूसरे नंबर के अधिकारी रोमन बाबुश्किन अगर हिंदी के चंद लफ्जों का इस्तेमाल करें तो वह अहम हो जाता है। रूस से तेल खरीद के चलते अंकल सैम की आंखें इन दिनों भारत पर लाल हैं। इसी संदर्भ में 20 अगस्त को रूसी दूतावास ने एक प्रेस कांफ्रेंस रखी। उस प्रेस कांफ्रेंस में अपने संबोधन की शुरूआत बाबुश्किन ने हिंदी के दो वाक्यों से करके भारतीय भाषा प्रेमी पत्रकारों का दिल जीत लिया। बाबुश्किन का पहला वाक्य रहा, 'सभी का हार्दिक स्वागत है।' पत्रकारिता जगत की हस्तियों की श्रवणेंद्रिय इस हिंदी प्रयोग का झटका झेल रही थीं, कि बाबुश्किन ने ठेठ भारतीय सांस्कृतिक अंदाज में दूसरा वाक्य छोड़ दिया, ÷हम शुरुआत करेंगे...भगवान गणेश के साथ। गणेश चतुर्थी आ रही है।÷ बाबुश्किन का हिंदी बोलना भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए सीख हो सकता है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं। जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है। आजाद भारत की राजनीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर किस कदर विभाजित हुई है, इसे समाज तो रोज ही झेलता-देखता है। इस विभाजक सोच का ही असर है कि हमारी अपनी भाषाओं के बीच भी झगड़े पैदा किए जा रहे हैं। भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के विरोध में राजनीति खूब खड़ा कर रही है और इसके जरिए वह अपना सियासी उल्लू ही सीधा करती है। नैरंतर्य और सकारात्मकता के लिहाज से देखें तो इसके सामाजिक विघटन की नींव ही मजबूत हो रही है। अस्मिताबोध को जगाने की आड़ में भाषायी वैमनस्य की राजनीति का एक मात्र मकसद सामाजिक विघटन को बढ़ाना और उस बंटे समाज के बीच से अपने खांचे में फिट बैठने वाला बड़ा समर्थक आधार वर्ग तैयार करना है। इसीलिए जब नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के जरिए प्राथमिक शिक्षा की बात होती है तो हिंदी को किनारे लगाने के लिए तमिल राजनीतिक अस्मिता उठ खड़ी होती है। कन्नड़ और बांग्ला भाषा बोध भी हिंदी के खिलाफ उठ खड़ा होता है। दिलचस्प यह है कि स्थानीय भाषाबोध के इन खिलाड़ियों के लिए वह अंग्रेजी अपनी हो जाती है, जिसकी कथित तौर पर वैश्विक व्यापकता है। हालांकि हकीकत यह है कि अंग्रेजी की व्यापकता गहराई से देखें तो अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और हांगकांग में ही है। अंग्रेजी को तो बाबुश्किन ने भी अपना रखा है। भारतीय पत्रकारों के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बाद में वे अंग्रेजी में ही बोले। लेकिन



**इसकी शुरुआत 1955 में हुई। उसके पहले तक रूस की भारत में दिलचस्पी संस्कृत भाषा और साहित्य के अध्ययन तक सीमित थी। साल 1955 में सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री निकिता ख्रुश्चेव ने भारत का दौरा किया। इसी दौरे में उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा, 卐हम यह देखेंगे कि हमारे देश की शिक्षा प्रणाली ऐसी विकसित हो जिसमेँ सर्वश्रेष्ठ और सर्वगुण-सम्पन्न नई पीढ़ी हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को सीखें।卐इसी के बाद सोवियत संघ में हिंदी प्रकाशन और पढ़ाई-लिखाई की शुरूआत हुई।**

हिंदी में बोलकर उन्होंने एक तरह से भारतीय लोगों का दिल जीतने की कोशिश की। ठीक उसी अंदाज में, जिस अंदाज में नरेंद्र मोदी स्थानीय समुदायों के दिल तक अपनी पैठ बनाने के लिए स्थानीय भाषाओं के कुछ शब्दों के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते रहे हैं। पता नहीं, बाबुश्किन ने हिंदी बोलकर वहां उपस्थित कितने भारतीय पत्रकारों का दिल जीता, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों और सोशल मीडिया पर जब से उनकी मीठी प्रचारित हुई है,उन्होंने ठेठ भारतीयों का दिल जरूर जीत लिया है। सोवियत संघ में हिंदी फिल्में काफी पसंद की जाती रही हैं। एक दौर में राजकपूर की फिल्में खासा लोकप्रिय रही हैं। राजकपूर अभिनीत फिल्म श्री 420 का गीत 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंग्लिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' एक दौर में सोवियत संघ के घर-घर का पसंदीदा गीत बन गया था। कम्युनिस्ट शासन के दौर में रूस की राजधानी मास्को में हिंदी में दो प्रकाशक भी सक्रिय रहे, प्रगति प्रकाशन और रादुगा प्रकाशन। इन प्रकाशनों के जरिए रूसी लेखकों के साथ ही लेनिन, स्टालिन आदि की रचनाएं हिंदी में अनूदित होकर सस्ते में उपलब्ध होती थीं। एक दौर में सोवियत संघ की दो पत्रिकाएं 'सोवियत देश' और %स्पूतनिक' भारत में बहुत प्रचलित थे। हिंदी की वहां पढ़ाई भी खूब होती है। इसकी शुरूआत 1955 में हुई। उसके पहले तक रूस की भारत में दिलचस्पी संस्कृत भाषा और साहित्य के अध्ययन तक सीमित थी। साल 1955 में सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री निकिता ख्रुश्चेव ने भारत का दौरा किया। इसी दौरे में उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा, ÷हम यह देखेंगे कि हमारे देश की शिक्षा प्रणाली ऐसी विकसित हो जिसमेँ सर्वश्रेष्ठ और सर्वगुण-सम्पन्न नई पीढ़ी हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को सीखें।÷इसी के बाद सोवियत संघ में हिंदी प्रकाशन और पढ़ाई-लिखाई की शुरूआत हुई। आज रूस के मास्को राजकीय विश्वविद्यालय, रूसी राजकीय मानविकी विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय संबंध विश्वविद्यालय, सांक्त पितेरबूर्ग विश्वविद्यालय, विद्यालय क्रमांक 19, मॉस्को, फ़ार ईस्ट विश्वविद्यालय, ब्लादीवोस्तक आदि में हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के जवाहरलाल नेहरू साँस्कृतिक केंद्र में हिन्दी की कक्षाएँ चल रही हैं। जिनमें हर आयु वर्ग लोग हिंदी सीख रहे हैं। साफ है कि विदेशी लोग हिंदी सीख रहे हैं, भारत आए विदेशी हिंदी बोल रहे हैं। इस्कॉन के मंदिरों में जाकर देखा जा सकता है, भगवान कान्हा के विदेशी भक्त भी मीठी हिंदी में बात करते मिल जाएंगे। लेकिन हमारी ही राजनीति के ही एक वर्ग को हमारी हिंदी से परहेज है। ऐसे लोगों के लिए बाबुश्किन की मीठी हिंदी एक तरह मीठा उलाहना है। बाबुश्किन जैसों की जुबान से निकली हिंदी भारतीय भाषा प्रेमियों के लिए नव उत्साह के संचार का जरिया है। ऐसे सुखद हादसों से हिंदी ही नहीं, भारतीय भाषा प्रेमी भी प्रेरित होते हैं। काश कि हमारी राजनीति भी इसे समझती, इससे प्रेरित होने की कोशिश करती और भाषा के नाम पर होने वाली विभाजनकारी राजनीतिक कर्म से बचती।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितिया 12:38 तक |
| नक्षत्र: | उत्तर फाल्गुनी 27:45 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | सिद्ध, 12:00 तक |
| सूर्योदय: | 05:59 |
| सूर्यास्त: | 18:45 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 07:35-09:10 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:48 |

## जन एक्सप्रेस


### रहना है विवादित !

*रह रह कर जिद्दा से ।*
*आते है बयान ।।*
*रहना है विवादित ।*
*इसी में सम्मान ।।*
*छोड़ कर सब काम ।*
*किए एजेंडा तय ।।*
*पकड़ लिए है अपनी ।*
*जो पुरानी लय ।।*
*है नजदीक चुनाव ।*
*चर्चा में अब रहना ।।*
*बोल कर कुछ बोल ।*
*है आगे टहलना ।।*
*रोटी पानी बनी रहे ।*
*है उसका जुगाड़ ।।*
*हल्की फुल्की इसलिए ।*
*दिखती ये दहाड़ ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन घटाने के लिए मेथी का उपयोग करें?



**आज** के समय में मोटापा एक बड़ी समस्या बन चुकी है। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग हर व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। अपना वजन कम करने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं, जिसमें जिम, डाइटिंग और महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आपकी रसोई में मौजूद नेचुरल चीज वजन कम करने में काफी फायदेमंद होता है। मेथी दाना का सेवन वजन कम करने में मदद कर सकता है। आयुर्वेद में इसे एक बेहतरीन औषधि के रूप में जाना जाता है। मेथी के बीज में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पेट को लंबे समय तक भरा रखने में मदद करते हैं। इन बीजों का सेवन बार-बार भूख लगने की समस्या को कम करके अनहेल्दी क्रेविंग को रोकते हैं। इसके अलावा, इसमें मौजूद गैलाक्टोमेनन कंपाउंड मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे शरीर को फैट बर्न करने में मदद मिलती है।

**मेथी का पानी:** मेथी के बीज का पानी पीने से पेट साफ होता है, पाचन क्रिया में सुधार होती है और फाट बर्निंग प्रोसेस तेज होता है। इस पानी का सेवन करने के लिए आप रात को एक चम्मच मेथी के बीज को एक गिलास पानी में भिगो दें, अगली सुबह खाली पेट इस पानी को छानकर पी लें। आप चाहें तो भीगे हुए बीजों को चबाकर भी खा सकते हैं।

**मेथी पाउडर का सेवन:** वजन कम करने के लिए आप अपनी डाइट में मेथी पाउडर को शामिल कर सकते हैं। मेथी पाउडर का सेवन आपकी भूख को कंट्रोल करता है। शरीर में जमी चर्बी कम करने में मदद करता है। आप मेथी के बीजों को भूनकर पीस लें और उसका पाउडर बना लें। इसके बाद, रोज सुबह खाली पेट आधा चम्मच मेथी पाउडर को गुनगुने पानी के साथ लें।

**मेथी डिटॉक्स ड्रिंक:** वेट लॉस करने के लिए आप अपनी डाइट में मेथी डिटॉक्स ड्रिंक शामिल कर सकते हैं। इस ड्रिंक को पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलता है, मेटाबॉलिज्म तेज होता है और एनर्जी लेवल बना रहता है। इस ड्रिंक को बनाने केलिए आप 1 चम्मच रात भर भिगो हुए मेथी के बीज के पानी को सुबह उबाल लें। फिर इस पानी को छान लें और नींबू के रस को मिलाकर इस पानी को गुनगुना पिएं।

**मेथी की चाय:** वजन कम करने के लिए आप अपनी डाइट में मेथी की चाय शामिल कर सकते हैं। मेथी की चाय पीने से ब्लोटिंग की समस्या से राहत मिलती है, पाचन बेहतर रहता है और वजन कंट्रोल में रहता है। मेथी की चाय बनाने के लिए आप एक कप पानी में एक चम्मच मेथी के बीज डालें और इसे 5 से 10 मिनच तक उबालें। इसके बाद चाय को एक कप में छान लें और स्वाद के लिए थोड़ा नींबू या शहद मिलाकर पिएं।

**सलाद और खाने में उपयोग:** आप मेथी के बीजों को अंकुरित करके सलाद, दाल या सब्जी में मिलाकर खा सकते हैं। मेथी के अंकुरित बीजों का सेवन न सिर्फ स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि ये वजन कम करने और पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**निष्कर्ष:** वजन कम करने के लिए मेथी के बीजों का सेवन आपके लिए काफी फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ सस्ता, बल्कि वेट लॉस करने का असरदार और नेचुरल तरीका है। मेथी के बीज न सिर्फ आपके भूख को कंट्रोल करते हैं, बल्कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर शरीर की चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# सुरक्षित समाज की राह: गेमिंग बिल संग पोर्न पर सख्ती


प्रो. आरके जैन

**2023 के आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराधों में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें अश्लील सामग्री से जुड़े अपराध प्रमुख हैं। यह सामग्री न केवल व्यक्तियों को भावनात्मक और सामाजिक रूप से अस्थिर करती है, बल्कि यौन अपराधों और पारिवारिक रिश्तों में तनाव को भी बढ़ाती है।**

**भारत की 65 प्रतिशत आबादी, जो 35 वर्ष से कम उम्र की है, देश का भविष्य है। लेकिन हिंसक गेम्स और अश्लील सामग्री इस युवा शक्ति को तबाह करने का खतरा पैदा कर रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को हिंसक और अश्लील सामग्री पर कठोर रोक के साथ तत्काल लागू करना होगा। तकनीक को रोकना संभव नहीं, लेकिन इसके हानिकारक प्रभावों पर अंकुश लगाना अनिवार्य है।**

**डिजिटल** युग ने हर घर को नई संभावनाओं से जोड़ा है, मगर इस चमक के पीछे कुछ गहरे खतरे भी छिपे हैं। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने शिक्षा, संचार और मनोरंजन के रास्ते खोले, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग की लत और अश्लील सामग्री का बढ़ता प्रसार युवा पीढ़ी को गंभीर खतरे में डाल रहा है। पबजी, फ्री फायर जैसे हिंसक गेम्स और अनियंत्रित वेबसाइटें न केवल मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी कमजोर कर रही हैं। यह महज मनोरंजन नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक संकट है। इसलिए ऑनलाइन गेमिंग बिल के साथ-साथ हिंसक और अश्लील सामग्री पर सख्त नियंत्रण लागू करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है, ताकि हमारी युवा शक्ति सुरक्षित रहे और डिजिटल भारत का भविष्य उज्ज्वल हो। भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग 2025 तक 32,000 करोड़ रुपये का विशाल बाजार बन चुका है, जिसमें 45 करोड़ लोग शामिल हैं। लेकिन इस तेजी के साथ जोखिम भी बढ़े हैं। हिंसक गेम्स युद्ध और हिंसा को आकर्षक बनाकर बच्चों में आक्रामकता और असंवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गेमिंग की लत को मानसिक स्वास्थ्य विकार घोषित किया है। भारत में कई दिल दहलाने वाली घटनाएं, जैसे 2021 में उत्तर प्रदेश में एक किशोर की गेमिंग असफलता के बाद आत्महत्या, इस खतरे की गंभीरता को दर्शाती हैं। ये गेम्स मनोरंजन के बजाय मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहे हैं। गेमिंग उद्योग का आर्थिक और सामाजिक नुकसान चिंताजनक है। नेक्स्ट लेवल और आभासी पुरस्कारों का लालच खिलाड़ियों को जाल में फंसाता है, जिससे हर साल 45 करोड़ लोग मनी गेम्स में 20,000 करोड़ रुपये गंवा रहे हैं। यह न केवल मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत को नष्ट कर रहा है, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण जैसे अपराधों को भी बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम्स विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत को नष्ट कर रहे हैं। प्रस्तावित ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देता है, लेकिन हिंसक गेम्स पर सख्त रोक भी जरूरी है। इंटरनेट पर अश्लील सामग्री का बढ़ता प्रसार भी गंभीर संकट पैदा कर रहा है। भारत के 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में युवा और किशोर बड़ी संख्या में शामिल हैं। सस्ते स्मार्टफोन्स ने बच्चों के लिए ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान कर दी है। एक अध्ययन के मुताबिक, 13-17 वर्ष की आयु के 30 प्रतिशत बच्चे अश्लील सामग्री देखते हैं, जो उनकी मानसिकता को दूषित करती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराधों में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें अश्लील सामग्री से जुड़े अपराध प्रमुख हैं। यह सामग्री न केवल व्यक्तियों को भावनात्मक और सामाजिक रूप से अस्थिर करती है, बल्कि यौन अपराधों और पारिवारिक रिश्तों में तनाव को भी बढ़ाती है। ऑनलाइन गेमिंग बिल को व्यापक और प्रभावी बनाना समय की मांग है। इसमें हिंसक गेम्स और अश्लील सामग्री पर कठोर कार्रवाई के स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। एक राष्ट्रीय गेमिंग अथॉरिटी स्थापित कर गेम्स का वर्गीकरण और नियमन सुनिश्चित करना होगा। साइबर सेल को सशक्त कर अश्लील वेबसाइटों पर तत्काल रोक लगानी होगी। उल्लंघनकर्ताओं के लिए 3 साल की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने जैसे कड़े दंड निर्धारित किए जाएं। गेमिंग कंपनियों को पैरेंटल कंट्रोल और उम्र-आधारित प्रतिबंध लागू करने के लिए अनिवार्य करना होगा। कानून के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। माता-पिता को बच्चों के डिजिटल उपयोग पर सतर्कता बरतनी होगी। स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए व्यापक अभियान चलाए जाएं। राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन को और तेजी से लागू करना होगा। बच्चों को हिंसक गेम्स के बजाय कोडिंग, ई-लर्निंग जैसे रचनात्मक और सकारात्मक क्षेत्रों की ओर प्रेरित करना जरूरी है। 2023 में राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर 15 लाख शिकायतें दर्ज हुईं, जो साइबर अपराधों की गंभीरता को दर्शाता है। साइबर सेल को अधिक संसाधन और अधिकार देकर इसे और प्रभावी बनाना होगा। भारत की 65 प्रतिशत आबादी, जो 35 वर्ष से कम उम्र की है, देश का भविष्य है। लेकिन हिंसक गेम्स और अश्लील सामग्री इस युवा शक्ति को तबाह करने का खतरा पैदा कर रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को हिंसक और अश्लील सामग्री पर कठोर रोक के साथ तत्काल लागू करना होगा। तकनीक को रोकना संभव नहीं, लेकिन इसके हानिकारक प्रभावों पर अंकुश लगाना अनिवार्य है।

# गन्ना समिति की सदस्यता हेतु 30 सितम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन : खुशीराम भार्गव

■ 30 अगस्त तक गन्ना सट्टे से संबंधित आँकड़े संशोधित कराने का अवसर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि गन्ना समिति की सदस्यता हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। वहीं, गन्ना सट्टे से संबंधित आँकड़ों में संशोधन कराने का अवसर किसानों को 30 अगस्त 2025 तक मिलेगा। गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने एल. एच. चीनी मिल के गाँव पौरखास में चल रहे सर्वे सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील की कि वे अपने सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज की गई 63 कॉलम की सूचनाओं को ध्यानपूर्वक देख लें। यदि किसी किसान को लगता है कि उसकी गन्ने की उपज जनपद की औसत उपज से अधिक है तो वह अपनी गन्ना विकास समिति से उपज वृद्धि की रसीद कटवा सकता है।गन्ना सदस्यता आवेदन हेतु अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों से 10 रुपये, लघु किसानों से 100 रुपये एवं अन्य किसानों से 200 रुपये प्रति किसान शुल्क निर्धारित किया गया है। जबकि पंचामृत से अच्छादित उत्तम किसान श्रेणी के किसानों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### ऑनलाइन संशोधन की प्रक्रिया

गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में सट्टा प्रदर्शन का कार्य अंतिम चरण में है। किसानों द्वारा दी गई आपत्तियों का निस्तारण चौबीस घंटे के भीतर स्मार्ट गन्ना किसान पोर्टल पर किया जा रहा है। कल तक प्राप्त अधिकांश आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है। इनमें मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता, गाटा संख्या, गन्ना क्षेत्रफल व वारिस सदस्य संबंधी आवेदन प्रमुख हैं।

### किसानों से अपील

किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे अपने सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर सट्टा विवरण अवश्य देख लें। यदि कोई त्रुटि हो तो समय रहते आवेदन देकर उसका निस्तारण करवा लें। गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि समय पर आँकड़े सही कर लेने से पेराई सत्र के दौरान गन्ना आपूर्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा।निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर संजय श्रीवास्तव, जोनल इंचार्ज एल. एच. चीनी मिल पुष्पेंद्र सिंह एवं संजीव कुमार, गन्ना पर्यवेक्षक प्रेमपाल और अनूप कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# इको टैक्सी चालकों की समस्याओं का होगा समाधान, राज्यमंत्री ने दिलाया भरोसा

■ जनता दर्शन में सुनी गईं जन शिकायतें, अधिकारियों को दिए तत्काल निराकरण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



गन्ना विकास एवं चीनी राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान इको टैक्सी चालकों का एक प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचा और अपनी परेशानियां मंत्री के समक्ष रखीं। चालकों ने बताया कि वे सरकार को नियमित टैक्स जमा करते हैं और सभी नियमों का पालन करते हैं, बावजूद इसके उन्हें जगह-जगह प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी स्टैंड की व्यवस्था कराने और अनावश्यक कार्रवाई से मुक्ति दिलाने की मांग की। इस पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने चालकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर टैक्सी चालकों के लिए उचित स्थान पर स्टैंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।इको चालकों ने बताया कि अधिकांश चालक बेहद गरीब परिवारों से आते हैं और टैक्सी चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में प्रशासनिक परेशानियां उनके जीवन-यापन को और कठिन बना देती हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनिल, विकास गुप्ता, रिफाकत, भूपेन्द्र कुमार, परवेज नईम, मंजित सिंह सहित बड़ी संख्या में इको टैक्सी चालक मौजूद रहे। जनता दर्शन के दौरान मंत्री ने क्षेत्र से आए अन्य नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद



■ गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई, 375 कार्यकत्रियों को मिले प्रेशर कुकर, 6 सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

विधानसभा बीसलपुर के मंडरा सुमन ग्रीन कैसल पैलेस लॉन में आंगनवाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।सम्मेलन में मंत्री ने 11 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और क्षेत्र की 375 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेशर कुकर वितरित किए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6 कार्यकत्रियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि समाज में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां ग्राम स्तर पर कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की पहचान करती हैं और उन्हें पुष्टाहार उपलब्ध कराकर कुपोषण से मुक्त करने का कार्य करती हैं। बच्चों के वजन की जांच और पोषण संबंधी कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि सरकार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को वजन मशीन, फोन जैसी बेहतर क्वालिटी की सामग्री उपलब्ध करा रही है। कार्यकत्रियों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई, जहां उन्होंने मानदेय बढ़ाने की मांग रखी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि यह मुद्दा मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, महामंत्री आयुष मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि अमन जायसवाल, लेखराज भारती, राम बहादुर शर्मा, गन्ना समिति बीसलपुर के अध्यक्ष राजेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, टीम 13 ने जीता खिताब



■ 399 रिक्रूट आरक्षियों ने दिखाया दमखम, दिव्यांश शर्मा बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन पीलीभीत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 399 रिक्रूट आरक्षियों के मध्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। खेल भावना और अनुशासन से भरपूर इस प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। प्रथम सेमीफाइनल टीम संख्या 01 और टीम संख्या 11 के बीच खेला गया, जिसमें टीम 01 ने जीत दर्ज की। वहीं द्वितीय सेमीफाइनल टीम संख्या 07 और टीम संख्या 13 के बीच हुआ, जिसमें टीम 13 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में टीम संख्या 01 और टीम संख्या 13 आमने-सामने आईं। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में रोमांचक संघर्ष के बाद टीम 13 ने विजय हासिल की और चैंपियन बनी। टीम 01 उपविजेता रही जबकि टीम 07 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में टीम 01 के खिलाड़ी दिव्यांश शर्मा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए ÷सर्वोत्तम खिलाड़ी÷ का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें पुरस्कार वितरित किए और कहा कि खेल से न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी मजबूत होता है। उन्होंने सभी रिक्रूट आरक्षियों से अपेक्षा की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार अनुशासन और लगन से प्रदर्शन करते रहें।

# व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों के साथ पुलिस-प्रशासन की बैठक, शीघ्र समाधान का आश्वासन

■ सड़क, यातायात और बिजली आपूर्ति की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद में व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के समाधान के लिए रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।पहली बैठक स्टेशन रोड पीलीभीत पर हुई, जिसमें प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, थाना सुनगढ़ी के अधिकारी, टीएसआई, एआरटीओ, नगर पालिका और विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में व्यापारियों ने सड़क की जर्जर स्थिति, यातायात अव्यवस्था और बिजली आपूर्ति जैसी प्रमुख समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि अव्यवस्थित यातायात और बार-बार बिजली कटौती से व्यापार प्रभावित हो रहा है।इसके बाद पीलीभीत-बरेली मार्ग पर नेशनल हाईवे से जुड़े व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से भी मुलाकात की गई। यहाँ भी परिवहन व्यवसाय से जुड़ी परेशानियों और सड़क-सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे उठाए गए।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की सुविधा ही जिले के आर्थिक विकास की रीढ़ है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## थाना सुनगढ़ी का त्रैमासिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश



■ क्षेत्राधिकारी नगर ने अभिलेख, स्वच्छता और मुकदमाती माल के निस्तारण पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

क्षेत्राधिकारी नगर ने रविवार को थाना सुनगढ़ी का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण कर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान थाने पर बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराने और उनके अपराध संख्या अंकित कर नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित मुकदमाती माल को न्यायालय के आदेशों के क्रम में शीघ्र निस्तारित करने पर बल दिया गया। क्षेत्राधिकारी ने टूटी हुई नालियों को ठीक कराने और जीर्ण-शीर्ण आवासों को कंडम घोषित कराने का भी आदेश दिया।इसके अतिरिक्त थाने में मौजूद शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई, अभिलेखों को समय पर अद्यावधिक करने और कर्मचारियों के बैरिक व शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। थाने के मेस का भी निरीक्षण कर यह निर्देश दिया गया कि यहाँ तैनात कर्मियों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाए।क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट कहा कि थाने की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दो डीसीएम की आमने-सामने टक्कर



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गोटैय्याबाग मोड़ पर दो डीसीएम वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को सामान्य किया गया। पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के बयान दर्ज किए हैं और मामले की जांच कर रही है।

### जमीनी रंजिश को लेकर दो गुटों में संघर्ष सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** गांव रामपुर मक्का में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में संघर्ष हो गया जिसमें दोनों पक्षों से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामले में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।रामपुर मक्का निवासी सत्यवती ने पुलिस को शिकायत में बताया उसका पुत्र नितीश रिश्तेदारी से वापस लौटने पर कार को गैराज में खड़ी करने पर पड़ोसी की जगह में पहिया चले जाने से सगे चचेरे भाई पुष्पेंद्र,गगन, वेद प्रकाश और अमनदीप एक राय होकर डंडों से हमला कर दिया शोरगुल सुनकर बचाने दौडी मां सत्यवती भाभी उषा भतीजा चमन और सतपाल पर हमला कर दिया जिससे सभी लोग घायल हो गए उषा और सत्यवती की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल भेजा गया दूसरे ओर से मुकेश कुमार ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया उसका भाई आशीष बाइक से घर आरहा था रास्ते में रोक कर आशीष, नितीश, और भतीजे आरेंद्र ने डंडों से हमला कर लहुलुहान कर दिया है। पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना एस आई हिमांशु आनंद को सौंपी गई है।

### हज यात्रा जाने पर ग्रामीणों ने विदाई दी



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** पाल चक गांव कैमहरा में लंबे समय से गरीबी की अंधेरे में जी रहे बच्चों को ज्ञान का प्रकाश बांटने वाले मौलाना को ग्रामीणों ने सहयोग राशि से हज के लिए जाने पर विदाई दी है। मौलाना उस्मान रजा लंबे समय से मस्जिद के इमाम को मिलने वाले प्रतिफल से सहायता कर मलिन बस्ती में गरीबी की अंधेरे में जी रहे बच्चों में शिक्षा का प्रकाश फैलाने का काम कर रहे हैं। गांव के प्रधान सर्वेश पाल, यूनुस, महबूब, इकबाल, इस्लाम और अल्ताफ समेत गांव के जन सहयोग से धनराशि इकट्ठा कर हज के लिए भेजने पर भावभीनी विदाई दी है।


### गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह हुआ वही आए हुए गाडी चालक का स्वागत किया गया



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** पुलिस क्षेत्राधिकारी गाड़ी के चालक राजेश कुमार यादव का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई। सीओ अरुण कुमार सिंह ने राजेश कुमार यादव का कार्यकाल जनपद में समाप्त होने पर उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए गैर जनपद में स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी है।वहीं आए गाड़ी चालक राजेश रावत का स्वागत किया गया इस मौके पर कार्यालय स्टाफ समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाघ का आतंक : भैंस पर हमला, इलाके में दहशत कुछ दिन पहले दो लोग भी घायल हुए थे

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



हैदराबाद क्षेत्र की अजान पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम नहसिरपुर में बाघ ने एक भैंस पर हमला कर दिया। घटना फकीर बाबा स्थान के निकट हुई, जहां सोवरन लाल की भैंस बाघ के हमले में घायल हो गई।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इस क्षेत्र में बाघों के हमलों की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाल ही में परसेहरा गांव के निवासी पवन और उनके पिता राम शंकर भी बाघ के हमले में घायल हुए थे। ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने की मांग की है। घटना ग्राम पंचायत ग्रन्ट मिर्जापुर के थाना हैदराबाद क्षेत्र की अजान पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम नहसिरपुर की है। वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और बाघ को पकड़ने की मांग की गई है।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान

■ 107 वाहन चालान, 1.21 लाख शमन शुल्क वसूला, जनता को नियमों के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




यातायात पुलिस ने रविवार को जिलेभर में डग्गामार वाहनों और अवैध रूप से संचालित गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई।पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान 42 डग्गामार और 65 अन्य वाहनों समेत कुल 107 वाहनों का चालान किया गया। चालान की कार्रवाई में कुल 1,21,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।पुलिस ने बताया कि अवैध वाहनों पर अंकुश लगाना आवश्यक है क्योंकि ये वाहन न केवल यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाते हैं।यातायात पुलिस द्वारा अभियान के दौरान आमजन को भी यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान से यह संदेश दिया गया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कठोर रुख अपनाएगी और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# शादरा नदी का जलस्तर बढने से बाढ की वनी स्थिति

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांव में बाढ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र की शारदा नदी का जलस्तर रविवार को बढ गया। जिससे चंदिया हजारा,श्रीनगर, शास्त्री नगर, भरतपुर,मुरैनिया,गांधी नगर समेत करीब एक दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हैं। नदी का पानी खेतों में भर रहा है। जिससे बड़ी मात्रा में लोगों की खेतों में खड़ी फैसले नष्ट हो रही है। शारदा नदी का पानी खेतों के अलावा घरों और रास्तों पर पानी भरा हुआ है। जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को कईबार इसकी जानकारी दी गई। लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कटान रोकने के लिए व्यवस्था तक नहीं की गई है। लगातार कटान से लोगों की जीविका पर असर पड रहा है। लोगों की मांग है कि नदी के किनारे बांध को मजबूत किया जाए। लोगों ने प्रशासन से राहत शिविर लगाकर प्रभावित परिवारों की मदद की जाए। कटान से लोग दहशत में है।

# देवी देवताओं पर टिप्पणी को लेकर थाने का किया घेराव



■ भारतीय बजरंग दल ने थाने पहुंच कर जताई नाराजगी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** देवी देवताओं और साधु संतों को लेकर की जा रही विवादित टिप्पणी से नाराज भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने माधोटांडा थाने का घेराव कर कर सीओ को ज्ञापन दिया। माधोटांडा क्षेत्र में देवी देवताओं सहित साधू संतो पर विवादित टिप्पणियां लगातार की सोशल मीडिया पर की जा रहीं हैं। रविवार को इससे नाराज भारतीय बजरंग दल के बडी संख्या में कार्यकर्ता माधोटांडा थाने पहुंचे,जंहा उन्होंने थाने का घेराव कर लगातार हो रहे इन मामलों पर कडी नाराजगी जताई। पुलिस ने काफी समझने का प्रयास किया। इसके बाद सीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र के कई गांवों से लगातार एक साल के अंदर हिंदू धर्म को लक्ष्य बनाकर सोशल मीडिया पर देवी देवताओं और साधु संतों को लेकर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। थाना माधोटांडा में इसे लेकर दर्जनों शिकायतें की जा चुकी है, जिनका कोई निस्तारण नहीं हो सका है। इसे लेकर नाराजगी जताई। हाल में हुए एक मामले का भी जिक्र किया। इसे लेकर सख्त कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। काफी देर तक थाने में बड़ी संख्या में भीड़ जमा रही।इस दौरान भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक के घर आकर ससुरालियों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** मामला तहसील क्षेत्र के गांव लुकटिहाई टांडा का है। गांव निवासी संजीव कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द निवासी माधुरी देवी के साथ हुई है। 19 अगस्त को उसकी पत्नी माधुरी से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर उसकी पत्नी ने अपने मायके वालों को फोन कर घर बुला लिया। उसके मायके वाले रात को ही उसके घर आ धमके और गाली गलौज करने लगे,विरोध करने पर संजीव के ससुरालियों ने मिलकर उसको पहले लाठी डंडे से मारा पीटा। उसके बाद लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर गांव को लोगों को आता देख सभी धमकी देते हुए अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। मामले की शिकायत लेकर पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर पुलिस को दी।

# कोर्ट के आदेश पर विस्थापित परिवारों का सर्वे शुरू

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** नानक सागर डैम के विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक को लेकर कोर्ट के आदेश पर गांव वमनपुर भागीरथ और टाटरगंज में दोबारा सर्वे शुरू कर दिया गया है।

वताया जाता है कि वर्ष 1961 में नानक सागर डैम बनने से 144 विस्थापित परिवारों को अभी तक जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल सका है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वताया जाता है कि कुछ लोगों के परिवार के लोग हजारा के गांव वमनपुरी भागीरथ और टाटगंज में बसे हुए हैं। जमीन पर मालिकाना हक न मिलने पर पीड़ितों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट ने शासन स्तर पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए थे। जिससे जमीन और उसका मालिकाना हक मिल सके। सुनवाई को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में टीम गठित है। जिला पंचायत सदस्य के पति मंजीत सिंह ने बताया कि कोर्ट ने गांव वमनपुर भागीरथ और टाटरगंज 800 विस्थापित परिवारों की जमीन का सर्वे किए जाने के आदेश दिए हैं। इसको लेकर राजस्व बिभाग की टीम ने सर्वे शुरू किया है। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि सर्वे शुरू किया गया है।

# सीएम योगी बोले- लंगर मानवता का प्रतीक

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का जीवन त्याग और समर्पण की मिसाल है। चाहे गुरु अर्जुन देव का बलिदान हो या गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत, हर प्रसंग यह बताता है कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने कभी पीछे हटना नहीं सीखा। यही कारण है कि आज भी पूरा देश सिख गुरुओं को नतमस्तक होकर याद करता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और समाज को अधर्म के खिलाफ खड़ा करने में सिख गुरुओं का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अपने प्राणों तक का बलिदान कर इस देश की संस्कृति और मूल्यों की रक्षा की। यह परंपरा आज भी हमें प्रेरित करती है।

सीएम रविवार को पैडलेगंज स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा में विकास कार्यों के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का जीवन त्याग और समर्पण की मिसाल है। चाहे गुरु अर्जुन देव का बलिदान हो या गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत, हर प्रसंग यह बताता है कि सनातन



संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने कभी पीछे हटना नहीं सीखा।

यही कारण है कि आज भी पूरा देश सिख गुरुओं को नतमस्तक होकर याद करता है। योगी ने गुरुद्वारा की परंपरा की चर्चा करते हुए कहा कि यहां चलने वाला लंगर समाज को समानता और भाईचारे का संदेश देता है। इसमें न कोई जाति देखी जाती है, न धर्म और न ही किसी का चेहरा। जो भी आता है, वह प्रेम और श्रद्धा से लंगर छकता है। यही असली भारतीय संस्कृति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुद्वारे हमेशा समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण के केंद्र रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुरुद्वारों और तीर्थ स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**यहां नहीं तो सीएम आवास में होता है कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समाज के अधिकांश कार्यक्रमों में इसलिए शामिल नहीं हो पाता कि उस खास दिन लखनऊ में होता हूं। ऐसा होने पर लखनऊ में ही कार्यक्रम में शामिल होता हूं। इस अवसर पर सदर सांसद रविकिशन ने कहा कि सिख धर्म का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है।

देश की स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा में सिखों ने अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि गुरुओं का जीवन हमें न केवल आस्था बल्कि राष्ट्र के लिए समर्पण का भी पाठ पढ़ाता है। कार्यक्रम में गोरखपुर के अलावा देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, मऊ, आजमगढ़ आदि जगहों से सिख समाज के लोग पहुंचे थे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

नगर के डाक बंगले में शनिवार की शाम जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा किया। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों को बताते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। लोगों ने केंद्रीय राज्यमंत्री को पत्रक सौंप बरहज रेल लाइन का विस्तार कराने की मांग की। केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान शाम चार बजे डाक बंगला पर पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री से लोगों ने क्षेत्र की टूटी सड़कों, सरकारी कार्यालयों में सुनवाई न होने, अधिकतर कर्मियों द्वारा सुविधा शुल्क की मांग करने आदि की शिकायत की। करीब दो दर्जन लोगों ने बरहज रेल मार्ग को वाराणसी और गोरखपुर से जोड़े जाने की मांग की। मौके पर तहसील तहसीलदार अरुण कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि निखिल सिंह उर्फ राजा, श्यामसुंदर जायसवाल, अखंड प्रताप सिंह, अभयानंद तिवारी, अशोक सोनकर, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कल्याण मंडपम- महज 11 हजार रूपये शुल्क पर कर सकेंगे मांगलिक आयोजन

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सरकार ने इन कल्याण मंडपम का शुल्क भी बेहद कम रखा है। किसी आयोजन के लिए मात्र 11,000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपने मांगलिक कार्यों को सम्पन्न करने में कोई कठिनाई महसूस न करे। कल्याण मंडपम जैसी सुविधा के लिए कई शहरों में लोगों को 50 हजार से एक लाख रुपये खर्च कर करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के उन परिवारों को बड़ी राहत दी है, जो महंगे होटलों में विवाह जैसे आयोजनों का खर्च नहीं उठा सकते। ऐसे वर्ग के लिए सरकार ने **मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना** के तहत नगरीय क्षेत्रों में कल्याण मंडपम का निर्माण शुरू कराया है। प्रदेश में अब तक 66 कल्याण मंडपम परियोजनाओं को 260 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 39 पूरी हो चुकी हैं, जबकि 27 निर्माणाधीन हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मानबेला और राप्तीनगर

### बेहद कम शुल्क पर उपलब्ध होंगी सुविधाएं

सरकार ने इन कल्याण मंडपम का शुल्क भी बेहद कम रखा है। किसी आयोजन के लिए मात्र 11,000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपने मांगलिक कार्यों को सम्पन्न करने में कोई कठिनाई महसूस न करे। कल्याण मंडपम जैसी सुविधा के लिए कई शहरों में लोगों को 50 हजार से एक लाख रुपये खर्च कर करना पड़ता है। कल्याण मंडपम में बुकिंग की सुविधा 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मिलेगी।

### यहां बन चुका है कल्याण मंडपम

अलीगढ़ (मद्रक), आंबेडकरनगर (राजे सुल्तानपुर, जहांगीरगंज), अमरोहा, अयोध्या (नगर तथा मां कामाख्या), आजमगढ़ (जहानगंज बाजार), बस्ती (कप्तानगंज), फर्रुखाबाद (नवाबगंज), फतेहपुर (असोधार), फिरोजाबाद (मक्खनपुर), कानपुर देहात (कंपेसी, रनिया), कौशांबी (दारानगर), लखनऊ (नगर तथा बंथरा), महराजगंज (बृजमनगंज), मऊ (मऊनाथ भंजन), पीलीभीत (नौगवां), प्रतापगढ़ (रामगंज), सोनभद्र (ओबरा, अनपरा), सुल्तानपुर (लंभुआ), उन्नाव (अचलगंज)।

### इन जगहों पर निर्माणाधीन हैं कल्याण मंडपम

आगरा (नगर), अलीगढ़ (नगर तथा जवा सिकंदरपुर), भदोही, बहराइच (नगर, कैसरगंज, रुपईडीहा), बलिया (रत्सर कलां), बाराबंकी (नवाबगंज, रामसनेही घाट), बस्ती (गणेशपुर), बिजनौर, बुलंदशहर (अनूपशहर), चित्रकूट (चित्रकूट धाम), देवरिया, एटा (मिरहची), गोरखपुर (कैंपियरगंज), हाथरस, जालौन, जौनपुर (गौरा बादशाहपुर), कौशांबी (मंझनपुर, चरवा), पडरौना, लखीमपुर खीरी (निघासन), मथुरा, प्रतापगढ़ (बेल्हा प्रतापगढ़, कोहडौर), प्रयागराज, रामपुर (दढ़ियाल, सैफनी), संत कबीर नगर (खलीलाबाद, बखिरा) शाहजहांपुर, सिद्धार्थ नगर (नगर, बढ़नी चाफा व कपिलवस्तु) सोनभद्र (नगर), वाराणसी (नगर) आदि प्रमुख हैं।

विस्तार योजना में निर्मित कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। इसके निर्माण के लिए सीएम योगी ने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है। इन कल्याण मंडपम में विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे हॉल, किचन, चेंजिंग रूम और शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसका उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती और सम्मानजनक व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

# हाईवे पर सक्रिय फर्जी जीएसटी गैंग पर पुलिस कसेगी शिकंजा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

हाईवे पर फर्जी अधिकारी बनकर ट्रक चालकों से वसूली करने वाले गिरोह से जुड़े गुर्गों की कुंडली पुलिस खंगाल रही है। हाईवे पर सक्रिय इस गैंग में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने की तैयारी में है। हालांकि पुलिस अभी कुछ बताने से परहेज कर रही है। इस गिरोह से जुड़े गुर्गों के सर्वाधिक सक्रियता का केंद्र तमकुहीराज थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित गाजीपुर बैरियर है। हाईवे पर फर्जी अधिकारी बन हाईवे पर वसूली करने वाले गैंग के मास्टरमाइंड तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर टोला निवासी मुखिया यादव उर्फ प्रिंस की पारिवारिक कुछ वर्ष पूर्व तक खस्ताहाल रही थी। इसके अलावे गैंग के अन्य गुर्गों की भी आर्थिक स्थित तेजी से बदली है और जीवन जीने का अंदाज फर्श से अर्श तक पहुंच गया। अनपढ़ व कम शिक्षा के बावजूद गिरोह के गुर्गे ट्रक चालकों को झांसा में लेने के लिए विभिन्न प्रांतों की भाषाएं बोलने में माहिर है। मोबाइल व लैपटॉप संचालित करने में उस्ताद गिरोह के सदस्य आसानी से चिन्हित शिकारों को झांसे में रुपये वसूल लेते है। सूत्र बताते है कि मुखिया यादव उर्फ प्रिंस के पिता कम रकबे की खेती व श्रम के बदौलत परिवार को पालते रहे, लेकिन मुखिया यादव के फर्जी अधिकारी बन कर हाईवे पर वसूली गैंग का मास्टरमाइंड बन कर उभरते ही परिवार की आर्थिक स्थित तेजी से बदली। मुखिया यादव ने परिवार के कमाई का कोई वैध जरिया नहीं होने के बावजूद पैतृक घर से हट कर दूसरे जगह भी घर का निर्माण आधुनिक ढंग से कराया है और सुविधा के लिए चार पहिया वाहन खरीदा है।जुलाई 2024 में जेल जाने के बाद मुखिया यादव के भाई ने गिरोह संचालन की कमान संभाली और बड़े पैमाने पर ट्रक चालकों को निशाना बनाया जाने लगा और दोनों भाइयों की युगल जोड़ी ने पुलिस व जांच टीमों को छकाना शुरु कर दिया। गैंग से जुड़े गाजीपुर निवासी नाजिर खान के परिवार के जीविकोपार्जन का आधार कुछ वर्ष पूर्व खेती था लेकिन गैंग में इंट्री के बाद अवैध कमाई से परिवार की आर्थिक स्थित तेजी से बदली है।

इसी गांव निवासी मोईन खान के परिवार के कुछ सदस्य विदेश रह कर नौकरी करते है। परिवार के विकास में योगदान के लिए मोईन ने गिरोह में काम करना मुनासिब समझा।इसी गांव निवासी मुफलिसी में जीवन जीने वाले लालू यादव ने भी फर्जी अधिकारी बन वसूली कर रूपये कमाने का रास्ता अख्तियार किया। नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड

## जंगल सिसवा रेगुलेटर पर जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

गंडक नहर के जंगल सिसवा रेगुलेटर पर दो महीनों से बारिश के कारण जलभराव हो गया है। इसकी वजह से आसपास के लोगों को उस रास्ते से गुजरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं। स्थानीय लोगों ने रेगुलेटर पर होने वाली जल निकासी से निजात की मांग की है।

जंगल सिसवा रेगुलेटर से होकर दस से अधिक गांव के लोगों का जिला मुख्यालय आना-जाना होता है। करीब आठ स्कूलों के दो हजार बच्चों का इस रास्ते से आना-जाना होता है। जलभराव के कारण रेगुलेटर पुल पर गड्ढा बन गया है। स्कूली बच्चों की साइकिल और बाइक फंस जाता है। पैदल जाने वाले बच्चे रेगुलेटर की पुलिया के ऊपर से चढ़कर जाते हैं। इससे पुल से नीचे गिरने का खतरा रहता है।

विज्ञापन

# जिला अस्पताल के सामने दवा की 7 दुकानों का निरस्त होगा लाइसेंस

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जिला अस्पताल के पास मेडिकल स्टोर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का पुलिस ने शनिवार को वेरिफिकेशन किया। इसके लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था। टीम ने अस्पताल के आसपास संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का पूरा ब्योरा नाम, पता, आधार कार्ड और मेडिकल स्टोर संचालक के दस्तावेजों की जांच की।

जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों से मारपीट करने के आरोपी मेडिकल स्टोर संचालकों और उनके एजेंटों पर चाबुक चलने वाला है। हाल ही में सामने आए मारपीट प्रकरण के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। अब जिला अस्पताल के सामने की सात दुकानदारों के खिलाफ ड्रग लाइसेंस निरस्त कराने की तैयारी की जा रही है। दरअसल, पिछले दिनों जिला अस्पताल में एक मरीज के तीमारदार ने एजेंटों के दबाव में आकर दवा



नहीं खरीदी और खुद सस्ते दामों पर दूसरी दुकान से दवा ले ली। इससे नाराज मेडिकल स्टोर के एजेंटों ने अस्पताल परिसर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर दी। घटना से हड़कंप मच गया और तीमारदार सुशील कुमार भारती की तहरीर पर 20 अगस्त को पुलिस ने केस दर्ज किया।

मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी भी की गई। मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की और अगले ही दिन सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पांच मेडिकल स्टोर के एजेंट मौके पर पकड़े गए जिन्हें पुलिस ने शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया।

पूछताछ में इन एजेंटों ने जिन दुकानों के नाम बताए, उनके खिलाफ पुलिस अब और कठोर कदम उठाने जा रही है। पुलिस जल्द ड्रग नियंत्रण विभाग को पत्र भेजकर सात दुकानों के लाइसेंस निरस्त कराने की सिफारिश करेगी। इसके अलावा डीएम को भी पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मरीजों और तीमारदारों को महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर करना न सिर्फ अवैध है बल्कि गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

**मरीजों और तीमारदारों को सस्ती दवा का देते हैं झांसा**

जिला अस्पताल परिसर में मेडिकल स्टोर के एजेंटों का घूमना कोई नई बात नहीं है। ये एजेंट मरीजों को कम कीमत पर दवा दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले जाते हैं और वहां महंगी दवाएं थमा देते हैं। जबकि प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र पर सस्ती दरों पर वही दवाएं उपलब्ध रहती हैं। इसी तरह मरीजों को धोखा देकर आर्थिक शोषण किया जाता है। अब पुलिस का रुख साफ है कि ऐसे दुकानदारों और एजेंटों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पत्राचार कर रही है।

जिला अस्पताल के पास मेडिकल स्टोर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का पुलिस ने शनिवार को वेरिफिकेशन किया। इसके लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था। टीम ने अस्पताल के आसपास संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का पूरा ब्योरा नाम, पता, आधार कार्ड और मेडिकल स्टोर संचालक के दस्तावेजों की जांच की।

# डीडीयू में दीक्षांत समारोह कल, रिहर्सल के साथ पूरी होंगी तैयारियां- 26 घंटे शहर में रहेंगी राज्यपाल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

दीक्षांत को लेकर बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में रविवार दोपहर 12 बजे से पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया है। पूर्वाभ्यास में पदक विजेता सभी छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न समितियों से जुड़े शिक्षक भी शामिल होंगे। आयोजन स्थल पर रविवार को ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के 44वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दीक्षांत समारोह 25 अगस्त को होगा, इसके लिए 24 अगस्त को पूर्वाभ्यास के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह का आयोजन योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में दोपहर डेढ़ बजे से होगा।



डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल मेधावी विद्यार्थियों को पदक और उपाधि प्रदान करेंगी। इसके साथ ही नवीनीकृत सुविधाओं का लोकार्पण भी करेंगी। इनमें संत कबीर छात्रावास की जीर्णोद्धार (408 लाख), माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला (53.96 लाख) रसायन शास्त्र प्रयोगशाला (49.03 लाख) तथा अतिथि गृह का नवीनीकरण शामिल है।

इसके साथ ही अलकनंदा छात्रावास के नए ब्लॉक (3 करोड़ रुपये) का लोकार्पण भी महामहिम करेंगी। इसके अलावा कुलाधिपति कई नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगी। इनमें इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (31.62 करोड़), विधि संकाय भवन (9.87 करोड़) और केन्द्रीय यंत्रण भवन सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी (30.82 करोड़) शामिल हैं।

**दोपहर 12 बजे से पूर्वाभ्यास**

दीक्षांत को लेकर बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में रविवार दोपहर 12 बजे से पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया है। पूर्वाभ्यास में पदक विजेता सभी छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न समितियों से जुड़े शिक्षक भी शामिल होंगे। आयोजन स्थल पर रविवार को ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## गिरफ्तारी के बाद कॉलेज निदेशक को रासपा ने पार्टी से निकाला

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

रूपनदेही पुलिस ने फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने की घटना में शामिल आरोपी को चितवन से गिरफ्तार किया गया था। इसका नेपाल की राजनीतिक पकड़ मजबूत है। कॉलेज का निदेशक आरोपी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बागमती प्रदेश के प्रशिक्षक पद पर काम कर रहा था। फर्जी अंक पत्रों में उसकी गिरफ्तारी के बाद पार्टी ने उसे निलंबित कर दिया है।सूत्रों के अनुसार पता चला है कि फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के लिए नेपाली युवक उसे लाखो रुपये देते थे। इससे नेपाली युवक भारतीय फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे आसानी से अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान, सऊदी, कुवैत, सिंगापुर, हांगकांग, जर्मनी , दुबई सहित अन्य देशों में उच्च शिक्षा के नाम पर आसानी से चले जाते थे।

विज्ञापन

# तीज की तैयारी ने बढ़ाई बाजार की रौनक

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



हरितालिका तीज जिले में मंगलवार को मनाई जाएगी। इसमें महिलाएं अखंड सुहाग की कामना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इसके लिए महिलाओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाजार भी सज गए हैं। खासकर श्रृंगार का बाजार दमक रहा है। कपड़ों और चूड़ियों की अच्छी खासी बिक्री हो रही है।

कपड़े सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों के अलावा सबसे अधिक ग्राहकों की भीड़ चूड़ी की दुकानों पर है। ब्यूटी पार्लर पर तो एडवांस बुकिंग हो रही है। कुछ महिलाएं ब्यूटी पार्लर में सजने और संवरने पहुंच रही हैं। मेहंदी लगवाने के लिए ग्राहकों की एडवांस बुकिंग हो रही है।

शहर के सुभाष चौक स्थित माल, मेन बाजार, धर्मशाला रोड, कोतवाली रोड, नोकाटोला रोड समेत शहर के सभी कपड़े और सराफा की दुकान के अलावा ब्यूटी पार्लर में रौनक देखने को मिल रही है। दुकानों में हरी साड़ी की डिमांड ज्यादा हो रही है।

तीज पर्व को लेकर महिलाओं के साथ ही साथ युवतियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। वे भी नए परिधान की खरीदारी में लगी हैं।

इस दौरान ऐसे कपड़ों की खरीदारी की जा रही है जिसमें हरे रंग इस्तेमाल हो रहा हो। इसके साथ ही चटख रंग को भी अधिक तरजीह दी जा रही है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर पौने दो लाख ठगे

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 1.70 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। परसौनी बुजुर्ग गांव के अविनाश जायसवाल (34) ने वाराणसी की एक संस्था 'ब्राइट ओवरसीज' और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इस मामले में अविनाश ने थाना घुघुली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद मामले में केस दर्ज हुआ।

अविनाश ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह विदेश में नौकरी की तलाश में थे और इसके लिए उन्होंने कई वेबसाइटों पर अपना बायोडाटा अपलोड किया था। इसी दौरान वाराणसी के सिगरा स्थित कृषि एक्सपोर्ट प्लाजा में कार्यरत ''ब्राइट ओवरसीज'' नामक संस्था के कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया। इन लोगों ने अविनाश को रूस में नौकरी दिलाने का वादा किया और इसके बदले में 1,70,000 रुपये की मांग की।

संस्था के प्रतिनिधियों ने नौ अक्तूबर 2024 को सुबह 8 बजे अविनाश के घर पहुंचकर उनसे बातचीत की और विश्वास दिलाया कि राशि जमा करने पर उन्हें वीजा, हवाई टिकट और रूस में ठहरने की व्यवस्था प्रदान की जाएगी।

विश्वास में आकर अविनाश ने संस्था के खाते में यूपीआई के माध्यम से 1,45,000 रुपये और 25,000 रुपये नकद जमा किए। बदले में उन्हें वीजा, हवाई टिकट और होटल बुकिंग की रसीद दी गई। उन्हें बताया गया कि उनकी उड़ान मुंबई से होगी। हालांकि जब अविनाश नियत तारीख को मुंबई हवाई अड्डे पहुंचे तो अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें बताया कि उनके सभी कागजात अवैध और जाली हैं। इसके बाद अविनाश ने संस्था से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन न तो उनका फोन उठाया गया और न ही वाराणसी में संस्था का कार्यालय खुला मिला।

निराश होकर अविनाश ने स्थानीय थाना घुघुली में शिकायत दर्ज की लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने इस साल 21 मई को पुलिस अधीक्षक, महराजगंज को रजिस्ट्री के माध्यम से शिकायत भेजी लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अविनाश ने एसीजेएम महराजगंज के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। थानाध्यक्ष घुघुली कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि मामले में संस्था के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चोरी के पांच दिन बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

जन एक्सप्रेस। देवरिया

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के रामपुर विशुनपुरा टोला दरगेचक गांव में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए आभूषण समेत पांच सूटकेस और एक पेटी चोरी कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने पांच दिन बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मगर चोर का पता लगाने में नाकामयाब है। पीड़ित मनोज यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 अगस्त की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए। चोरों ने एक कमरे से तीन और दूसरे कमरे से दो सूटकेस तथा एक पेटी उठा ले गए। परिवार को घटना की जानकारी सुबह हुई। आसपास खोजबीन करने पर दो सूटकेस तो मिल गए, लेकिन उनमें रखे जेवरात और कागजात गायब थे।

# मेडिकल कॉलेज में बिलिंग काउंटर की कमी, परेशान हो रहे मरीज

- बिलिंग कराने रोज पहुंचे करीब सात से साठ सौ मरीज

जन एक्सप्रेस। देवरिया

मेडिकल कॉलेज में बिलिंग काउंटर की कमी से मरीजों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। उमस भरी गर्मी में मरीज को बिल कटाने के लिए करीब दो से ढाई घंटे तक कतार में खड़ा होना पड़ता है। इससे मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्भवती को भी देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। गर्मी से कभी-कभी कुछ मरीजों को चक्कर भी आ जाता है। काउंटर बढ़ने से मरीजों को सहूलियत होगी। मेडिकल कॉलेज में रोज करीब ढाई से से तीन हजार नए मरीज के अलावा फालोअप के मरीज आते हैं। विभिन्न विभागों की ओपीडी में डॉक्टर आवश्यकता महसूस होने पर जांच लिखते हैं। करीब 15 सौ मरीजों को

### महिला अस्पताल में काउंटर न होने से मरीजों को परेशानी

मेडिकल कॉलेज के एमसीएच स्थित महिला अस्पताल में रुटीन चेकअप में आने वाली गर्भवती व अन्य मरीजों को भी खून जांच की जरूरत होती है। यहां पैथोलॉजी जांच के लिए रजिस्ट्रेशन व रिपोर्ट का काउंटर व खून कलेक्शन सेंटर है, मगर ओपीडी में दिखाने के बाद गर्भवती को नए भवन में बिलिंग कराने जाना पड़ता है। वहां से सैंपल देने के लिए फिर एमसीएच स्थित ब्लड कलेक्शन सेंटर पर आना पड़ता है।

### इन जांचों के लिए करानी पड़ती है बिलिंग

मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी जांच, ओटी, प्लास्टर, ईसीजी, प्लास्टर काटने, स्पायरोमेट्री, दांत के एक्स-रे, आरसीटी आदि के लिए बिलिंग करना पड़ता है, इसमें कुछ जांच में शुल्क भी जमा करना पड़ता है, जबकि एक्स-रे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा निशुल्क है। इनके लिए बिलिंग नहीं करानी पड़ती है।

अलग-अलग जांच की जरूरत होती है। अस्पताल में पहले पैथोलॉजी सहित अन्य निशुल्क जांच के लिए बिलिंग नहीं करानी पड़ती थी। मरीज सीधे जांच केंद्र पर पहुंचते थे। इससे बिलिंग के लिए भीड़ कम होती थी। अब पैथोलॉजी की जांच के लिए बिलिंग कराना जरूरी कर दिया गया है। इसमें जो जांच निशुल्क है, उसके लिए भी जीरो बैलेंस का बिल लेना पड़ता है। सबसे अधिक मरीज पैथोलॉजी जांच के लिए आते हैं। पुरुष और महिला ओपीडी से मरीज बिलिंग काउंटर पर पहुंचते हैं, मगर यहां दो काउंटर हैं। इसमें एक पुरुष और एक महिला के लिए है। यहां हर रोज करीब सात से आठ सौ मरीजों की बिलिंग होती है। दोनों काउंटरों के बाहर लंबी लाइन लगती है। इसके चारों तरफ कमरों से एसी की हवा निकलती है। यह क्षेत्र ऊपर से ढका होने की वजह से उमस भरी गर्मी से प्रतीक्षा करने में दिक्कत होती है।

दो दिन पहले महुआनी की सरिता देवी महिला अस्पताल से जांच कराने पहुंचीं। कतार में देर तक खड़ी रहने पर अचानक चक्कर आने से तबीयत बिगड़ गई। सुरक्षा कर्मी व तीमारदार वेटिंग एरिया में लगे कूलर के पास ले गए। कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हुई। एक हफ्ता पहले भलुअनी क्षेत्र की मीरा की भी तबीयत बिगड़ गई थी। शहर के सकरापार मोहल्ले के अनुज कुमार, बघौचघाट क्षेत्र के महेंद्र, रामपुर कारखाना के ज्ञानेश्वर, गौरीबाजार की देवंती ने बताया कि वह डेढ़ घंटे से अधिक समय से लाइन में खड़े हैं।

# नगर पालिका रोड पर अतिक्रमण हटाने के दौरान अधिकारी व दुकानदारों में हुई बहस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शनिवार का दिन शहर का माहौल काफी गहमागहमी भरा रहा। दोपहर करीब 12 बजे नगर पालिका प्रशासन ने शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की।

जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को अधिशासी अधिकारी लालचंद मौर्या के नेतृत्व में नगर पालिका रोड पर बने दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया।इस दौरान काफी बहसबाजी भी हुई । नगर पालिका द्वारा बताया गया कि अवैध दुकानों को हटाने के लिए अनाउंसमेंट के माध्यम से सूचित किया गया है । अतिक्रमण न हटाने पर नगर पालिका द्वारा जेसीबी से लगभग 40 दुकानों से अवैध अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यवाही के दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी लालचंद मौर्या,टी आई राजेश कुमार पटेल, जेई अवनीश यादव,अतिक्रमण बाबू अनिल कुमार बाल्मीकी, मनीष श्रीवास्तव आनंद तिवारी, अजय कसेरा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




### महिला ने जेसीबी के सामने आकर किया रोकने का प्रयास

नगर पालिका मार्ग पर अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान दौरान एक महिला दुकानदार के सामने फर्श तोड़ने को लेकर काफी विवाद हुआ नाली के ऊपर टाइल्स तोड़ने को लेकर महिला दुकानदार अधिशासी अधिकारी लालचंद्र मौर्य से भिड़ गई और अतिक्रमण हटाने का विरोध करने लगी जिस पर महिला पुलिसकर्मी ने किसी तरह उसे काबू में किया और फिर आगे की कार्रवाई शुरू हुई।

### तीन मंजिला मकान गिरने की अफवाह से मची अफरा-तफरी

नगर पालिका रोड पर अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान एक तीन मंजिला मकान में दुकान के सामने अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मकान के चटकने व हिलने की अफवाह से हड़कंप मच गया। आसपास के लोग अपने घरों से निकल कर भागने लगे।

# मंगलवार हरितालिका तीज, बुधवार को मनायी जाएगी गणेश चतुर्थी

### अनेक शुभ योगों में इस बार गणेश जी की आराधना अत्यंत लाभकारी: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज मनाई जाती है। इसके अगले दिन गणेश चतुर्थी महोत्सव का प्रारंभ होता है। ग्यारह दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव का आरंभ भी इसी दिन होता है। प्रायः प्रत्येक माह कृष्णपक्ष की चतुर्थी को श्री गणेश चतुर्थी का व्रत किया जाता है। इस तरह यह व्रत प्रतिवर्ष तेरह बार मनाया जाता है क्योंकि भाद्रपद में दोनों चतुर्थी में यह व्रत किया जाता है, शुक्लपक्ष में केवल भाद्रपद माह की चतुर्थी को ही पूजा की जाती है। इस बार आज 25 अगस्त दोपहर 12:34 मिनट से तृतीया तिथि प्रारंभ होकर अगले दिन 26 अगस्त दोपहर 01:54 मिनट तक रहेगी। ऐसे में कल हरितालिका तीज मनायी जाएगी। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने गणेश चतुर्थी के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जा रहा है, इस दिन प्रीति योग, सर्वार्थ सिद्धि, रवि योग और इंद्र ब्रह्म योग जैसे विशेष योग बन रहे है। इसके अलावा कर्क में ग्रहों के राजकुमार बुध और विलासिता के कारक शुक्र के होने से लक्ष्मी नारायण योग बना हुआ है। वहीं इस तिथि पर बुधवार का महासंयोग होने से यह दिन कुछ विशेष राशि वालों के लिए अत्यंत शुभ रहेगा। भगवान गणेश की पौराणिक कथा के अनुसार गणों के अधिपति एवं प्रथम पूज्य श्री गणेश जी विघ्नहर्ता हैं, और आने वाले सभी विघ्नों को दूर कर देते हैं। शिवपुराण के रुद्रसंहिता खंड के अनुसार माता पार्वती ने अपने शरीर के उबटन से एक बालक की रचना की और उसे द्वारपाल बना दिया, और स्वयं स्नान करने चली गई जब भगवान शिव वापस लौटे और बालक ने उन्हें भीतर जाने से रोक दिया, तब शिव ने युद्ध में अपने गणों की हार के बाद उस बालक का सिर त्रिशूल से काट दिया लेकिन इससे क्रोधित हुई माता की सभी देवताओं ने स्तुति की और तब भगवान शिव ने एक हाथी का मस्तक उस बालक के शरीर पर स्थापित कर दिया इस प्रकार गजानन का जन्म हुआ। रिद्धि और सिद्धी के स्वामी होने के कारण इनकी कृपा से संपदा और समृद्धि का कभी अभाव नहीं रहता है। गणपति समान रूप से देवलोक, भूलोक और दानव लोक में प्रतिष्ठित हैं। श्री गणेश जी ब्रह्मस्वरूप हैं और उनके उदर में यह तीनों लोक समाहित हैं। इसी कारण इनको लंबोदर कहते हैं। उनके उदर में सब कुछ समा जाता हैं और गणेश जी सब कुछ पचाने की क्षमता रखते हैं। गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना मुहूर्त के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गणेश उत्सव के दिन गणपति की पूजा के लिए प्रातः 10:53 से 01:27 बजे तक की अवधि का सर्वोत्तम समय है। 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी को श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। स्वामी जी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन चंद्रमा का दर्शन करना अशुभ माना जाता है। इस दिन चंद्रमा के दर्शन करने से किसी न किसी प्रकार के कलंक का सामना करना पड़ता है।

# साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



शासन एवं पुलिस मुख्यालय लखनऊ के निर्देशानुसार साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने और उनकी प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, थानों पर गठित साइबर सेल के अधिकारी, कर्मचारी और साइबर क्राइम पुलिस थाना के कर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण सीट्रेन ऐप के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न साइबर संबंधित पोर्टल्स के उपयोग, वर्तमान समय में हो रहे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, और ऐसे अपराधों का अनावरण करने के विविध तरीके समझाए गए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना और उन्हें आधुनिक तकनीकी अपराधों का प्रभावी ढंग से सामना करने हेतु सक्षम बनाना है। अपर पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर जागरूकता और सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# संत निरंकारी मिशन का जोन स्तरीय महिला समागम हुआ आयोजित, सैकड़ों महिलाओं ने लिया हिस्सा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

शहर के राठ रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जोन स्तरीय निरंकारी महिला समागम का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रयागराज से आई केन्द्रीय ज्ञान प्रचारिका बहन सीमा सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस समागम में शहर के अलावा बांदा जोन के सभी शाखाओं की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। सत्संग में बहन सीमा सचदेवा ने कहा कि जो सुख को चाहे सदा, शरण राम की ले कोई सांसारिक वस्तु आज तो हमे सुख दे सकती है। हो सकता हैं कि कुछ समय बाद वही वस्तु हमारे दुख का कारण बन जाए। सदगुरु समझाते है जो भी परमात्मा की कृपा से मिले, उसे प्रसाद समझकर स्वीकार करना चाहिए द्य ये भाव केवल ब्रह्मज्ञान के जीवन में प्रवेश के उपरांत ही आता है। उन्होंने आगे कहा कि सभी चाहते है कि मेरा घर स्वर्ग बने, पर जो घर, पत्थर, गारा, सीमेंट से बनता है, वह वास्तविक घर नहीं होता, जिस घर में परिवार के सभी लोग मिल जुल कर रहते है उस घर को वास्तविक घर कहते है वास्तविक घर उसको भी कहते है जहां नारी की पूजा एवं सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। एक माला जो मोतियों को जोड़ कर रखती है, उसके लिए धागे के आधार की आवश्यकता होती है, यदि परिवार को जोड़ कर रखना है, तो घर की नारी ही, परिवार को जोड़कर रख सकती है, जब परमात्मा का ब्रह्मज्ञान भी मन में बस जाता है तो घर स्वर्गमयी हो जाता है द्य अंत में कहा कि नारी समाज की आधारशिला है, जब हम ज्ञान को धारण करते है, तब हर पल, हर रंग, हर रूप परमात्मा का ही लगता है, ज्ञान से जीवन में प्रेम, नम्रता, सत्कार, दयाभाव आ जाता है तो जीवन चलता फिरता तीर्थ बन जाता है, अगर किसी से कोई गलती हो जाती है तो हम सोचे ये गलती हमसे भी हो सकती थी और उस समय हम चुप रह जाए तो हम आपसी टकराव से बच सकते है, तो जीवन में सुख, शांति, समृद्धि का वास होता है।




उन्होंने सदगुरु माता के संदेश को दोहराते हुए कहा कि सांसारिक जीवन जीते हुए हम अपने जीवन में प्रेम की इतनी मात्रा बढ़ा दे कि हमारा स्वभाव भी प्रेममय बन जाए द्य इस कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं से आई बहनों ने संत निरंकारी मिशन व सतगुरु माता का संदेश, भजनों, समूह गीतों, कविताओं, विचारों के माध्यम से दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालक हेमराज के नेतृत्व में समस्त सेवादल सदस्यों ने भरपूर योगदान दिया। सत्संग के बाद सभी भक्तों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। संचालन बहन सिमरन एवं चित्रकूट से बहन प्रीति जयसवाल द्वारा किया गया।

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद समाजसेवी ने तोड़ा अनशन



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

मानव सेवा संस्था भारत एवं स्वतंत्र पत्रकार समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले भ्रष्टाचार के खिलाफ राठ रोड मोक्षधाम में 15 अगस्त से समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी आमरण अनशन कर रहे थे तथा पिछले दो दिनों से उन्होंने जल का भी त्याग कर दिया था। उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए 23 अगस्त 2025 की सायं प्रशासन द्वारा जांच कर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन से संतुष्ट होकर भगवती प्रसाद सोनी ने नगर पालिका के अधिषासी अधिकारी अवधेश यादव के हाथों से जूस पीकर अपना अनशन स्थगित कर दिया एवं शीघ्र ही कार्यवाही न होने पर दोबारा अनशन पर बैठने की चेतावनी दी। इस मौके पर उपस्थित स्वतंत्र पत्रकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने को अभी स्थगित किया गया है समाप्त नहीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने के सपने को साकार करने हेतु स्वतंत्र पत्रकार समिति दृढ़संकल्पित है। मौके पर मौजूद मानव सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रमन दीक्षित ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ही मानव सेवा संस्था भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर मानव सेवा संस्था एवं स्वतंत्र पत्रकार समिति के पदाधिकारी, पत्रकार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिस से आम जनजीवन अस्त व्यस्त, जलभराव के चलते प्रभावित हुआ व्यापार

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

बुंदेलखण्ड के महोबा जिले में रात्रि में हुई झमाझम बारिस के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त होने के साथ ही स्वास्थ सेवाए बाधित हुई है एवं व्यापार भी जलभराव के चलते प्रभावित हुआ है। जनपद में बीती रात्रि हुई झमाझम बारिश के चलते पनवाड़ी ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव के कारण मरीजो को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या बारिश के होने पर हर समय बनी रहती है परिसर में तलाब जैसा पानी भर जाने से आने वाले मरीजो को पानी से ही चल कर इलाज ले लिए जाते है जिसके कारण वह परेशान हो जाते हैं वहीं गर्भवती महिलाएं भी जलमग्न पानी में जाने के कारण दिक्कते उत्पन्न होती है।

आपको बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी के अगल-बगल खेतों का पानी परिसर में आ पहुंचता है जिससे आए हुए तीमारदारो को के सामने समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। डीएम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या को लेकर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उच्च अधिकारियों को जलभराव की समस्या दूर करने के लिए जिम्मेवारों को आदेशित भी किया था लेकिन अभी भी जल भराव की समस्या से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी बना हुआ है। वहीं वर्षा के कारण पनवाड़ी के मुख्य बाजार जल निकासी न होने के कारण जलमग्न बना हुआ है। दुकानदारों और आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



रात्रि के समय हुई झमाझम बारिश के चलते तहसील चरखारी के कस्बा खरेला के मुख्य बाजार में जल भराव के कारण व्यापार पूरी तरह प्रभावित हुआ है। जहाँ बरसात के समय पानी की निकासी न होने के कारण मुख्य बाजार में जलभराव हो जाता है। दुकानों सड़को आदि जगह पानी ही पानी नजर आता है। कई दुकानदारों का कहना है कि जलभराव के कारण व्यापार तो ठप हो जाता है वहीं ग्राहक भी आने में परहेज करते हैं। व्यापारियों कहना है कि जलभराव की समस्या को लेकर कई बार विभाग के संबंधित लोगों का अवगत कराया गया लेकिन समस्या का कोई समाधान आज तक नहीं हो सका है। जब भी वर्षा होती है तो जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है और हम लोगों को दिक्कते उठानी पड़ती है।

# बेखौफ चोरों ने किराना दुकानों का शटर तोड़कर नगदी और कीमती सामान किया पार



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

बेखौफ चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि उन्होंने दिन रात चलने वाले राष्ट्रीय मार्ग से लगी दुकानों को ही अपना निशाना बना डाला।

बीती रात्रि किराना दुकानों का शटर तोड़कर नगदी समेत कीमती सामान पर कर दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र में लौडी तिराहे में बीती रात्रि मुख्य सड़क से लगी दो किराना दुकानों का शटर तोड़कर बेखौफ चोरों ने नगदी समेत कीमती सामान पार करते हुए पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। बताया जा रहा है कि वहां से गुजर रहीं डायल 112 पुलिस को इसकी भनक लग गयी तो उन्होंने तत्काल एक चोर को पकड़ लिया जबकि अन्य साथी भागने में सफल हो गए। पीड़ित अनिल सिंह निवासी भटीपुरा ने कोतवाली पुलिस को सौपी तहरीर में बताया है कि चोर उसकी गौतम किराना दुकान से एक हजार की नगदी और 40 हजार का सामान ले गए।

बगल में ही द्रगपाल साहू के साहू किराना स्टोर को भी चोरों ने अपना निशाना बना डाला। कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पहुँचकर अपनी जांच पड़ताल की है।

फिलहाल मुख्य सड़क पर हुई चोरी की इस वारदात से अन्य दुकानदारों में भी दहशत का माहौल व्याप्त है।

# रोटरी क्लब ग्रेटर द्वारा निशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अल रहमान हास्पिटल में रविवार को रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर और शैलबी हास्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक बृहद अस्थि और रीढ़ के मरीजों के लिए निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन अल रहमान हास्पिटल में कैम्प के चेयरमैन डा0 अब्दुल कय्यूम के संयोजन मे किया गया ।

जानकारी के अनुसार 24 अगस्त को रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर और शैलबी हास्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक बृहद अस्थि और रीढ़ के मरीजों के लिए निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन अल रहमान हास्पिटल में कैम्प के चेयरमैन डा0अब्दुल कयूम के संयोजन मे किया गया। कैम्प मे हड्डी की विभिन्न बीमारियो के 218 मरीजों का परीक्षण एवं उनको दवा वितरण किया गया।

कैंप का उद्घघाटन बलरामपुर स्टेट के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह के कर कमलो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शैलबी हास्पिटल के ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और ट्रामा सर्जरी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ दीपांकर मिश्रा और रंजन पटारिया, शैल्बी मल्टी हास्पिटल के संयोजक नितीश तोमर ने मरीजों का सफल परीक्षण कर उनकी चिकित्सा की ।लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन प्रीतपाल सिंह, लायंस आई हास्पिटल के सचिव प्रद्युम्न सिंह एवं अन्य विशिष्ट जन उपस्थित हुए । रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के संस्थापक अध्यक्ष डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

इस अवसर पर रो0 संजय शर्मा, रो0 डॉ जुबैर अहमद, रो डॉ सौरभ सिंह, रोटेरियन डॉ आतिफ रहमान, रोटेरियन डॉ अब्दुल कयूम, रोटेरियन आनन्द उपमन्यु, रो0 दिलीप श्रीवास्तव, रो0 मलय पहवा, रो0 हारिस बिन खालिद, रो0 मिहिर मेहरोत्रा, रो0 शरद अग्रवाल, रो0 अनूप अग्रवाल, रो0 रविंद्र जायसवाल, रो0 फिरोज अहमद,रो0 अमित अग्रवाल,रो0 सुभाष चन्द्र पाण्डेय,रो0 भूपेन्द्र सिंह, क्लब सचिव रो0 डॉ सतीश सिंह, रो0 रीत कौर, रो0 रीतिका जायसवाल, रो0 डा0 प्रतिमा सिंह, रो0 मीत कौर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। साथ ही रोटरी क्लब के द्वारा और भी समाज को लाभ देने वाले कार्यक्रम करते रहने की घोषणा की। अपने सम्बोधन मे मुख्य अतिथि महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बलरामपुर मे यह पहला हड्डी रोग का कैम्प रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर ने लगाकर सैकड़ो मरीजो का इलाज अहमदाबाद के विख्यात ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जनो के द्वारा चिकित्सा प्रदान करने के लिए निशुल्क लगाया है। इसकी मै प्रशंसा करता हूं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि को रोटरी पिन लगा कर सदस्यता प्रदान की गई। बाहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हड्डी रोगो के उपचार एवं उनको स्वस्थ रखने के बारे मे विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम मे क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# एक ही रात में चोरी दो बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्रान्तर्गत एक ही रात में दो स्थानों पर मोटर साइकिल की चोरी की घटना का खुलासा कर चोरी करने वाले अभियुक्त को चोरी की गई 02 मोटर साइकिलों के साथ रविवार को उतरौला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह 24 अगस्त को बताया कि पीड़ित शैलेश कुमार गुप्ता पुत्र रामगोपाल पता मोहल्ला आर्यनगर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर व विवेक पान्डेय पुत्र दीनदयाल पान्डेय निवासी ग्राम रेण्डवलिया घोड़चढी थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर द्वारा थाना पर एक शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया गया कि 21 अगस्त 2025 की रात्रि में एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो जिसका रजि0 नम्बर यूपी-47-एन 9971 को मुन्सफी गली उतरौला के सामने व मोटरसाइकिल रजि0नं0 यूपी 47-डी-3545 स्पलेण्डर को तहसील गेट उतरौला के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लिया गया है। प्रकरण के सम्बन्ध में कोतवाली उतरौला पर पंजाब के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्रांतर्गत हुई चोरी की घटना के सफल अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में एएसपी विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह निर्देशन में थाना पर गठित टीम उप निरीक्षक अनिल कुमार व उनके सहयोगियों हे0का0 चन्द्रशेखर राव, कां0 सुरेन्द्र कुमार व कां0 बालेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कोतवाली उतरौला में घटना करने वाले अभियुक्तों ओम चौहान पुत्र स्व0 प्रहलाद चौहान निवासी ग्राम आगया दतौली थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को पकड़ी से भड़वा जोत की तरफ जाने वाली पक्की सड़क से चोरी किये गये 02 अदद मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 47 एन9971 व यूपी47 डी 3545 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ओम चौहान पुत्र स्व0 प्रहलाद चौहान निवासी ग्राम अगया दतौली थाना मनकापुर जनपद गोण्डा से कड़ाई से पूंछताछ करने पर बताया कि साहब मेरी माता जी तबियत काफी खराब रहती है उनको कई बीमारी की परेशानी है। अपनी माँ का इलाज कराने के लिए मैं उतरौला हर्षा अस्पताल लेकर आया था, जहाँ तीन- चार दिन तक भर्ती रही उसी दौरान मेरे द्वारा एक मोटर साइकिल पैशन प्रो मुन्शफी के पास से रात में उठा लाया था।



**गगनयान मिशन की तैयारी तेज...**

इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज कर दी है। इसरो ने रविवार को पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन किया। इसके तहत एयर ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। इसमें सशस्त्र बलों ने भी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो)....

पढ़ें पेज 12 पर...

# हर साल बरसात में बर्बाद होती हैं सड़कें

## उत्तराखंड में अब तक 2500 सड़कें क्षतिग्रस्त, 300 करोड़ का नुकसान

- हर साल 300-400 करोड़ का बजट बह जाता है, फिर भी टिकाऊ मॉडल क्यों नहीं सड़के...
- 2023 में 451 करोड़ , 2024 में 300 करोड़ से अधिक और 2025 में अब तक 2500 सड़कें क्षतिग्रस्त...

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



आपदाएं हर साल उत्तराखंड की एक तिहाई सड़कों को लहूलुहान कर रही हैं। इस बार भी मानसून 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान सड़क नेटवर्क को पहुंचा चुका है। प्रत्येक वर्ष 300 से 400 करोड़ रुपये का बजट आपदा की भेंट चढ़ जाता है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अब तक सड़कों के नुकसान को कम करने का कोई स्थायी समाधान नहीं खोज सका है। पिछले कुछ सालों में प्लास्टिक की सड़कों समेत कई अन्य उपायों पर योजनाएं बनीं, लेकिन अमल फाइलों तक ही सीमित रहा।

**बार-बार ढह रही सड़कें**

प्रदेश में इस बार 2500 से अधिक सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। विभाग 300 करोड़ के बजट से नए टेंडर आवंटित कर मरम्मत की तैयारी में जुटा है। इनमें कई सड़कें ऐसी हैं, जिन्हें पिछले वर्ष ही भारी बारिश में क्षतिग्रस्त होने के बाद दुरुस्त किया गया था, लेकिन इस मानसून में वे फिर ढह गईं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में भी सड़कों को 300 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ था। वहीं 2023 में क्षति 451 करोड़ रुपये से ऊपर रही। सवाल यह है कि आखिर विभाग के पास ऐसा कौन सा मॉडल है, जिससे हर साल सड़कों पर होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

**प्लास्टिक सड़क पर चर्चा, अमल नहीं**

विशेषज्ञ मानते हैं कि पहाड़ों पर प्लास्टिक कचरे से बनी सड़कें बेहद कारगर साबित हो सकती हैं। इसमें प्लास्टिक को गर्म बिटुमेन के साथ मिलाकर सड़क पर डाला जाता है। प्लास्टिक और बिटुमेन दोनों पेट्रोलियम उत्पाद हैं, जो आपस में अच्छी तरह चिपककर सड़क की मजबूती और आयु बढ़ाते हैं। प्लास्टिक की सड़कें बारिश से होने वाले नुकसान का प्रतिरोध भी करती हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय और सड़क परिवहन मंत्रालय ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन उत्तराखंड में यह तकनीक अब तक जमीन पर नहीं उतर सकी है।

**बड़ा सवाल**

जब हर साल अरबों का बजट बह रहा है और सड़कें मानसून की पहली मार में ही ध्वस्त हो रही हैं, तो आखिर कब तक उत्तराखंड को मजबूत और आपदा-रोधी सड़क नेटवर्क मिलेगा।

**क्या हो सकते हैं कारगर उपाय?**

- अत्यधिक वर्षा को संभालने वाली जल निकासी प्रणाली अपनाना
- छिद्रित पाइप जल निकासी व्यवस्था, जिससे सड़क ढहने का जोखिम घटे
- एलिवेटेड रोड डिज़ाइन, ताकि सड़क जलमग्न न हो
- सड़क के नीचे मिट्टी का ट्रीटमेंट
- पॉलिमर-संशोधित बिटुमेन या कंक्रीट का प्रयोग

> सड़कों को वर्षा से बचाने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाते हैं, जहां पर जरूरी है वहां सीसी सड़कों को बनाने का भी काम किया जा रहा है, डामर सड़कों की अपेक्षा सीसी रोड बनाना काफी खर्चीला है। सड़को को लेकर बड़ी समस्या अचानक आने वाली आपदा से हो रही है, जिसका पूर्वानुमान नहीं होता। इसके बाद भी नुकसान को कम करने के प्रयास जारी हैं।
>
> (पंकज पांडेय, सचिव-लोनिवि)

## कोतवाली पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, 200 लोगों का हुआ सत्यापन

**जन एक्सप्रेस । विकासनगर**



कोतवाली पुलिस ने हरबर्टपुर, विवेक विहार, रामबाग और ऐटनबाग क्षेत्र में किरायेदारों व बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने लगभग 200 लोगों का सत्यापन किया। अभियान के दौरान छह मकान मालिकों पर किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर कार्रवाई करते हुए 60,000 रुपये का जुर्माना अध्यारोपित किया गया। वहीं पुलिस अधिनियम के तहत 20 चालान कर 5,000 रुपये नकद वसूले गए।

एसएसआई अशोक राठौड़ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशानुसार आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए यह अभियान चलाया गया। सत्यापन के दौरान 11 संदिग्धों को पूछताछ हेतु चौकी हरबर्टपुर लाया गया। पूछताछ और आवश्यक कार्यवाही के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेगा और सभी मकान मालिकों को किरायेदारों का सत्यापन कराना अनिवार्य है।

**आठ साल से पदोन्नति रुकी, 1180 इंटर कॉलेज और 830 हाईस्कूल प्रभारी प्रधानाचार्य के भरोसे**

# डेढ़ लाख छात्र प्रभावित

## 9810 पद खाली, हड़ताल से पढ़ाई ठप

> शिक्षा गुणवत्ता को लेकर सरकार प्रतिबद्ध हैं। स्मार्ट क्लासरूम से लेकर वर्चुअल क्लासेस, आधुनिक पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं तैयार की जा रही हैं। निश्शुल्क पुस्तकें से भी छात्रों को लाभ मिल रहा है। शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया गतिमान है।
>
> (डा. धन सिंह रावत- शिक्षा मंत्री)

- अतिथि शिक्षक भी आंदोलित, नियमितीकरण की मांग पूरी न होने से अस्थायी शिक्षक भी नाराज़
- हड़ताल और विवाद, राजकीय शिक्षक संघ 18 अगस्त से चाकडाउन कार्य बहिष्कार पर

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



गुणवत्तापरक शिक्षा का सपना संजोए उत्तराखंड के दूरदराज के गांवों के विद्यार्थियों की पढ़ाई गहरे संकट में है। राज्य में पहले से ही प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, एलटी और प्रवक्ताओं के 9810 पद रिक्त हैं और जो शिक्षक शेष हैं, वे अपनी मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर हैं। इसका सीधा असर हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में पढ़ने वाले 1,51,812 छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है।

**शिक्षक नहीं, शिक्षा ठप**

प्रदेश के 1385 राजकीय इंटर कॉलेजों में 1180 में नियमित प्रधानाचार्य नहीं हैं। इसी तरह 910 हाई -स्कूलों में से 830 में नियमित प्रधानाध्यापक का अभाव है। एलटी (सहायक अध्यापक) के 3055 और प्रवक्ताओं के 4745 पद भी रिक्त चल रहे हैं। प्रभारी व्यवस्था संभाल रहे शिक्षकों ने भी अब त्यागपत्र दे दिया है।

**हड़ताल और विवाद**

राजकीय शिक्षक संघ ने 18 अगस्त से चाकडाउन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। संगठन की प्रमुख मांग है कि विभाग पहले पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करे। लेकिन वरिष्ठता निर्धारण और स्थानांतरण विवाद न्यायालय में लंबित होने के कारण पदोन्नति पिछले आठ साल से ठप है।

सरकार ने हाल ही में प्रधानाचार्य के 1385 पदों को 50 प्रतिशत विभागीय सीमित भर्ती परीक्षा और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरने का निर्णय लिया, मगर शिक्षक संघ 100 प्रतिशत पदोन्नति पर अड़ा हुआ है।

**अतिथि शिक्षक भी आंदोलित**

अस्थायी तौर पर रखे गए अतिथि शिक्षक भी नियमितीकरण को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं। ऐसे शिक्षा व्यवस्था पूरी तरहअनिश्चितता में है।

**भारी भरकम बजट, लेकिन नतीजे नहीं**

शिक्षा विभाग का 7500 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट नौनिहालों के भविष्य को संवारने के लिए खर्च किया जाता है, मगर जमीनी स्थिति अलग है। केंद्र सरकार के सर्वेक्षणों में उत्तराखंड की स्कूली शिक्षा लगातार पिछड़ती दिख रही है।

## आपदा नुकसान का आकलन करेगी केंद्र की सात सदस्यीय टीम



- रिपोर्ट के बाद केंद्र देगा उत्तराखंड को आर्थिक पैकेज...
- पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट के आधार पर तय होगी मदद...

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

प्रदेश में हाल की आपदाओं से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार ने सात सदस्यीय टीम गठित कर दी है। यह टीम संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को 25अगस्त तक आपदा से हुए नुकसान की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार भी इन रिपोर्टों के आधार पर केंद्र को विस्तृत प्रस्ताव भेजेगी।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने बताया कि टीम धराली, स्यानाचट्टी, पौड़ी, थराली सहित प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट (पीडीएनए) करेगी।

इसके बाद केंद्र की ओर से प्रदेश के लिए आर्थिक पैकेज की घोषणा की जाएगी। केंद्र की टीम में चीफ इंजीनियर, डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी शामिल होंगे कई विभाग नुकसान का ब्यौरा भेज चुके हैं, शेष रिपोर्ट मिलने के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## ओएनजीसी जीएम से 7.39 करोड़ की साइबर ठगी, शेयर मार्केट में निवेश का दिया झांसा

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**





ओएनजीसी त्रिपुरा में जनरल मैनेजर पद पर तैनात दून निवासी अधिकारी से साइबर ठगों ने 7.39 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने उन्हें शेयर मार्केट में निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर जाल में फंसा लिया। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नेहरू कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि 15 जून को उनके व्हाट्सएप पर वेल्थ सीक्रेट एक्सचेंज ग्रुप का लिंक भेजा गया। लिंक क्लिक करने पर वे ग्रुप से जुड़ गए, जिसमें 173 सदस्य थे और मुकेश कुमार शर्मा एडमिन था। ग्रुप में शेयर बाजार की जानकारी और बड़े मुनाफे के दावे किए जाते थे। बाद में उन्हें एक एप का लिंक भेजा गया, जिस पर उन्होंने आधार कार्ड नंबर से रजिस्ट्रेशन किया। इसके बाद उन्हें एक और ग्रुप में जोड़ा गया, जहाँ लगातार आइपीओ और शेयर में निवेश के लिए प्रेरित किया गया। 22 जुलाई से 20 अगस्त के बीच उन्होंने 15 अलग-अलग खातों में कुल 7.39 करोड़ रुपये जमा करा दिए। एप पर उन्हें करीब 100 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया गया। 21 अगस्त को जब उन्होंने पाँच करोड़ रुपये निकालने की रिक्वेस्ट डाली तो उनसे तीन करोड़ रुपये टैक्स जमा करने की मांग की गई। रकम वापस न मिलने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ और 22 अगस्त को उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## गोदाम में भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने बचाई कई दुकानें

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



रविवार तड़के चकराता रोड स्थित एक शोरूम के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि पूरे गोदाम में कपड़े, कपड़ों के थान और लकड़ी के रैक धू-धूकर जलने लगे। हालांकि, अग्निशमन विभाग की तत्परता ने बड़ा हादसा टाल दिया।

**सुबह 4:27 बजे सूचना पर फायर यूनिट मौके पर पहुंची**

माउंट क्राफ्ट के गोदाम में लगी आग की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से यूनिट रवाना हुई। आग की तीव्रता को देखते हुए दो टीमों ने दोनों ओर से घेरकर ऑपरेशन शुरू किया।

**तीन दुकानें और दूसरी मंजिल का गोदाम बचा**

कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह काबू में कर लिया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को दूसरी मंजिल और नीचे की तीन दुकानों तक फैलने से रोक लिया।

**फायर ब्रिगेड की टीम ने दिखाया साहस**

इस रेस्क्यू ऑपरेशन में लीडिंग फायरमैन संदीप यादव, ड्राइवर सुनील रावत, राकेश कुमार, सुदेश गिरि, दिवाकर, योगेश, प्रदीप सागर, शिवलाल, महिला फायरमैन संतोषी, शालिनी, विदुषी और कुंती शामिल रहे।

## प्रेमनगर में हॉस्टल के बाहर फायरिंग, गनीमत रही बची जानें

- हॉस्टल के बाहर दो राउंड हवाई फायर, छात्र दहशत में...

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

प्रेमनगर क्षेत्र में रविवार तड़के फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। नंदा की चौकी के पास गंगोत्री बॉयज हॉस्टल के बाहर बाइक सवार दो युवकों ने हवाई फायरिंग कर दी। सौभाग्य से घटना में कोई घायल नहीं हुआ। थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद देर रात करीब तीन बजे दो युवक हॉस्टल के बाहर पहुंचे और दो राउंड हवाई फायर किए। शुरुआती जांच में सामने आया कि जिन छात्रों से झगड़ा हुआ था, वे इसी हॉस्टल में रहते हैं। पुलिस ने फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान कर ली है। शिकायतकर्ता पक्ष के बयान दर्ज कर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में पहले भी गोलीबारी की घटनाएं हो चुकी हैं।

## नई दिल्ली में हुआ 13वां यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड्स 2025




**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

उत्तराखंडी गीत-संगीत और फिल्मों को समर्पित 13वें यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड्स 2025 का भव्य आयोजन शनिवार को श्री फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में हुआ। इस अवसर पर उत्तराखंडी फिल्मों जौना, कारा और रिखुली ने खास छाप छोड़ी। कारा की शिवानी भंडारी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया, जबकि जौना के लिए अर्जुन चंद्रा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता सम्मान से नवाज़ा गया। लाइफ टाइम सिने अवार्ड्स के तहत वरिष्ठ चरित्र अभिनेत्री मंजू बहुगुणा और लीजेंडरी गायक गोपाल बाबू गोस्वामी को गंभीर धार्मी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## उत्तराखंड में डीपीएल-4.0 के आयोजन की तैयारियाँ शुरू, समिति ने विज्ञापन और प्रचार-प्रसार के लिए बनाई विशेष समिति

**इस समिति में शामिल किया गया है**

- विजेंद्र गोस्वामी (निदेशक, इंडियास गो) - सलाहकार
- राजेश शर्मा - सलाहकार
- नीलोफर रावत (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, DCDC-) - सलाहकार

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

डिपार्टमेंट क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी ऑफ उत्तराखंड (DCDC-U) ने आगामी डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग (डीपीएल) के सफल आयोजन हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नई समिति का गठन कर दिया है। यह टूर्नामेंट आगामी 1 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 तक उत्तराखंड में खेला जाएगा। कमेटी की हाल ही में सम्पन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विज्ञापन और प्रचार-प्रसार से जुड़े कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने के लिए तीन सदस्यीय सलाहकार समिति गठित की गई।

**समिति की जिम्मेदारियाँ**

समिति का मुख्य कार्य विज्ञापन एवं प्रयोजन से जुड़े सुझाव देना और आयोजन समिति को समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रदान करना होगा। साथ ही समिति का यह भी दायित्व रहेगा कि टूर्नामेंट से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएँ और प्रचार अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हों।

विज्ञापन एवं प्रयोजन के साथ-साथ समिति टूर्नामेंट के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आयोजकों को ठोस सुझाव भी देगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती नीलोफर रावत को इस समिति के माध्यम से न केवल सलाह देने का दायित्व सौंपा गया है, बल्कि उन्हें प्रायोजक दाता खोजने और जोड़ने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।



**सचिव का बयान**

समिति के सचिव सतेंद्र सिंह रावत ने बताया कि- "विज्ञापन, प्रयोजन और प्रचार-प्रसार से जुड़ी गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से यह समिति गठित की गई है। इससे टूर्नामेंट को व्यापक स्तर पर पहचान मिलेगी और अधिक से अधिक दर्शकों तक इसका प्रभाव पहुँचेगा।"

**टूर्नामेंट का महत्व**

डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग (डीपीएल) उत्तराखंड का एक प्रमुख क्रिकेट आयोजन बन चुका है। खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। चौथे संस्करण (डीपीएल 4.0) के सफल संचालन के लिए समिति की ओर से तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं।

उत्तराखंड में अक्टूबर 2025 में होने वाले डीपीएल -4.0 को लेकर डिपार्टमेंट क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। विज्ञापन और प्रयोजन को लेकर बनी नई समिति से उम्मीद की जा रही है कि यह टूर्नामेंट और भी भव्य और यादगार होगा।

# उत्तरकाशी का परशुराम मंदिर : साधना, संस्कृति और जनजागरण का केंद्र

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**

**उत्तरकाशी।** देवभूमि उत्तरकाशी, मां गंगा के तट पर स्थित, सदियों से ऋषि-मुनियों, तपस्वियों और संतों की साधना भूमि रही है। भगवान परशुराम मंदिर, जो भैरव चौक में स्थित है, अत्यंत पूज्यस्थली मानी जाती है। यह मंदिर उत्तरकाशी की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। बचपन में हमनें यहाँ पर अनेकों आयोजनो जैसे पांडव नृत्य कुल देवता कंडर देवता की थाती और अनेक धार्मिक कृत्यों को होते हुए देखा है जो इसकी गौरवशाली परंपरा का साक्षी हैं।

भक्तजन यहाँ माथा टेकने आते हैं, और अनेक ऋषि मुनियों ने भी अपनी साधना की है। शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा ने भी इस पावन भूमि पर अनेक बार कठोर तपस्या की। उन्होंने अपनी पुस्तक सुनसान के सहचर में उत्तरकाशी और गंगोत्री क्षेत्र में किए गए हिमालय यात्राओं और साधनाओं का विस्तार से उल्लेख किया है। योग निकेतन में गंगा तट पर रहकर उन्होंने वेदों का भाष्य किया और गायत्री मंत्र जप की साधना कर भारतीय आध्यात्मिक चेतना की धारा प्रवाहित की।

वर्ष 1971 में शांतिकुंज की स्थापना के बाद भी आचार्य श्रीराम शर्मा उत्तरकाशी में तप साधना के लिए आते रहे। 2026 में गायत्री परिवार अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष और माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जन-जागरण अभियान चला रहा है। उत्तरकाशी में इस अभियान को आगे बढ़ाने में सहायक जिला समन्वय समिति के अध्यक्ष जय स्वरूप बहुगुणा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की पूर्व सयोजक रमेश दत्त भट्ट, मुरली मनोहर भट्ट पूर्व मुख्य ट्रस्टी अजय बडोला, मुख्य ट्रस्टी यशपाल सिंह पयाल, तथा महावीर सिंह रावत, आनंद प्रकाश नौटियाल, नारायण सिंह पंवार, सुनील पंवार, प्रेमलाल विजलावण, मदन पैनयुली, शांति प्रसाद बेलवाल, नरेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल शंभू प्रसाद नौटियाल, शिव प्रसाद मिश्रा, आदि सक्रिय हैं। महिला संयोजिका रेखा पयाल संगीता पयाल, भावना अग्रवाल, शशि नौटियाल, और अन्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से गायत्री मंत्र जप, दीप यज्ञ और भजन-कीर्तन गाँव-गाँव में किए जा रहे हैं। उद्देश्य है -भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के आदर्शों को जन- जन तक पहुँचाना है। अखंड ज्योति मासिक पत्रिका व युग निर्माण योजना के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। साथ ही शान्ति कूंज हरिद्वार में मिशन 2026 की लिए यहां की लोगों को भाव भरा आमत्रण दिया जा रहा है परशुराम मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्व पूर्ण है बल्कि उत्तरकाशी की सांस्कृ -तिक चेतना का भी प्रतीक है। आज भी यह मंदिर साधकों और श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का विशेष रूप मे प्रचलित है



## गुडरिच में नशे के खिलाफ सुमित नेगी की पहल



**जन एक्सप्रेस । विकासनगर**

नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य सुमित नेगी ने गुडरिच में नशे की बढ़ती समस्या पर रोक लगाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्व पूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में सुमित नेगी ने नशे के दुष्प्रभावों पर चिंता जताते हुए युवाओं को इससे दूर रहने की अपील की। उन्होंने, कहा कि नशा समाज और आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है, इसे खत्म करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों के विस्तार, जागरूकता अभियानों और युवाओं के लिए रोजगार व खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नेगी ने कहा कि- यह बैठक पहला कदम है और जल्द ही ठोस योजनाओं के साथ आगे बढ़ा जाएगा। बैठक में ग्राम प्रधान हिमांशु पुंडीर, एसएसआई संदीप पंवार समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने नशे के खिलाफ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



# एटीवी राइड पर निकलीं मोनालिसा



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री मोनालिसा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। उनकी हर नई तस्वीर या वीडियो में उनका अलग और आकर्षक अंदाज देखने को मिलता है, जो लोगों का ध्यान तुरंत खींच लेता है। इस बार उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ नई और दिलचस्प पोस्ट्स शेयर की हैं, जिनमें उनका अनोखा लुक और मस्ती भरा अंदाज साफ नजर आ रहा है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए हैं, जिसमें फैंस को उनका बेहद अलग और मजेदार अंदाज देखने को मिला। वीडियो में वह येलो कलर की एक दमदार ऑल-टेरेन व्हीकल (एटीवी) चलाते हुए नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर जोश और मस्ती साफ झलक रही है, जिससे साफ पता चलता है कि वह इस एडवेंचर को कितना एन्जॉय कर रही हैं। उनके कपड़ों की बात करें तो उन्होंने ब्लैक कलर की स्लीवलेस ड्रेस पहन रखी है, जो उनके लुक को स्टाइलिश बना रही है। उनके चेहरे पर प्यारी मुस्कान साफ दिख रही है। ह्यकुछ अन्य तस्वीरों में भी वह ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिसमें उन्होंने अपने बालों की दो चोटियां बनाई हुई हैं। साथ ही पिंक कलर की चप्पलें उनके कूल लुक को और भी निखार रही हैं। इस अनोखे लुक में मोनालिसा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। पोस्ट के साथ मोनालिसा ने कैप्शन में लिखा है, क्या फन है!

## मिस्ट्री प्रोजेक्ट अलर्ट

### मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने खचाखच भरे फिल्म सेट से दिया हिंट

अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच, मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने एक नई बीटीएस (बिहाइंड-द-सीन्स) झलक साझा कर फैंस को उत्साहित कर दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें एक विशाल प्रोडक्शन सेट दिखाई दे रहा है, जहां भारी लाइटिंग रिग्स, जटिल वेंटिलेशन सिस्टम और क्रू मेंबर्स की भीड़ मौजूद है, जो किसी बड़े प्रोजेक्ट की ओर इशारा कर रहा है। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा- यह एक हाउसफुल है जिससे यह साफ है कि यह एक मज़ेदार टीज़र है जो लोगों की जिज्ञासा को और बढ़ा रहा है। साल 2025 में मालिक और तेहरान जैसी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाकर मानुषी ने दर्शकों का ध्यान खींचा और सराहना भी बटोरी। अब तक उन्होंने जो प्रोजेक्ट्स चुने हैं, वे अलग-अलग जॉनर में रहे हैं–ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि उनका अगला प्रोजेक्ट भी कुछ अनोखा होगा। क्या वह किसी हाई-कॉन्सेप्ट वेब सीरीज़ का हिस्सा हैं? या फिर किसी पीरियड ड्रामा में नज़र आने वाली हैं जिसमें एक बड़ा स्टारकास्ट हो? या शायद कोई हाई-एंड फैशन कमर्शियल जिसमें सिनेमा जैसा फील हो? बैकग्राउंड में नजर आने वाला विंटेज स्टाइल सेट और विशाल स्केल का प्रोडक्शन किसी म्यूज़िक वीडियो या इंटरनेशनल कोलैबरेशन की ओर भी इशारा कर सकता है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, इसलिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और फैन फोरम्स पर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है। चाहे यह फिल्म हो या किसी लग्ज़री ब्रांड का एंडोर्समेंट, एक बात तो तय है–मानुषी छिल्लर अपने फैंस को कयास लगाने पर मजबूर करना अच्छे से जानती हैं। जब तक इस रहस्यमयी प्रोजेक्ट से पर्दा नहीं उठता, तब तक सभी की नजरें उनके सोशल मीडिया और हर BTS हिंट पर टिकी रहेंगी।

## निक्की तंबोली ने उषा नदकर्णी की टिप्पणियों पर दी सफाई



अभिनेत्री निक्की तंबोली ने उषा नदकर्णी की उस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उषा ने निक्की को घमंडी बोला था। निक्की ने स्पष्ट किया कि वह उषा का बहुत सम्मान करती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह उनकी हर बात से सहमत हों या उनकी चापलूसी करें। दरअसल, निक्की तंबोली ने उषा नदकर्णी के इंटरव्यू का एक वीडियो क्लिप अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट किया, जिसके कैप्शन में निक्की ने लिखा, मैं उषा जी का बहुत सम्मान करती हूं। लेकिन सिर्फ इसलिए कि आप सीनियर हैं और मैं जूनियर, इसका मतलब यह नहीं कि मैं आपकी हर बात मानूं या चापलूसी करूं। आप मुझे घमंडी कहकर आंक नहीं सकतीं। मुझे अपनी असलियत पता है और मेरे प्रशंसक भी इसे जानते हैं। आपके लिए मेरे सम्मान के अलावा, किसी और को मुझे जज करने का हक नहीं है। बता दें कि उषा नदकर्णी इंटरव्यू में यह कहती नजर आ रही थी कि निक्की ने उनसे कभी बातचीत शुरू नहीं की और वह मुझे हमेशा घमंडी नजर आई। दोनों ने इस साल सेलिब्रिटी मास्टर शेफ के सेट पर साथ काम किया था। निक्की, जो रियलिटी शो बिग बॉस में फर्स्ट रनर-अप बनकर मशहूर हुई थीं, उन्होंने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने कहा, ऐसे मुश्किल शो में फर्स्ट रनर-अप बनना आसान नहीं था। मैंने अपनी असली शख्सियत के दम पर यह हासिल किया। मेरी फितरत में लोगों की चापलूसी करना नहीं है। मेरे प्रशंसक मुझे मेरे असली रूप के लिए प्यार करते हैं, और उनके साथ मेरा भावनात्मक रिश्ता मेरी असली ताकत है। वहीं, निक्की इन दिनों अपने बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल के साथ अपनी लव लाइफ और घूमने-फिरने में व्यस्त हैं। दूसरी ओर, उषा नदकर्णी हाल ही में तब चर्चा में आईं, जब उन्होंने अंकिता लोखंडे के व्लॉग में बताया कि 80 साल की उम्र में उन्हें अकेले रहने का डर सताता है। पिछले साल जून में उनके छोटे भाई का निधन हो गया था, जिसके बाद से वह अकेलेपन के डर से जूझ रही हैं। उषा ने पवित्र रिश्ता में सविता के किरदार से दर्शकों का दिल जीता था और कई बॉलीवुड व मराठी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया है।



## एक्ट्रेस सुरभि चंदना का यूट्यूब चैनल हुआ हैक, गाने फर्जी की रिलीज टली

**टीवी** की मशहूर अदाकारा सुरभि चंदना इन दिनों अपने म्यूजिक प्रोजेक्ट फील गुड ओरिजनल्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सुरभि ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनका आधिकारिक यूट्यूब और जीमेल अकाउंट हैक हो गया है। इस घटना ने न केवल टीम को बल्कि उनके फैंस को भी एक बड़ा झटका दिया है। इस हैकिंग की वजह से उनका नया गाना फर्जी अब तय समय पर रिलीज नहीं हो पाएगा। सुरभि ने अपने पोस्ट में लिखा कि उनका ट्रैक फर्जी पूरी तरह तैयार था और उसे अपने दर्शकों के साथ साझा करने की पूरी योजना थी। लेकिन जैसे ही अकाउंट हैक हुआ, उन्हें मजबूरन गाने की रिलीज को टालना पड़ा। उन्होंने बताया कि वो यूट्यूब इंडिया और गूगल इंडिया की मदद से अपने अकाउंट को वापस पाने की कोशिश कर रही हैं और उम्मीद है कि जल्द ही सब कुछ फिर से सामान्य हो जाएगा। अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, जिंदगी ने हमें बीती रात एक अनचाहा विराम दे दिया। हमारा फील गुड ओरिजनल्स का आधिकारिक अकाउंट जीमेल और यूट्यूब हैक हो गया और हमने इन तक अपनी पहुंच खो दी। हमारा नया गाना फर्जी आपके सामने पेश किया जाना था, लेकिन किस्मत ने अभी कुछ और ही सोच रखा है। सुरभि ने आगे कहा कि हर विराम एक मजबूत वापसी की तैयारी होती है। उनका मानना है कि कोई तूफान इतना ताकतवर नहीं होता कि संगीत को खामोश कर दे और कोई भी रुकावट इतनी बड़ी नहीं होती जो एक सपने को रोक सके। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका गाना फर्जी जरूर रिलीज होगा और जब वह आएगा तो सिर्फ एक गाना नहीं बल्कि एक जज्बात, संघर्ष और उम्मीद का प्रतीक होगा।

## टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 4 को लेकर सामने आई जानकारी



**बॉलीवुड** के सबसे चर्चित एक्शन फ्रेंचाइजी बागी की चौथी किस्त का इंतजार दर्शकों को लंबे समय से है। टाइगर श्रॉफ अपने दमदार स्टंट्स और हाई-ऑक्टेन एक्शन के लिए जाने जाते हैं। अब उनकी अपकमिंग फिल्म बागी 4 को लेकर जानकारी सामने आ रही है कि इसका ट्रेलर कब लॉन्च होगा और किस अंदाज में दर्शकों के सामने इसे पेश किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक बागी 4 का ट्रेलर 30 अगस्त 2025 को एक बड़े इवेंट में लॉन्च किया जाएगा।

खास बात यह है कि फिल्म की रिलीज डेट यानी 5 सितंबर 2025 से सिर्फ एक हफ्ते पहले यह ट्रेलर सामने आएगा। यानी ट्रेलर लॉन्च के साथ ही फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी जाएगी।

एक दिन पहले ही टाइगर श्रॉफ ने बागी 4 के लेटेस्ट गाने बहली सोहनी को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है... और वाइब हिट हो जाता है.. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह बहली सोहनी है।

### बागी 4 के बारे में

पांच साल के ब्रेक के बाद बागी फ्रैंचाइजी अपनी चौथी किस्त लेकर आ रही है। इस बार फिल्म में भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। साजिद नाडियावाला की इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के अलावा सोनम बाजवा, हरनाज संधू और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है। जबकि फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## पॉडकास्ट करने वालों को करण जौहर ने क्यों लताड़ा



करण जौहर अक्सर ही अपनी फिल्मों और जिंदगी को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कई बातें साझा करते हैं। हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में उन्होंने एक बड़ी सी पोस्ट शेयर की। जिसमें पॉडकास्ट करने वाले लोगों को लेकर नाराजगी जाहिर की। करण जौहर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मैं मीडिया के भरोसेमंद, सम्मानित लोगों का बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन पॉडकास्टर्स ऐसे मेहमानों को बुलाते हैं, जिनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कहीं नहीं बुलाया गया है। वे मेहमान जहर उगलते हैं और हमारी फिल्म इंडस्ट्री के मेहनती और दिग्गज लोगों के बारे में बेहद अपमानजनक बातें कहते हैं।' करण जौहर ने पोस्ट में आगे लिखा, 'यह सब बंद होना चाहिए। फिल्म इंडस्ट्री के लोगों की मौत के बारे में भी भयानक और डरावने खुलासे करने वाले मनोविज्ञानी और ज्योतिषी बहुत असंवेदनशील हैं। यह फ्रीडम ऑफ स्पीज है? क्या यह फॉलोअर्स के लिए क्लिकबेट नहीं है?' करण जौहर ने अपनी पोस्ट में किसी करण जौहर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पॉडकास्ट करने वालों को लताड़ रहे हैं।



## रेजिना कैसेंड्रा ने द वाइव्स का पहला शेड्यूल पूरा किया

वेब सीरीज रॉकेट बॉयज और जाट फिल्म में दमदार किरदार निभाकर सुर्खियों में आने वाली अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा ने अपनी अपकमिंग फिल्म द वाइव्स का पहला शेड्यूल खत्म कर लिया है।

रेजिना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की कुछ मजेदार तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी थी। तस्वीर में वह काले रंग के स्टाइलिश आउटफिट में नजर आईं, उनके हाथ में द वाइव्स लिखा क्लैपरबोर्ड था। रेजिना ने फिल्म की शूटिंग के बारे में आईएएनएस से बात करते हुए कहा, द वाइव्स के शेड्यूल को पूरा करना मेरे लिए एक रोलर-कोस्टर जैसा था। पिछले एक महीने से मैं हिंदी और तमिल के बीच संतुलन बना रही हूं। एक सफल शेड्यूल से दूसरे शेड्यूल की ओर बढ़ रही हूं। जहां बॉलीवुड में मैं मधुर भंडारकर के साथ द वाइव्स कर रही हूं, वहीं कोलिवुड (तमिल सिनेमा) में सुंदर. सी. के साथ मूकुथी अम्मन 2 की शूटिंग कर रही हूं। मुझे अलग-अलग दुनियाओं के बीच आना-जाना पसंद है। यही वो जिंदगी है जो मैंने अपने लिए चाही थी। मैं अपने सपने को जी रही हूं। बता दें, फिल्म द वाइव्स का निर्देशन मधुर भंडारकर कर रहे हैं। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार्स की पत्नियों की चमकदार लेकिन उतार-चढ़ाव भरी जिंदगी को दिखाती है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि इन स्टार वाइव्स की जिंदगी के पीछे क्या-क्या छुपे हुए सच, बड़े विवाद और उनकी शाही लाइफस्टाइल होती है।



## जाह्नवी अपने प्रदर्शन में स्वाभाविकता लेकर आती हैं: सिद्धार्थ मल्होत्रा

**जाह्नवी** कपूर लगातार खुद को भारतीय सिनेमा की सबसे चमकदार और बहुमुखी प्रतिभाओं में से एक के रूप में स्थापित कर रही हैं। सिर्फ सात साल के करियर में उन्होंने विभिन्न शैलियों की फिल्मों में काम किया है, जिससे उन्हें दर्शकों का प्यार और समीक्षकों की सराहना दोनों मिली है। अब, वह एक बार फिर अपने बहुप्रतीक्षित रिलीज़ परम सुंदरी के साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं, जो इस शुक्रवार सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मनमोहक ट्रेलर से लेकर म्यूज़िक तक, जाह्नवी ने पहले ही दर्शकों को अपनी दिलचस्प ट्रांसफ़ॉर्मेशन से प्रभावित कर दिया है, जिसमें वह पहली बार आधी तमिल और आधी मलयाली लड़की का किरदार निभा रही हैं।

## गोविंदा-सुनीता के तलाक की खबर फिर निकली अफवाह, मैनेजर ने बताई सच्चाई



**बॉलीवुड** अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता के तलाक की खबरें काफी दिनों से चर्चाओं में थीं। अब अभिनेता के मैनेजर ने भी इसे सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये सब बस अफवाहें हैं। बता दें, एक समय सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा था कि अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता का तलाक होने वाला है। लेकिन अभिनेता के मैनेजर ने शनिवार को समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए इसे सिरे से खारिज करते हुए बताया कि भले ही कोर्ट में कुछ कागज जमा किए थे, लेकिन वह मामला पहले ही सुलझ गया था। अब गोविंदा और सुनीता के बीच सब कुछ ठीक है। उन्होंने कहा, तलाक से जुड़ी जो खबरें सामने आई हैं, वे पुरानी घटनाओं पर आधारित हैं और फिलहाल दंपत्ति के बीच सब कुछ ठीक है। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह वही 2024 वाला केस है जो सुनीता ने बांद्रा फैमिली कोर्ट में दाखिल किया था, तो उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि हां, यह वही केस है, लेकिन अब मामला सुलझ चुका है। शशि ने आगे बताया, यह पुरानी बात है जो फिर से ताजा खबर की तरह फैल रही है। कोई नई बात नहीं हुई है। मुझे लगातार कॉल आ रही हैं, लेकिन सब ठीक है। कपल के बीच लगभग सब कुछ सुलझ गया है। चिंता की कोई बात नहीं है। हम जल्द ही आधिकारिक बयान भी जारी करेंगे। उन्होंने मीडिया में फैल रही गलत जानकारियों को लेकर नाराजगी जाहिर की और कहा, क्या आपने गोविंदा को इसके बारे में बोलते देखा है? फिल्म इंडस्ट्री और मीडिया में लोग गलतफहमी और भ्रामक जानकारी का फायदा उठाते हैं। कोई मूर्ख व्यक्ति इस विवाद से फायदा उठाना चाहता है। बता दें कि इस साल फरवरी में भी ऐसी खबरें सामने आई थीं कि सुनीता ने तलाक के लिए अर्जी दी है और कानूनी नोटिस भी भेजा है। वहीं, गोविंदा पिछले कुछ महीनों से मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अक्टूबर में बंदूक की सफाई के दौरान उनके पैर में गोली लग गई थी।

साभार एजेंसी

## लाडकी बहिन योजना के अवैध दावेदारों पर गिरेगी गाज, सीएम फडणवीस बोले

# 26 लाख लाभार्थियों की होगी जांच

■ सरकार ने योजना के तहत लाभ लेने वाले 26 लाख से अधिक लोगों की जांच शुरू की है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र सरकार ने साफ कर दिया है कि मुख्यमंत्री 'लाडकी बहिन योजना' का फायदा अब कोई भी अवैध तरीके से नहीं ले पाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार ने योजना के तहत लाभ लेने वाले 26 लाख से अधिक लोगों की जांच शुरू की है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मकसद सही पात्र महिलाओं तक मदद पहुंचाना है, लेकिन अब बड़ी संख्या में गलत दावेदार सामने आ रहे हैं। लाडकी बहिन योजना के तहत केवल एक परिवार की अधिकतम दो महिलाओं को ही लाभ मिल सकता है और उनकी उम्र 21 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लेकिन जांच में सामने आया है कि कुछ परिवारों में दो से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। वहीं, कई ऐसी महिलाएं भी सामने आई हैं जिनकी उम्र तय सीमा से बाहर है।

### 26 लाख लाभार्थियों की होगी जांच

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार किसी भी अवैध दावे को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसलिए राज्य सरकार ने एक बड़े स्तर पर जांच अभियान शुरू किया है। इसमें 26 लाख लाभार्थियों के दावों की गहन पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी को गलत तरीके से लाभ उठाते पाया गया तो उसका खाता तुरंत बंद कर दिया जाएगा और उससे वसूली भी की जा सकती है।

### सख्त कार्रवाई की तैयारी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर महीने मिलने वाले 1,500 रुपये की आर्थिक मदद सही हाथों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच पूरी होने के बाद अवैध दावेदारों को लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। सरकार जल्द ही एक रिपोर्ट जारी करेगी जिसमें यह स्पष्ट होगा कि कितने लोग योजना का गलत तरीके से फायदा उठा रहे थे।

### भ्रष्टाचार और गड़बड़ी रोकने का प्रयास

योजना में गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद सरकार ने जांच का आदेश दिया। अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग गलत जानकारी देकर योजना का लाभ उठा रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि इस तरह की गड़बड़ी पर रोक लगाई जाए और केवल पात्र महिलाओं तक ही सहायता पहुंचे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने दोहराया कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए है, न कि उन लोगों के लिए जो नियमों का उल्लंघन कर फायदा लेना चाहते हैं।

### वोट चोरी का आरोप हार का बहाना

इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस ने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव में हार का ठीकरा वोट चोरी पर फोड़ना केवल अपनी हार को छुपाने और कार्यकर्ताओं को दिलासा देने का बहाना है। उन्होंने कहा कि यह आत्ममंथन का समय है, अन्यथा विपक्ष कभी जीत नहीं पाएगा। फडणवीस का यह बयान महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे 2016 से ही वोट चोरी की बात कर रहे हैं। ठाकरे ने आरोप लगाया था कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भाजपा के अनुराग ठाकुर ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की बात कही, तब चुनाव आयोग को जांच करनी चाहिए थी।

### फडणवीस बोले, दिल बहलाने के लिए ख्याल अच्छा है

मुख्यमंत्री ने व्यंग्य करते हुए कहा, गालिब ने कहा था– दिल बहलाने के लिए ख्याल अच्छा है। विपक्ष भी इसी तरह हार पर साजिश का ठप्पा लगाकर खुद को सांत्वना दे रहा है। फडणवीस ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। राज ठाकरे से मुलाकातों पर उठे सवालों को खारिज करते हुए फडणवीस ने साफ कहा कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी का महायुति गठबंधन अटूट है और चुनाव मिलकर लड़े जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि महायुति आने वाले चुनाव में जीत दर्ज करेगी।

## वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा : मल्लिकार्जुन खरगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है। भाजपा 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है। इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस समितियों के जिलाध्यक्षों की बैठक में खरगे ने दावा किया कि ये विधेयक नागरिकों से उनकी चुनी हुई सरकार बनाने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं और यह शक्ति ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं। यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है। खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों। जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है। वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है। जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों की जरूरत है कि अगर कोई उन्हें प्रलोभन भी दे तो भी उनकी निष्ठा कांग्रेस के प्रति बनी रहनी चाहिए। कांग्रेस ने अपने मजबूत संगठन के कारण लंबे समय तक देश पर शासन किया और मंत्रियों के लिए यह जरूरी है कि वे जब भी किसी जिले में जाएं तो सबसे पहले जिला अध्यक्ष से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और मुझे यह अहसास हुआ कि संगठन को मजबूत किए बिना, जिला अध्यक्षों को महत्व दिए बिना हम मजबूती से सत्ता में वापसी नहीं कर सकते। कांग्रेस प्रमुख ने जिला प्रमुखों से गुटबाजी से बचने और संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने का भी आग्रह किया। आपको सभी को एकजुट रखना होगा। गुटबाजी को पनपने न दें। जब कांग्रेस एकजुट रहेगी, तभी हम चुनाव जीतेंगे।

### कांग्रेस की सबसे मजबूत कड़ी हैं जिला प्रमुख

उन्होंने हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिलाध्यक्षों से कहा कि वे कांग्रेस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। अगर राज्य में सरकार बनानी है तो विधानसभा में उम्मीदवार को जिताने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर देश में सरकार बनानी है तो लोकसभा जीतने के लिए आपके समर्थन की जरूरत है। बीच में इस परंपरा में थोड़ा बदलाव आया। मंत्री अपने पसंदीदा लोगों को जिला अध्यक्ष बनाने लगे। योग्यता और विचारधारा को नजरअंदाज किया जाने लगा।

### मतदाता सूची का निरीक्षण करते रहें

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी थी कि किस तरह कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर एक साजिश के तहत रणनीतिक तरीके से वोट चुराए गए। हमें यह सब छह महीने के शोध के बाद पता चला। चुनाव आयोग ने पहले तो कोई जवाब नहीं दिया। अब पूरा देश इसे समझ रहा है। बिहार में एसआईआर पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के बयान को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है।

### महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो

मानसून सत्र को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्ष चाहता था कि संसद चले और जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार नहीं चाहती थी कि एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) और वोट चोरी जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हो। भाजपा एसआईआर जैसी योजनाओं से हमारे लोगों के वोट काटती रहेगी। जिला अध्यक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हमें पूरे पांच साल सावधान रहना है। हमें अपनी मतदाता सूची की गहन जांच करते रहना होगा ताकि अगर भाजपा के लोग या बीएलओ हमारे लोगों के नाम काटते हैं, तो हम उन्हें तुरंत पकड़ सकें।

## निक्की मर्डर केस : पुलिस एनकाउंटर में आरोपी पति के पैर में लगी गोली, भागने की कोशिश कर रहा था विपिन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में निक्की हत्याकांड का मुख्य आरोपी पति विपिन पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के साथ पुलिस की सिरसा चौराहे के पास मुठभेड़ हुई। पुलिस ने घायल को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हिरासत से भागने का प्रयास कर रहा था। थाना कासना पुलिस आरोपी पति विपिन भाटी को हिरासत में लेकर घटना में इस्तेमाल ज्वलनशील पदार्थ की बरामदगी के लिए ले जा रही थी। आरोपी उपनिरीक्षक से पिस्टल छीनकर भागा और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी में फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में विपिन भाटी गोली लगने से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। वहीं, दहेज की मांग को लेकर पत्नी निक्की की हत्या के आरोपी विपिन भाटी ने अस्पताल में कहा कि ÷मैंने नहीं मारा है न मैंने कुछ किया है वो अपने आप आत्महत्या की है, पत्नी और पति में हर जगह लड़ाई होती है ये कोई नई बात नहीं है...।

### यह है पूरा मामला

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के कासना कोतवाली इलाके के सिरसा गांव में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की क्रूरता से हत्या कर दी गई। ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को बर्बरता से पीटा और फिर उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जिंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसने पर महिला की बहन उसे पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गई, दो अस्पताल बदले, लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। दिल दहलाने वाली घटना के बाद मृतका महिला की बहन और परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रूपबास गांव के रहने वाले भिकारी सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री कंचन (29) और निक्की (27) की शादी दिसंबर 2016 में सिरसा गांव के रहने वाले रोहित और उसके भाई विपिन से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और सभी सामान दिया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल के लोग 35 लाख रुपये की मांग करने लगे।

## दर्दनाक हादसे में ट्रैफिक पुलिस की इलाज के दौरान हुई मौत

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे पर ड्यूटी के दौरान हुए चार पहिया चालक की लापरवाही से हुए दर्दनाक हादसे में घायल ट्रैफिक पुलिसकर्मी विपिन कुमार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद से पुलिस महकमे में शोक की लहर छा गई है। बीते दिनों भारी ट्रैफिक के दौरान यातायात वव्यवस्था को संभालने के दौरान एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने विपिन कुमार को जोरदार टक्कर मारी थी। वायरल वीडियो में टक्कर इतनी भीषण दिख रही थी कि वह कई फीट हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे थे। गंभीर चोटों के चलते उन्हें पास के ही मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी रही, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद वे जिंदगी की जंग हार गए।

## जस्टिस जेबी पारदीवाला के आदेशों से सुप्रीम कोर्ट में उलझन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस जेबी पारदीवाला के हाल के आदेशों ने शीर्ष अदालत को उलझन में डाल दिया है। पिछले एक महीने के भीतर उनकी अध्यक्षता वाली पीठ की तरफ से दिए गए तीन बड़े आदेशों पर इतना विवाद हुआ कि अंततः मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई को दखल देना पड़ा।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट पर टिप्पणी

पहला मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ा था। जस्टिस पारदीवाला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज प्रशांत कुमार की सख्त आलोचना की थी। उनका कहना था कि प्रशांत कुमार ने एक सिविल विवाद में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देकर गंभीर गलती की है। इसके बाद उन्होंने आदेश दिया कि अब से प्रशांत कुमार को उनकी रिटायरमेंट तक कोई भी क्रिमिनल केस न दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ जजों को यह आदेश पसंद नहीं आया और उन्होंने अपनी नाराजगी सीजेआई गवई तक पहुंचाई। इसके बाद सीजेआई ने जस्टिस पारदीवाला से अपने आदेश पर पुनर्विचार करने को कहा। 8 अगस्त को जस्टिस पारदीवाला ने अपनी टिप्पणियां हटा दीं और साफ किया कि उनका मकसद न तो अपमान करना था और न ही बदनामी फैलाना।

### आवारा कुत्तों पर आदेश

दूसरा बड़ा मामला दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते आवारा कुत्तों से जुड़े हादसों का था। जस्टिस पारदीवाला की बेंच ने कहा कि बच्चों पर कुत्तों के हमले और रेबीज के मामलों से हालात बेहद गंभीर हैं। उन्होंने आदेश दिया कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को स्थायी रूप से पकड़कर शेल्टर होम्स में रखा जाए। इस आदेश का कड़ा विरोध हुआ। कुत्ता प्रेमियों और कई पशु-कल्याण संगठनों ने इसे अत्यधिक कठोर बताया। नतीजतन, सीजेआई गवई ने यह केस जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच को सौंप दिया। 22 अगस्त को इस नई बेंच ने आदेश को संशोधित करते हुए कहा कि कुत्तों को नसबंदी, टीकाकरण और कीड़े मारने की दवा के बाद फिर से छोड़ा जाएगा।

### हिमाचल प्रदेश में पर्यावरणीय संकट

तीसरा मामला हिमाचल प्रदेश के पर्यावरणीय असंतुलन से जुड़ा था। 28 जुलाई को जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि स्थिति नहीं बदली तो पूरा हिमाचल प्रदेश नक्शे से गायब हो सकता है। पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, राजस्व कमाना ही सब कुछ नहीं होता। पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर पैसा नहीं कमाया जा सकता। हालांकि इस मामले को भी जस्टिस पारदीवाला से हटाकर जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ को सौंप दिया गया है।

### जस्टिस पारदीवाला का परिचय

जस्टिस जामशेद बुर्जोर पारदीवाला का जन्म 12 अगस्त, 1965 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने 1985 में वलसाड के जेपी आर्ट्स कॉलेज से स्नातक किया और 1988 में केएम लॉ कॉलेज, वलसाड से कानून की डिग्री हासिल की। वे वलसाड, दक्षिण गुजरात के एक वकीलों के परिवार से आते हैं। 9 मई, 2022 को उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया था। वे मई 2028 से दो साल के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बनने वाले हैं।

# गगनयान मिशन की तैयारी तेज

## इसरो ने किया पहला सफल एयर ड्रॉप टेस्ट, सशस्त्र बलों ने भी की मदद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज कर दी है। इसरो ने रविवार को पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन किया। इसके तहत एयर ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। इसमें सशस्त्र बलों ने भी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की मदद की। इसरो ने एक्स पर लिखा कि गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित डीसेलेशन सिस्टम के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए पहला एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल का संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

### गगनयान मिशन क्या है?

गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। यान को इसी साल लॉन्च करने की योजना है। पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

### सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम का काम पूरा

हाल ही में इसरो ने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा किया था।हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है।

### गगनयान और भविष्य की योजनाएं

इसरो की आगामी योजनाओं का खाका भी सामने आया। साल के अंत तक गगनयान–1 मिशन लॉन्च होगा, जिसमें मानव–रोबोट 'व्योममित्रा' अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। 2027 में भारत अपनी पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान करेगा। इसके बाद 2028 में चंद्रयान–चार, शुक्र मिशन और 2035 तक भारत अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना की योजना है। मंत्री ने कहा कि 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा गया है।

## 'मतदाताओं को भटकाने की कोशिश कर रहा विपक्ष'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोट अधिकार यात्रा के अंतर्गत 24 अगस्त को अररिया पहुंचे। यहां भी राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग पर जनता का वोट चुराने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि वे महाराष्ट्र या हरियाणा की तरह बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें लगातार ऐसे लोग मिल रहे हैं जिन्हें मृत बताकर उनका वोट काट दिया गया है। हालांकि, राहुल-तेजस्वी के वोट चोरी के आरोपों के बीच उनकी ही पार्टियों ने अभी तक चुनाव आयोग के पास किसी मतदाता के नाम में संशोधन के लिए आवेदन नहीं किया है। चुनाव आयोग ने गलत आधार पर किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल करने से छूटने या कटने पर उसके संशोधन के लिए एक महीने का समय दिया था। यह समय सीमा एक सप्ताह में समाप्त होने वाली है। लेकिन एक वाम दल को छोड़ अभी किसी बड़े राजनीतिक दल ने मतदाता सूची में बड़े बदलाव के लिए आवेदन नहीं किया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) ने दस नामों पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। निजी तौर पर 1,21,143 लोगों ने चुनाव आयोग को आवेदन कर मतदाता सूची में संशोधन की मांग की है। इतने बीएलए, लेकिन मतदाता सूची पर कोई प्रश्न नहीं चुनाव आयोग के अनुसार, विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण में सबसे बड़े विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के 47,506 और कांग्रेस के 17,549 बीएलए काम कर रहे हैं। इसके अलावा वामदलों के 899 और 1496 बीएलए एसआईआर में सहयोग दे रहे हैं। (वामपंथी नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने बीएलए की संख्या पर भी सवाल खड़े किए हैं)। ये बीएलए किसी एक क्षेत्र के नहीं, बल्कि पूरे बिहार से हैं। लेकिन चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, एक वाम दल को छोड़ किसी बड़ी पार्टी ने मतदाताओं का नाम काटने या जोड़ने के लिए अब तक संपर्क नहीं किया है। विपक्ष ने कहा- नाम जोड़ने-काटने की प्रक्रिया लंबीराहुल गांधी ने रविवार की प्रेस कांफ्रेंस में एक बार फिर कहा कि वे बिहार में हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक की तरह वोटों की चोरी नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पर उनके सवालों के जवाब अब तक नहीं दिए गए हैं।

## डॉग लवर्स युवती की पिटाई के बाद सोसायटी निवासी हुए आंदोलित



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद


विजयनगर थानाक्षेत्र स्थिति ब्रह्मपुत्र एनक्लेव सोसायटी में डॉग लवर्स और आम नागरिक के झड़प का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है। डॉग लवर्स युवती को पीटने वाले निवासी के खिलाफ पुलिस ने भले कार्यवाही कर दिया हो लेकिन युवती के दबंगई और व्यवहार को लेकर अब सोसायटी के आम नागरिक सड़को पर उतर आए है। रविवार को विजयनगर थाने के जल निगम चौकी पर दर्जनों परिवार पहुंचकर प्रदर्शन किया और उन्हें आवरा कुत्तों और डॉग लवर्स के नाम पर दबंगई करने वालों से निजात दिलाने की मांग किया। नागरिकों ने आरोप लगाया कि डॉग लवर्स युवती कई साल से सोसायटी के माहौल को भयग्रस्त कर रखा है। उसके द्वारा दर्जनों आवारा कुत्तों को पाला जाता है। जिसके कारण अन्य आवारा कुत्तों की फ़ौज सोसायटी में अपना निवास सा बना लिया है। जो हमारे बच्चों और परिजनों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इससे अब पुलिस निजात दिलाए।

### डॉग लवर्स के नाम पर युवतियों की टीम सक्रिय

गाजियाबाद जनपद में अधिकांश सोसायटी अथवा कालोनियों में महिलाएं और युवतियों की टीम ज्यादा डॉग लवर्स के रूप में सक्रिय हैं। जिसमें कभी भी कोई घटना घटित होती है तो डॉग लवर्स की महिला कार्यकर्ता आगे आकर शिकायतकर्ता का विरोध करती हैं। कानूनी पचड़ों से बचने के लिए सोसायटी निवासी अथवा महिलाएं पीछे हो जाती हैं। अब सोसायटी लगातार सक्रिय हो रहीं हैं। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए आदेश के बाद प्रशासनिक दायित्व निभाने को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। सोसायटी निवासी की मांग है कि डॉग लवर्स ही आवारा कुत्तों की पूरी जिम्मेदारी निभाए और कोई घटना दुर्घटना होती है तो पुलिस उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही भी करें। जिससे सामाजिक संतुलन और सामंजस्य बना रहे ।

## जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ इसके भयंकर परिणाम देखने पड़े : शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद या विधानसभाएं बहस और चर्चा की जगह हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। शाह ने अखिल भारतीय सभापति सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बात कही। संसद का मानसून सत्र विपक्ष के विरोध के चलते बार-बार बाधित हुआ और सत्र के दौरान काफी कम काम हुआ। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित बहस या चर्चा होती है, तो इससे राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। अमित शाह ने कहा लोकतंत्र में बहस होनी ही चाहिए। लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए, विपक्ष के नाम पर सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। देश को इस पर विचार करना होगा, जनता को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा। शाह ने कहा कि सभी चर्चाओं में सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा और सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो।% हस्तिनापुर में द्रौपदी के अपमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है, देश को इसके भयंकर परिणाम देखने को मिले हैं। गृह मंत्री ने आजादी के बाद से भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सराहना की और कहा कि यहां लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सत्ता परिवर्तन के दौरान खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)